2041 तक मुस्लिम राज्य बन जाएगा असम... 12

जमानत के बाद बाहर आते युवकों को मनबढ़ों ने पीटा 10

जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 276
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
शनिवार | 20 जुलाई, 2024

क्राउडस्ट्राइक के अपडेट से दुनियाभर में 1 हजार फ्लाइट कैंसिल, बैंक, स्टॉक मार्केट और टीवी चैनल पर भी असर

एयरपोर्ट, बैंक, हास्पिटल से लेकर इमरजेंसी सर्विसेज सब ठप

- माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर ठप होने के बाद यूके का स्काई न्यूज हुआ ऑफ एयर
- क्राउडस्ट्राइक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम में क्रिटिकल एरर
- दुनियाभर में कई बैंक, मीडिया हाउस और एयरलाइंस का कामकाज हुआ ठप
- सिस्टम, लैपटॉप पर अचानक आने लगा ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ वाला मैसेज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी आने से दुनिया भर में उड़ानें बाधित हुई हैं और बैंकों का कामकाज ठप हुआ है। माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर ठप होने के बाद यूके का स्काई न्यूज हुआ ऑफ एयर हो गया है। दुनिया के ज्यादतर देशों में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज यूजर्स को शुक्रवार को बड़े पैमाने पर परेशानी से जूझना पड़ा है। आधिकारिक सूत्रों ने दी जानकारी में बताया कि अधिकांश यूजर्स को उनके कंप्यूटरों पर विंडोज का सिग्नेचर ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर देखने को मिला है। इसने कई उद्योगों को प्रभावित किया है, जिसमें एयरपोर्ट, टेलीविजन न्यूज स्टेशन और वित्तीय संस्थान शामिल हैं। माइक्रोसॉफ्ट कॉर्प की क्लाउड सर्विसेज में तकनीकी समस्या आने के चलते आज भारत सहित दुनियाभर में बड़े पैमाने पर उड़ानें प्रभावित हुईं। इसके अलावा दुनिया के अधिकांश देशों में बैंकों की सेवा बाधित हुई है। वही, कुछ फ्लाइट्स को कैंसिल करना पड़ा तो कुछ उड़ानें डिले हुई हैं, जबकि बुकिंग और चेक-इन भी नहीं हो पा रहा है।



किन देशों में सेवाओं पर असर

● अमेरिका ● ब्रिटेन ● सिंगापुर ● फ्रांस ● ऑस्ट्रेलिया ● न्यूजीलैंड

किन-किन सेवाओं पर असर

● टीवी चैनल्स ● बैंकिंग ● एयरपोर्ट ● स्टॉक एक्सचेंज ● रेलवे

कंपनी ने क्या कहा?

रिकॉर्डेड मैसेज में कहा गया कि क्राउडस्ट्राइक से संपर्क करने के लिए धन्यवाद। क्राउडस्ट्राइक फाल्कन सेंसर से संबंधित विंडोज पर क्रैश की रिपोर्ट से अवगत है। क्राउडस्ट्राइक का मुख्यालय टेक्सास के ऑस्टिन में है। यह एक ग्लोबल सिक्योरिटी फर्म है जो डेटा सिक्योरिटी के लिए एडवांस प्लेटफॉर्म मुहैया कराता है। रिपोर्ट के मुताबिक शुक्रवार को क्राउडस्ट्राइक अपडेट के कारण माइक्रोसॉफ्ट ऑपरेटिंग सिस्टम में क्रिटिकल एरर आया जिससे दुनिया भर में लाखों लोग प्रभावित हुए।

लैपटॉप, सिस्टम पर ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ

हालांकि बाद में कंपनी ने कथित तौर पर कहा कि मध्य अमेरिकी क्षेत्र में उसके क्लाउड सेवा व्यवधान का समाधान हो गया है। टीवी चैनलों, बैंकों, हास्पिटल, एयरपोर्ट और इमरजेंसी सर्विसेज को प्रभावित करने वाला वैश्विक साइबर आउटेज साइबर सुरक्षा फर्म क्राउडस्ट्राइक से जुड़ा है। आईटी सुरक्षा फर्म क्राउडस्ट्राइक ने शुक्रवार को एक रिकॉर्डेड फोन मैसेज जारी किया । इसमें कहा गया कि उसे माइक्रोसॉफ्ट के विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम पर उसके फाल्कन सेंसर से संबंधित क्रैश की रिपोर्ट की जानकारी है। इस गड़बड़ी के कारण यूजर्स को कम्प्यूटर और लैपटॉप की स्क्रीन पर 'ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ' संदेश दिखाई दे रहे थे। अकासा एयरलाइंस ने कहा कि मुंबई और दिल्ली एयरपोर्ट पर उसकी कुछ ऑनलाइन सर्विसेज अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं हैं। एयरलाइन ने कहा कि बुकिंग, चेक-इन सर्विसेज सहित हमारी कुछ ऑनलाइन सेवाएं अस्थायी रूप से अनुपलब्ध रहेंगी। स्पाइसजेट ने बताया कि हम वर्तमान में उड़ान व्यवधानों पर अपडेट देने में तकनीकी समस्या का सामना कर रहे हैं।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा- जल्द बहाल होंगी सेवाएं

माइक्रोसॉफ्ट आउटेज पर बीजेपी नेता और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री तथा केंद्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, "Microsoft 365 और Microsoft सुइट का इस्तेमाल लाखों भारतीय करते हैं। इस प्लेटफॉर्म पर कोई भी आउटेज कई कंपनियों के व्यवसाय और संचालन को बाधित करता है। मुझे उम्मीद है कि माइक्रोसॉफ्ट इसे बहाल करेगा। मुझे विश्वास है कि भारत सरकार माइक्रोसॉफ्ट के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करेगी कि सेवाएं यथाशीघ्र बहाल हो जाएं।

भाजपा सांसद राजीव प्रताप रूडी का बयान

हम एक वैश्विक आउटेज के बारे में बात कर रहे हैं। माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड कंप्यूटिंग सिस्टम विफल हो गया है। मैं आपको आश्वस्त कर सकता हूं कि यह उड़ान भरने वाली या संचालित होने वाली एयरलाइनों को प्रभावित नहीं करता है। इसने बैक-एंड सेवाओं को प्रभावित किया है जिसमें बुकिंग, चेक-इन शामिल हैं। आईएनएस, आदि। जहां तक उड़ानों की सुरक्षा का सवाल है, इससे कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

उड्डयन मंत्री ने दिया भोजन-पानी उपलब्ध कराने का आदेश

नागरिक उड्डयन मंत्री राममोहन नायडू ने कहा, मैंने हवाई अड्डे के अधिकारियों और एयरलाइंस को विमानों देरी से प्रभावित यात्रियों के लिए अतिरिक्त बैठने की जगह, पानी और भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। हम आपकी चिंताओं को समझते हैं और आपकी सुरक्षित और यात्रा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। आपके धैर्य और सहयोग की अत्यधिक सराहना की जाती है।

क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर

माइक्रोसॉफ्ट ऐज्योर क्लाउड कंप्यूटिंग प्लेटफॉर्म है। ये एप्लिकेशन और सर्विसेज को बनाने, डिप्लॉय और मैनेज करने का काम करता है। वहीं माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोडक्टिविटी सॉफ्टवेयर है, जिसमें वर्ड, एक्सेल, पावरपॉइंट, आउटलुक और वन नोट जैसे लोकप्रिय एप्लिकेशन शामिल हैं।

सिस्टम क्रैश होने पर आती है ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ

ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एक क्रिटिकल एरर स्क्रीन है जो विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम पर दिखाई देती है। ऐसा तब होता है जब सिस्टम किसी गंभीर समस्या के कारण क्रैश हो जाता है जो इसे सुरक्षित रूप से काम करने से रोकता है। जब यह एरर होता है, तो कंप्यूटर ऑटोमेटिकली रिस्टार्ट हो जाता है, और जो डेटा सेव नहीं किया गया है उसके खो जाने की संभावना होती है।

अमेरिकी एयरलाइंस की सेवाएं शुरू

करीब 5 घंटे के आउटेज के बाद अमेरिकी एयरलाइंस की सेवाएं शुरू हो गई हैं। इसी बीच इंडोगो ने कहा है कि फ्लाइट कैंसिल हो गई हैं। रिफंड क्लेम और दोबारा बुकिंग की सेवा फिलहाल उपलब्ध नहीं है।

बैंगलूरू एयरपोर्ट पर सुबह 10:40 से आ रही दिक्कत

बैंगलूरू इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) का कहना है, नेविटेयर डिपार्चर कंट्रोल सिस्टम (डीसीएस) के साथ एक वैश्विक आउटेज जुलाई को सुबह 10:40 बजे के बाद से हवाई अड्डे सहित उनके नेटवर्क में कुछ एयरलाइनों के संचालन को प्रभावित कर रहा है। ञ1 में इंडिगो, अकासा और स्पाइसजेट और टी2 में एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रभावित एयरलाइनों में से हैं। इस आउटेज में कॉमन यूज टर्मिनल इक्विपमेंट और कॉमन यूज सेल्फ सर्विस सिस्टम भी व्यवधान का सामना कर रहे हैं।

अमेरिका में रेल सेवा बंद

लंदन और सिंगापुर में कई प्रमुख तेल और गैस ट्रेडिंग डेस्क साइबर आउटेज के कारण अपना काम नहीं कर पा रहे हैं। एलएसईजी समूह के वर्कस्पेस समाचार और डेटा प्लेटफॉर्म को भी रुकावट का सामना करना पड़ा है। वाशिंगटन डीसी ने सभी ट्रेन सेवाओं को निलंबित कर दिया है।

मैक्स अस्पताल भी हुआ प्रभावित

क्राउडस्ट्राइक का इस्तेमाल मैक्स अस्पताल के सिस्टम में एंडपॉइंट एंटीवायरस के तौर पर होता है। आज के इस आउटेज से सुबह करीब 10 बजे से मैक्स की रोगी देखभाल और अन्य काम में इस्तेमाल होने वाले सॉफ्टवेयर प्रभावित हुए हैं। मैक्स अस्पताल के एक प्रवक्ता ने बताया कि वहां भी मैनुअल तरीका अपनाया जा रहा है।

इन एयरलाइंस की सेवाएं हुईं ठप

भारत में इंडिगो, स्पाइसजेट और आकासा एयरलाइंस की सेवाएं प्रभावित हुई हैं। भारत के अलावा अमेरिका में फ्रंटायर, एलिगेंट और सनकंट्री जैसी बड़ी एयरलाइंस कंपनियों की सेवाएं माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज के कारण ठप हो गई हैं। इस आउटेज के कारण एयरलाइंस कंपनियों के बुकिंग, चेक-इन, बोर्डिंग, वेब चेक-इन जैसी सभी सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

बैंक से लेकर बिजनेस तक ठप

माइक्रोसॉफ्ट क्लाउड आउटेज के कारण दुनिया के कई बैंकों के काम भी ठप पड़ गए हैं। इसके अलावा वे बिजनेस भी प्रभावित हुए हैं जो क्लाउड पर निर्भर थे। इसके कारण कई बिजनेस के आईटी नेटवर्क प्रभावित हुए हैं।

सीएम योगी का बड़ा फैसला: कांवड़ मार्ग में दुकानों पर लिखना होगा नाम, हलाल प्रोडक्ट बेचने पर होगी कार्रवाई

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। उधर, इस फैसले का अखिलेश यादव और मायावती ने कड़ा विरोध किया है।

गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते जैसे नामों से क्या पता चलेगा: अखिलेश

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढ़ती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को लेकर मुजफ्फरनगर पुलिस ने नया फरमान जारी किया है कि ठेले-ढाबे सहित सभी दुकानदार अपना नाम बाहर जरूर लिखें। इसके पीछे सरकार की मंशा अल्पसंख्यक वर्ग को समाज से अलग बांटने और उन्हें शक के दायरे में लाने की है। जिसका नाम गुड्डू, मुन्ना, छोटू या फत्ते है, उसके नाम से क्या पता चलेगा। अखिलेश ने कहा कि भाजपा की नीति और नीयत दोनों विभाजनकारी हैं, जिसे जनता समझ चुकी है। उन्होंने मांग की कि न्यायालय स्वतः संज्ञान ले और प्रशासन के पीछे के शासन तक की मंशा की जांच करवाकर उचित कार्यवाही करे।

मुजफ्फरनगर पुलिस का आदेश बिगाड़ सकता है माहौल: मायावती

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि कांवड़ यात्रा मार्ग के दुकानदारों का नाम लिखने का मुजफ्फरनगर पुलिस का फरमान गलत परंपरा है। यह सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ सकता है। जनहित में प्रदेश सरकार को इस आदेश को तत्काल वापस लेना चाहिए। बसपा सुप्रीमो ने एक्स पर जारी अपने बयान में कहा कि पश्चिमी यूपी व मुजफ्फरनगर के कांवड़ यात्रा रूट में पड़ने वाले सभी होटल, ढाबा, ठेला आदि के दुकानदारों को मालिक का पूरा नाम प्रमुखता से प्रदर्शित करने का नया सरकारी आदेश गलत परंपरा है। वहीं दूसरी ओर उन्होंने संभल जिले में स्कूली बच्चों के जूते उतारने के मामले पर कहा कि जिला प्रशासन द्वारा सरकारी बेसिक स्कूलों में शिक्षक व छात्रों को कक्षा में जूते-चप्पल उतार कर जाने का अनुचित आदेश भी चर्चा में है। इस मामले में भी राज्य सरकार को तत्काल ध्यान देना चाहिए।

प्रियंका गांधी बोलीं, आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए

वहीं कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि हमारा संविधान हर नागरिक को गारंटी देता है कि उसके साथ जाति, धर्म, भाषा या किसी अन्य आधार पर भेदभाव नहीं होगा। उत्तर प्रदेश में ठेलों, खोमचों और दुकानों पर उनके मालिकों के नाम का बोर्ड लगाने का विभाजनकारी आदेश हमारे संविधान, हमारे लोकतंत्र और हमारी साझी विरासत पर हमला है। समाज में जाति और धर्म के आधार पर विभाजन पैदा करना संविधान के खिलाफ अपराध है। यह आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए और जिन अधिकारियों ने इसे जारी किया है, उन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

यूपी की जमीन पर फूंक कर कदम रख रही भाजपा

लोकसभा चुनाव में यूपी में खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी नेतृत्व अब यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कोई रिस्क लेना नहीं चाहता

जन एक्सप्रेस। डॉ.वैभव शर्मा

- सूत्रों के अनुसार पार्टी गठबंधन के सहयोगी दलों को भी उपचुनाव में कुछ सीट दे सकती है
- अभी तक सभी 10 सीट पर भाजपा अपने प्रत्याशी उतारने जा रही थी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में भाजपा फूंक फूंक कर कदम रख रही है। लोकसभा चुनाव में यूपी में खराब प्रदर्शन के बाद पार्टी नेतृत्व अब यूपी में 10 सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कोई रिस्क लेना नहीं चाहता। सूत्रों के अनुसार पार्टी गठबंधन के सहयोगी दलों को भी उपचुनाव में कुछ सीट दे सकती है। अभी तक सभी 10 सीट पर भाजपा अपने प्रत्याशी उतारने जा रही थी। माना जा रहा है कि केंद्र में एनडीए गठबंधन की सरकार और उत्तर प्रदेश में अपनी धाक को बनाए रखने के लिए शीर्ष नेतृत्व ने यह निर्णय लिया है। अब तक सभी 10 सीटों पर चुनाव लड़ने का मूड बना रही भाजपा ने थोड़ी नरमी दिखाई है। यूपी में होने वाले 10 विधानसभा सीटों के उपचुनाव में अब एनडीए सहयोगियों को भी सीटें मिलेंगी। जिसमें एक सीट रालोद और 1 सीट निषाद पार्टी, जबकि अपना दल को भी एक सीट मिल सकती है। इस रणनीति के पीछे पार्टी की मंशा है बतौर एनडीए गठबंधन की शक्ल में वह एक बार फिर जनता के सामने मजबूत धड़े के रूप में पेश हो। अभी तक खबर आ रही थी कि बीजेपी सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। हालांकि रालोद, निषाद पार्टी और अपना दल भी दावा ठोक रहे थे। रालोद तीन तो निषाद पार्टी दो सीटों पर दावेदारी कर रहा था। जिसके बाद बीजेपी ने सहयोगियों के साथ गठबंधन के तहत चुनाव लड़ने का प्लान बनाया है।

रालोद को मीरापुर, फूलपुर सीट अपना दल और मझवां सीट निषाद पार्टी को मिल सकती है

प्लान के तहत यूपी उपचुनाव में बीजेपी रालोद को एक सीट दे सकती है। रालोद को बीजेपी मीरापुर सीट दे सकती है। जबकि मझवां सीट निषाद पार्टी को मिल सकती है। इस सीट पर अपना दल ने भी चुनाव लड़ने की मंशा जताई है। बताया जा रहा है कि फूलपुर सीट बीजेपी अपना दल को दे सकती है।

गठबंधन की एकजुटता के लिए यह जरूरी

जानकारी के मुताबिक सहयोगी दलों के नेताओं और पार्टी संगठन के बीच इस बाबत चर्चा अंतिम दौर में है। जल्द ही सीटों को फाइनल कर इसका ऐलान कर दिया जाएगा। कहा जा रहा है कि गठबंधन की एकजुटता के लिए यह काफी अहम है।

कांग्रेस और सपा में भी सीट को लेकर फंसा पेच

दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन के तहत सपा और कांग्रेस चुनाव में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। हालांकि पेच सीटों को लेकर फंसा है। कांग्रेस चार सीट मांग रही है जबकि समाजवादी पार्टी दो ही सीट देने के मूड में हैं।

कानपुर एक्सप्रेस

कानपुर और उन्नाव

की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें

खेती में अत्यधिक फर्टिलाइजर का परिणाम है 'कैंसर ट्रेन': योगी आदित्यनाथ

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

- सिर्फ इंसान ही नहीं पशु-पक्षी भी फर्टिलाइजर की अधिकता से हो रहे बीमार: योगी
- देश में कई ऐसे इलाके थे जहां हरित क्रांति से पहले भी कृषि उत्पादन अधिक था: मुख्यमंत्री
- यूपी में जल्द एक कृषि विश्वविद्यालय होगा प्राकृतिक खेती को समर्पित: मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश के एक राज्य में कृषि कार्य में अत्यधिक फर्टिलाइजर के उपयोग का हश्र ये हुआ कि आज वहां से कैंसर ट्रेन चलानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि हरित क्रांति से कृषि उत्पादन जरूर बढ़ा, मगर ये अधूरा सच है। आज फर्टिलाइजर की अधिकता के कारण एक धीमा जहर% हमारी धमनियों में घुस रहा है। ये दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों पर ही नहीं पड़ा है, बल्कि पशु-पक्षी भी इससे बुरी तरह से प्रभावित हो रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि देश में कई इलाके ऐसे भी थे जहां प्राकृतिक ढंग से भी कृषि उत्पादन अधिक था। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी में जल्द ही एक कृषि विश्वविद्यालय को प्राकृतिक खेती के लिए समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को राजधानी लखनऊ में प्राकृतिक खेती के विज्ञान पर क्षेत्रीय परामर्श कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

हमें इतिहास के पन्नों को फिर से पलटना होगा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे। वहीं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सीएम योगी ने कहा कि हरित क्रांति का लाभ अन्न उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में हुआ है, मगर ये अधूरा सच है। हमें 17वीं और 18वीं सदी के भारत के उन प्रांतों में प्राकृतिक खेती से होने वाले उत्पादन दर को भी देखना होगा जब धरती अपने प्राकृतिक स्वरूप में थी और अन्न उत्पादन भी ज्यादा था। सीएम योगी ने कहा कि हमें खेती को लेकर पिछले सौ-डेढ़ सौ वर्ष में जो पढ़ाया गया है, उसमें और पुराने समय के विज्ञान में कितना अंतर है। हमें इतिहास के पन्नों को फिर से पलटना होगा। हरित क्रांति के बाद जब खेती में फर्टिलाइजर का उपयोग हुआ तो कुछ समय तक उत्पादन तो बढ़ा, मगर आज एक स्लो प्वाइजन के रूप में वह हमारी धमनियों में घुसता जा रहा है।

सर्टिफिकेशन लैब्स को अपग्रेड कीजिए, धन सरकार देगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें बीज से लेकर बाजार तक कृषि उत्पादों के प्राकृतिक स्वरूप को बनाए रखना होगा। यूपी में इसके लिए बड़ी संभावना है। हमारे पार देश की 12 प्रतिशत भूमि है। यूपी में देश की 17 प्रतिशत आबादी रहती है। हम देश के खाद्यान का 20 प्रतिशत उत्पादन करते हैं। हमारे पास पर्याप्त जल संसाधन है। हमें आज की आवश्यकता के अनुरूप उस क्वालिटी पर ध्यान देना होगा जो हमारे हैपिनेस इंडेक्स को ऊंचाई पर ले जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी सरकार ने इस दिशा में कार्य प्रारंभ किया है। हमारे पास अभी 4 कृषि विश्वविद्यालय हैं, पांचवां बनने जा रहा है। 89 कृषि विज्ञान केंद्र हैं और दो केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय हैं। हमने कह रखा है कि प्राकृतिक खेती से जो भी प्रोडक्ट आता है, उसके सर्टिफिकेशन के कार्यक्रम को तेज गति से आगे बढ़ाना है। बीज से इसकी शुरुआत हो और बाजार तक पहुंचने पर अच्छा दाम मिल सके, ऐसी व्यवस्था कर रहे हैं हम। हमने प्रदेश के कृषि विश्वविद्यलयों को कह दिया है कि सर्टिफिकेशन लैब्स को अपग्रेड कीजिए, धन सरकार देगी।

गाय भी बर्दाश्त नहीं कर पा रही फर्टिलाइजर वाला चारा

सीएम योगी ने कहा कि फर्टिलाइजर का दुष्प्रभाव केवल मनुष्यों में ही नहीं देखने को मिल रहा बल्कि पशु-पक्षी भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमरोहा में निराश्रित गोवंश आश्रय स्थल में 12 से 14 गाय अचानक मर गईं, जब हमने वहां विशेषज्ञ भेजे तो ये पता लगा कि चारे में बड़े पैमाने पर फर्टिलाइजर मिला था, जिसके कारण उनकी मौत हुई। हमें समझना होगा कि जब गाय अत्यधिक फर्टिलाइजर को बर्दाश्त करने की स्थिति में नहीं है तो मनुष्य की स्थिति क्या होगी।

▶ संबंधित खबर पेज 05 पर

जिलाधिकारी ने ली विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जी एन की अध्यक्षता में शुक्रवार को सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से विकास कार्यों एवं 50 लाख से अधिक लागत के निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

जिलाधिकारी ने डीसी एनआरएलएम को निर्देश दिए कि स्वयं सहायता समूह की ग्रेडिंग की रैंकिंग बहुत कम है, अग्रणी जिला प्रबंधक से समन्वय स्थापित कर बैंकों के माध्यम से स्वयं सहायता समूह को ऋण वितरण कराया जाए। परियोजना निदेशक से कहा कि प्रधानमंत्री आवास निर्माण में विकासखंड कर्वी की प्रगति बहुत खराब है, इसमें सुधार कराया जाए। जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि स्वच्छ भारत मिशन फेज टू के अंतर्गत कार्य योजना बनाकर प्रगति कराई जाए। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन की बैठक भी कराए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से कहा कि किसानों की फसलों को देखते हुए निराश्रित गोवंशों को शासकीय गौशालाओं में शत प्रतिशत संरक्षित कराया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने 50 लाख रुपए से अधिक लागत के निर्माण कार्यों में राजकीय महाविद्यालय पाही, उद्यमिता प्रशिक्षण केन्द्र, पर्यटन सुविधा केन्द्र, पर्यटन के कार्यों, सूचना संकुल भवन, डिफरेंट कॉरिडोर, जल जीवन मिशन के कार्यों, बहुद्देशीय क्रीडा हाल, थाना भरतकूप, सरधुआ के आवासीय अनावासीय भवन निर्माण, सर्किट हाउस निर्माण, वृहद गौ आश्रय केन्द्रों के निर्माण, ड्रग वेयरहाउस आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्यदाई संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो भी विकास कार्यों के निर्माण कार्य चल रहे हैं और उनमें प्रगति ठीक नहीं है, निर्माण कार्यों को शासन की मंशा के अनुरूप समय सीमा के अंदर गुणवत्ता पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, उसमें अगर भूमि सम्बन्धी कोई समस्या हो तो उसको तत्काल अवगत कराया जाए ताकि निस्तारित कराया जा सके। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए कि पर्यटन विकास के जो कार्य कराए जा रहे हैं, उन कार्यों की प्रगति के बारे मे डीपीआर सहित अवगत कराया जाए।

इस मौके पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, प्रभागीय वनाधिकारी नरेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ बंदना श्रीवास्तव, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, परियोजना निदेशक डीसी एनआरएलएम ओमप्रकाश मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी पंकज कुमार मिश्रा, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक अनुराग शर्मा, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ, विद्युत दीपक सिंह आदि मौजूद रहे।

खण्ड शिक्षाधिकारी ने शिक्षकों को दिया समस्या निराकरण का आश्वासन

जन एक्सप्रेस। पहाड़ी, चित्रकूट

खंड शिक्षाधिकारी पहाड़ी से उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की ब्लाक इकाई पहाड़ी के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात करके ज्ञापन सौंपा। साथ ही शिक्षकों से सम्बन्धित समस्याओं पर चर्चा की गयी। शिक्षकों के अवरुद्ध वेतन के प्रत्यावेदनों एवं शिक्षकों के चयन वेतनमान, ऑनलाइन अवशेष देयकों का ससमय निस्तारण, पटल सहायकों के कार्यों का विभाजन, सफाईकर्मी द्वारा स्कूल न आने के विषय पर सम्बन्धित ज्ञापन दिया गया। खंड शिक्षा अधिकारी ने आश्वस्त किया कि शिक्षकों से प्राप्त समस्त प्रत्यावेदनों पर टीप लगाते हुए मंगलवार तक जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय भेज दिया जाएगा। सफाईकर्मी के विद्यालयों में सफाई न करने के विषय पर बीडीओ पहाडी से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि शिक्षकों से सम्बन्धित सभी समस्याओं का ससमय निस्तारित किया जाएगा। इस मौके पर जिला सचेतक अशोक त्रिपाठी, जिला उपाध्यक्ष विजय शुक्ला, ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय, ब्लाक मंत्री अमित यादव, ब्लाक संघर्ष समिति अध्यक्ष अवधेश कुमार पाण्डेय, ब्लाक उपाध्यक्ष अनुजनारायण पाण्डेय, रामभूषण पाण्डेय, माहताब अली, राजेश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

जमीन में गड़ा धन खोदने वालों पर जताई नाराजगी

जन एक्सप्रेस/कालपी। लालची प्रवृत्ति के व्यक्ति प्राचीन धर्म स्थल के आसपास की जमीनों में गड़े धन को निकालने के चक्कर में खुदाई करने के कारनामे से वाज नहीं आ रहे हैं। मोहल्ला तरीबुल्ला में स्थित शिव मन्दिर में रात को किसी ने जमीन में सम्भावित गड़ा धन को निकालने के लिये मन्दिर के हिस्से में गढ्ढा खोद दिया। नगर के मोहल्ला तरीबुल्दा में शिव मंदिर स्थापित है। हिन्दू वादी संगठन के सदस्यों ने बताया हैं कि बीती रात को अज्ञात बदमाशों ने मंदिर के नीचे संभावित जेवरात एवं धन गड़ा होने की सम्भावना की वजह से खुदाई कर डाली। सुवह मंदिर के हिस्से में खुदाई को देखकर के आसपास के नागरिकों में चर्चा होने लगी। खबर पाकर हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ता दीपक शर्मा, नीलाभ शुक्ला आदि लोग मौके पर पहुंचे।

बैंक राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे होने पर कर्मचारियों में जश्न

जन एक्सप्रेस। कालपी

19 जुलाई को बैंक राष्ट्रीयकरण के 55 वर्ष पूरे हो गए है। यह हमारे लिए जश्न मनाने का महत्वपूर्ण अवसर है क्योंकि एआईबीईए ने बैंको के राष्ट्रीयकरण के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। यह बात एमलाइज यूनियन के जिला मंत्री रवि कुमार ने बताई। उन्होंने कहा कि बैंको का राष्ट्रीयकरण की मांग एआईबीईए के संस्थापना के समय से ही हमारे केन्द्रीय संगठन के गर्भ में थी। उसके बाद दो दशकों तक हमारे अभियान, हमारे आंदोलन और कड़वे संघर्ष के बाद इस मांग को हासिल किया गया। उन्होने बताया कि 55 साल पहले जब 19 जुलाई 1969 को 14 बैंको का राष्ट्रीयकरण किया गया तब किसी ने नहीं सोचा था कि बैंके भी किसी देश की अर्थव्यवस्था और उसके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। पर गत वर्षों में बैंकिंग सेवाओं का जो विकास, जो विस्तार हुआ है उससे समाज के हर वर्ग, हर क्षेत्र में इनकी सेवाओ ने ये साबित कर दिखाया।उन्होने बताया क्योंकि सभी बैंक निजी क्षेत्र में थे और उन पर पूजींपतियों का स्वामित्य और नियंत्रण था और उन्हें केवल अपने मुनाफे की चिंता थी, देश की जनता की जरूरतों की परवाह नहीं थी। बैंकिंग सेवा आम जनता के लिए सुलभ नहीं थी। तब एआईबीईए ने इस देशभक्ति से पूर्ण बैंको के राष्ट्रीयकरण की माँग को उठाया ताकि बैंको को आर्थिक विकास और प्रगति का सारथी बनाया जा सके। गत 55 वर्षों में जनता की अनमोल बचत उनके बचत खातों में जमा हुई।

मण्डलायुक्त ने डीएम व एसपी के साथ ली पौधरोपण सम्बन्धी बैठक

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन, पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में पौधरोपण के सम्बन्ध में बैठक कलेक्टरेट सभागार में हुई।

मंडलायुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री द्वारा 5 जून को पेड लगाया गया एवं नाम दिया गया एक पेड मां के नाम। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की अपेक्षानुसार जनपद की हरियाली एवं बढते प्रदूषण तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा हरित आवरण में वृद्धि के लिए जन आंदोलन के माध्यम से 20 जुलाई तक नामित नोडल प्रभारी व जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पौधरोपण कराया जाए। उन्होंने कहा कि जो पौधारोपण किया जा रहा है, उसकी सेल्फी मेरी लाइफ ऐप पर डाउनलोड भी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य वन नीति में व्यापक स्तर पर जन सामान विशेष कर महिलाओं, विद्यार्थियों, कृषकों, दिव्यांग जनों, दृष्टिबाधित, पूर्व सैनिकों, समाज के अल्प आय वाले व्यक्तियों एवं वनों के समीप रहने वाले ग्राम वासियों के सहयोग से वानीकी कार्य को जन सहभागिता के रूप में चलाई जाने का जरूरत है। उन्होंने सभी विभागों से पौधरोपण के चिन्हित स्थल, पौधों की वैरायटी, गढ्ढा के खोदाई एवं सुरक्षा के बारे में जानकारी की। साथ ही निर्देशित किया कि पौधे लगाने के साथ ही उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कराए। उन्होंने कहा कि अन्य पौधों के साथ आम अमरूद, करौंदा आदि फलदार वृक्षों का भी रोपण कराए।

प्रभागीय वनाधिकारी डॉ एनके सिंह ने बताया कि जनपद में गढढों की खुदाई की रिपोर्ट आ गई है, उसी की सापेक्ष वन भूमि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, निजी भूमि, कृषि, शिक्षण संस्थानों के साथ ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में 7400735 पौधों का लक्ष्य दिया गया है। साथ ही लगभग सभी विभागों द्वारा पौधों का उठान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि पौधरोपण नजदीकी पौधशाला से नजदीकी ग्राम पंचायत व संस्थाओं को पौधा वितरण भी किया जाएगा। साथ ही कहा कि जनपद के चिन्हित स्थल पर प्रदेश भर में 948 पुराने पौधे विरासत के रूप में लगाए जाएंगे।

मंडला आयुक्त ने कहा कि पौधारोपण के लिए जनपद का अच्छा प्रयास है और अच्छी तैयारी चल रही है। सभी पौधे 20 जुलाई तक लग जाना चाहिए। यह पूरे प्रदेश में अभियान के रूप में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एक पेड मां नाम पर लगे। कहा कि यह कार्यक्रम सफल हुआ तो प्रदेश में जनपद का नाम होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि जो दिशा निर्देश मिला है, उसका अक्षरशः पालन किया जाएगा। साथ ही कहा कि टीम पूरी तन्मय के साथ लगी हुई है।

प्रभागीय वनाधिकारी ने मंडल आयुक्त, जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी को रुद्राक्ष का पौधा भेंट किया। इसके बाद मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, वरिष्ठ कोषाधिकारी, उप जिलाधिकारी कर्वी ने मोलशीरी का पौधा रोपित किया।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चंद्र निगम, उप जिलाधिकारी सदर सौरभ यादव, मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ राकेश कुमार पाठक, राजापुर प्रमोद कुमार झा, उप जिलाधिकारी मोहम्मद जसीम अहमद, उपनिदेशक रानीपुर टाइगर रिजर्व नरेंद्र सिंह, कृषि उप निदेशक राजकुमार, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डीसी एनआरएलएम ओम प्रकाश मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ भूपेश द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सुभाष चंद्र, अपर प्रभागीय वनाधिकारी राजीव रंजन सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बीके शर्मा आदि मौजूद रहे।

फर्जी दस्तावेजों से मकान हड़पने पर तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। कालपी

धोखाधड़ी व कूटरचित दस्तावेजों को तैयार करके मकान हड़पने के मामले में पीड़ित की शिकायत पर न्यायालय के आदेश पर तीन नामजदों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया गया हैं।

वादी रामप्रकाश पुत्र रामनरायण निवासी मनकी कुरारा हाल मुकाम मुहल्ला राजघाट कालपी ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपियों भिखारीलाल पुत्र मुन्नूलाल निवासी देवकली हाल निवास राजघाट कालपी, रामऔतार पुत्र रामलाल, वीरेंद्र वर्मा पुत्र हरदयाल निवासी के द्वारा प्रार्थी के बिना जानकारी में मेरी फोटो लगाकर मेरे मकान नंबर 286 के कूटरचित दस्तावेज इकरारनामा तैयार किया है।

इकरारनामे में प्रार्थी के हस्ताक्षर नहीं है और ना ही फोटो है। फर्जी दस्तावेज तैयार करके मकान हड़पने के मामले की जानकारी होने पर पहले कालपी कोतवाली में प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र दिया था, इसके बाद न्यायालय के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की। सिविल जज जूनियर डिवीजन कालपी के आदेश पर कालपी कोतवाली पुलिस के द्वारा तीन नामजदों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। इस मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र सिंह चंदेल के द्वारा शुरू कर दी गई है।

युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जन एक्सप्रेस/उरई। कोतवाली क्षेत्र के कांशीराम कालोनी में युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर की कांशीराम कालोनी में रहने वाला युवक अभय कुमार 20 वर्ष रजिस्ट्री ऑफिस में प्राइवेट तौर से काम करता था। जिसके पिता जगदेव, मां निशीबाला और बहन एक धार्मिक कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए हरियाणा गए हुए थे, जबकि अभय पिछले कुछ दिनों से घर पर अकेला था। जिसने गुरुवार रात को दुपट्टे का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। शुक्रवार सुबह जब उसकी मां ने उसे फोन किया, तो उसने फोन न उठाया। तब मां ने पड़ोसियों को क्वार्टर में जाने को कहा। इसके बाद पड़ोसियों ने क्वार्टर में अभय का शव दुपट्टे से लटका पाया। जिसकी जानकारी घरवालों के साथ-साथ पुलिस को दी और पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल अभय के परिवार के लोग उरई के लिए हरियाणा से निकल चुके हैं, जबकि आस पड़ोस के लोग घटना की वजह के बारे में कुछ नहीं बता पाए हैं।

लौढ़िया प्रधान ने डीएम से की पंचायत सचिव की शिकायत, कहा– फर्जी बिल लगाकर करा लिया भुगतान

- प्रधान चंपा ने बताया हमें नहीं हुई जानकारी और हो गया भुगतान
- शाखा प्रबंधक आर्यावर्त बैंक मनिकपुर की भूमिका संदेहास्पद

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मानिकपुर विकास खण्ड की ग्राम पंचायत लौढिया माफी मे तैनात ग्राम विकास आधिकारी द्वारा फर्जी तरीके से भुगतान कराए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान ने डीएम को शिकायती पत्र देकर पंचायत सचिव पर फर्जी बिल लगाकर भुगतान किए जाने का आरोप लगाया है।

शिकायती पत्र में बताया कि चेक में मेरे फर्जी हस्ताक्षर कर लाखो रुपए का फर्जी भुगतान करा लिया है। जबकि टेंडर दूसरे फर्म को मिला था, लेकिन भुगतान किसी और फर्म के नाम कराया गया है। पीड़ित प्रधान ने सचिव पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

मानिकपुर विकास खण्ड के ग्राम पंचायत लौढिया माफी में तैनात सचिव उत्कर्ष सिंह पर ग्राम प्रधान चंपा देवी ने फर्जी भुगतान का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी से शिकायत कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। प्रधान ने बताया गौशाला संचालन हेतु प्राप्त धनराशि का भूसा क्रय करने हेतु ग्राम पंचायत लौढिया माफी में टेंडर प्रक्रिया की गई है। जिसमें शिवम ट्रेडर्स की कोटेशन दर सबसे कम पाए जाने पर शिवम ट्रेडर्स से भूसा क्रय किया गया है। जिसके बिल-बाउचर पत्रावली में रक्षित है। जिसका नियमानुसार भुगतान शिवम ट्रेडर्स को किया जाना चाहिए था, लेकिन सारे नियमों को दरकिनार करते हुए शारदा इंटरप्राइजेज के नाम कर दिया है। जो नियमानुसार पूर्णतः गलत और गैरकानूनी है। प्रधान चंपा देवी ने सरकारी धनराशि हड़पने का आरोप लगाते हुए विधिक कार्रवाई की मांग की है।

शाखा प्रबंधक के भूमिका संदेह के घेरे में

लौढिया माफी प्रधान का आरोप हाय कि, फर्जी भुगतान कराने मामले में शाखा प्रबंधक आर्यावर्त बैंक मानिकपुर को इस मामले से अवगत कराते हुए कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन आज तक किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इस पूरे मामले में शाखा प्रबंधक की मिलीभगत से फर्जी भुगतान किया गया है।



BOIIND-AB-Chq.
No. 253832 for amt
268250.00 Fvg. SHARDA ENTERPRISES has been presented in CLEARING today. Chq. will be passed if otherwise in order Please contact your BRANCH immediately if not issued or have any doubt.

BOIIND-AB-Chq.
No. 253833 for amt
279000.00 Fvg. SHARDA ENTERPRISES has been presented in CLEARING today. Chq. will be passed if otherwise in order Please contact your BRANCH immediately if

रिश्तेदार के ड्रेडर्स के नाम कर दिया भुगतान

गौशाला संचालन हेतु प्राप्त धनराशि का भूसा क्रय करने हेतु ग्राम पंचायत लौढिया माफी में टेंडर प्रक्रिया कराई गई थी। जिसमें शिवम ट्रेडर्स की कोटेशन दर सबसे कम पाए जाने पर शिवम ट्रेडर्स को टेंडर मिला था, जिससे भूसा क्रय किया गया है। जिसके बिल-बाउचर पत्रावली में सुरक्षित भी है। जिसका नियमानुसार भुगतान शिवम ट्रेडर्स को किया जाना चाहिए था, लेकिन सारे नियम और कायदों को दरकिनार करते हुए शारदा इंटरप्राइजेज के नाम कर दिया है। जो ग्राम विकास आधिकारी उत्कर्ष सिंह का रिश्तेदार है। खाता संख्या – 232410210000045 आर्यावर्त बैंक शाखा मानिकपुर के शारदा इंटरप्राइजेज के नाम चेक संख्या – 253832 द्वारा 2,68250 रुपए का वा चेक संख्या – 253833 द्वारा 279000 रूपए का भुगतान बगैर ग्राम प्रधान के हस्ताक्षर के फर्जी तरीके से कर दिया गया है। जो गैरकानूनी और पूर्णतः गलत है।

मेडिकल कॉलेज की छत से बीमार अधेड़ ने लगाई छलांग, मौत

जन एक्सप्रेस/उरई। जालौन कस्बा निवासी अजब सिंह उम्र 50 बर्ष नाम के व्यक्ति को 17 जुलाई को कुछ लोगों ने राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। उसको सीने में चोट लगने की शिकायत थी। डाक्टरों ने इमरजेंसी के बाद 17 जुलाई को ही उसे मरीजों वाले वार्ड में शिफ्ट कर दिया था। भर्ती कराने के बाद उससे मिलने के लिए कोई भी परिजन मेडिकल कालेज नहीं पहुंचा था। डाक्टर उसका इलाज भी समय से कर रहे थे। शुक्रवार की दोपहर को बारिश हो रही थी। इसी दौरान अजब सिंह भवन की छत पर चढ़कर उसने तीसरी मंजिल से छलांग लगा दी। जैसे ही वहां के कर्मचारियों ने उसे कूदते देखा तो तुरंत मेडिकल प्रशासन के अधिकारियों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कर्मचारियों ने तुरंत उसे इलाज के लिए इमरजेंसी में भर्ती कराया। लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना पुलिस को दी गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी ने बताया कि मरीज के कूदने की सूचना पर इंस्पेक्टर को भेजा गया था।

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

कांवड़ मेला–2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए मेला विशेष रेलगाड़ियों को संचालित करने के संबंध में दिनांक 14.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में आंशिक संशोधन किया गया है और निम्न उल्लेखित रेलगाड़ियां इनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों से संचालित की जायेंगी :–

मेला विशेष रेलगाड़ियां

रेलगाड़ी संख्या 04324/04323
हरिद्वार–दिल्ली–हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन	प्रस्थान
–	15:45	हरिद्वार	04:25	–
20:50	–	दिल्ली	–	22:00

चलने की तिथि: 04324 हरिद्वार से और 04323 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव: ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश–दिल्ली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी

रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन	प्रस्थान	स्टेशन	रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन	प्रस्थान
–	20:35	योग नगरी ऋषिकेश	11:00	–
04:15	–	दिल्ली	–	04:45

चलने की तिथि: 04330 योग नगरी ऋषिकेश से और 04329 दिल्ली से दिनांक 22.07.2024 से 02.08.2024 तक।
स्थान : सामान्य।
ठहराव : रायबाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

* अन्य विवरण पूर्ववत रहेंगे।

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

2210/24
रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें :– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें
पर हमें फॉलो करें
आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे सदैव आपकी सेवा में
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

मुख्य अभियन्ता ने रसिन व बरुवा डैम में हरिशंकरी पौधे लगाकर की पौधरोपण की शुरुआत

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

मुख्य अभियंता (बेतवा), सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश झांसी अंबुज कुमार द्विवेदी तथा अधीक्षण अभियंता बांदा श्याम जी चैबे एवं अधीक्षण अभियंता महोबा चंद्रशेखर कुमार मंगलम ने रसिन बांध पहुंच कर प्रस्तावित बरुवा-रसिन लिंक परियोजना के विषय में जानकारी ली। साथ ही बरुवा बांध पर चल रहे बरुवा रेस्टोरेशन के कार्यों की परियोजना एवं बरुवा मुख्य नहर की परियोजना का निरीक्षण किया। मुख्य अभियन्ता अंबुज कुमार द्विवेदी ने वर्षाकाल में बांध की मिट्टी के काटन को रोकने के लिए डैम स्लोप में घास लगाने के निर्देश दिए, जिससे डैम पर डाली गई नई मिट्टी की कटान को रोका जा सके। साथ ही सभी कार्यों को शासन के प्राथमिकता पर समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। मुख्य अभियंता द्वारा मानिकपुर विकास खंड में पन्हाई टैंक, जरेरा टैंक के सीपेज नियंत्रण तथा सकारौंह बंधी के कार्यों का भी निरीक्षण किया। सभी अधिकारियों ने पौधरोपण के अंतर्गत 20 जुलाई को लगने वाले पौधरोपण की शुरुआत त्रिशंकरी पौध बरुवा डैम कालोनी में लगाकर शुरूआत किया। इस मौके पर अधिशासी अभियंता एस के प्रसाद, सहायक अभियंता गुरु प्रसाद, रूपेश कुमार पांडेय, फूल सिंह, भीषम चंद, जूनियर इंजीनियर अजय कुमार, जय प्रकाश, देवेंद्र शुक्ला, अवधेश कुमार, विजय कुमार, संतोष कुमार, मनोज कुमार, चंद्रकांत गुप्ता आदि मौजूद रहे।

नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म के वांछित गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित, वारण्टी की गिरफ्तारी के क्रम में कोतवाली कर्वी पुलिस टीम ने नाबालिक लडकी को बहला फुलसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। कोतवाली कर्वी प्रभारी निरीक्षक उपेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि बीती 23 जून को वादी द्वारा कोतवाली कर्वी में सूचना दी थी कि राजू उर्फ बलराम निवासी सभापुर तरांव उनकी नाबालिक पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले गया। इस सूचना पर कोतवाली कर्वी में राजू उर्फ बलराम के विरूद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी ने लडकी की बरामदगी एवं आरोपी की गिरफ्तारी के लिए उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा को निर्देशित किया। उप निरीक्षक अनिल कुमार मिश्रा एवं आरक्षी नीलेश कुमार द्वारा नाबालिक लडकी को बरामद कर राजू उर्फ बलराम निवासी सभापुर तरांव को गिरफ्तार किया गया।

ताजिया देखने गए गृहस्वामी, चोरों ने चटकाए ताले

- सोने चांदी की कीमती आभूषण समेत नगदी लेकर हुए फरार

जन एक्सप्रेस। उरई

कोतवाली क्षेत्र के उमरारखेरा में चोरों ने सुने घरों के ताले चटका दिए। जहां से चोर सोने चांदी के आभूषण व नगदी समेटकर रफूचक्कर हो गए। शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरार खेड़ा निवासी जावेद खान घर में ताला डालकर परिवार समेत ताजिया देखने जेल के पीछे गया था। कुछ देर बाद जब वह वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला। जिसे देख उनके होश उड़ गए। गृह स्वामी जब घर के अंदर दाखिल हुआ तो घर में अलमारी व बक्से के ताले टूटे हुए पड़े मिले। जिनमें दो सोने के हार कीमती करीब तीन लाख रूपये, तीन सोने की अंगूठी कीमती 70 हजार रूपये, एक सोने की मनचली कीमती करीब 18 हजार रूपये, दो जोड़ी सोने की झुमकी कीमती करीब 22 हजार रूपये, एक सोने की नथ कीमती करीब 16 हजार रूपया, दो चाँदी की पायल कीमती करीब 17 हजार रूपये, एक चॉदी का हथफूल कीमती करीब 50 हजार रूपये, एक चॉदी की जंजीर कीमती करीब छह हजार रूपये, एक चाँदी की ब्रासलेट कीमती करीब तीन हजार रूपये व 90 हजार रूपये नकद अलमारी में रखे हुये थे। पीड़ित ने मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी।

जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन करते हुए जांच पड़ताल शुरू की है।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 20 जुलाई 2024

मौसम पूर्वानुमान

पूर्वानुमान
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 19 से 21 जुलाई, 2024 के मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की वर्षा होने के आसार है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 40.8 (+5.9)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 29.4 (+2.7)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 83 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 54 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 9.1 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पूर्व
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

तय समय में बनाने होंगे बिजली के फाल्ट, उपभोक्ता को राहत न मिलने पर देना होगा जुर्माना

निर्धारित समय पर पूरा करना होगा काम

घरेलू तार टूटना	दो घंटे
सामान्य फ्यूज उड़ना	दो घंटे
दोबारा कनेक्शन जोड़ना	तीन घंटे
ट्रांसफार्मर जलना	10 घंटे
केबल क्षतिग्रस्त	तीन घंटे
अंडरग्राउंड फॉल्ट	नौ घंटे

जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। बिजली उपभोक्ताओं की मांग पर तय समय सीमा में उपलब्ध करानी होंगी सुविधाएं। वहीं घंटों गुल रहने वाली बिजली व्यवस्था को सुधारने के लिए प्रदेश में पहली बार मुआवजे की व्यवस्था शुरू होने जा रही है। कॉल न उठाने, कनेक्शन, बिल संशोधन समेत अन्य कामों में देरी पर भी मुआवजे का प्रावधान रखा गया है। केस्को की ओर से यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार के निर्देश पर बेहतर बिजली आपूर्ति की दिशा में बनाई गई है। इसकी शुरुआत कानपुर में केस्को विभाग से हो चुकी है।

इसके लिए उपभोक्ताओं को हेल्पलाइन नंबर 18001801912 या केस्को मुख्यालय में बने विद्युत उपभोक्ता सहायता केंद्र में शिकायत करनी होगी। मुआवजा की राशि 50 रुपये से लेकर 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से हो सकती है। उपभोक्ता को अगर लगता है

कि उसको निर्धारित सुविधा नहीं मिल रही है तब वह मुआवजे का हकदार हो सकता है। इसमें कई घंटे तक बिजली गुल रहना, कनेक्शन और बिल संशोधन में देरी भी शामिल है।

केस्को निदेशक राकेश वार्ष्णेय ने कहा कि, उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा के लिए कंज्यूमर ग्रीवांस रिडेंसल फोरम सर्किल और कंपनी स्तर पर कार्य कर रही है। केस्को में सबसे पहले सारी फोरम गठित हुई हैं। आयोग के निर्देश पर खंड और उपखंड स्तर पर भी लागू करने की तैयारी चल रही है।

केस्को की कंपनसेशन कमेटी करेगी मामलों की जांच

केस्को की कंपनसेशन कमेटी बिजली संबंधी मामलों की मुआवजाओं की जांच के लिये सुप्रीटेंडेंट इंजीनियर-थ्री डीपी सिंह और पीए टेक्निकल श्रीकांत रंगीला की निगरानी में कंपनसेशन कमेटी बनाई गई है। कमेटी मामलों की जांच करेगी और अपनी रिपोर्ट केस्को एमडी को सौंपेगी। एमडी इस पर सुनवाई करेंगे। अगर 45 दिन से अधिक समय होने पर भी सुनवाई नहीं हुई, तो उपभोक्ता विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम में शिकायत कर सकेंगे। केस्को की ओर से यह व्यवस्था उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन अरविंद कुमार के निर्देश पर बेहतर बिजली आपूर्ति की दिशा में बनाई जा गई है।

वकीलों ने प्रदर्शन कर मनाया काला दिवस

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर में शुक्रवार को कानपुर कचहरी के शताब्दी गेट पर दि लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पंडित रविंद्र शर्मा की अगुवाई में तहसील बिल्हौर और घाटमपुर क्षेत्र के न्यायिक क्षेत्राधिकार को कानपुर कोर्ट परिसर में वापस लाने के लिए धरना प्रदर्शन के माध्यम काला दिवस मनाया गया और एक ज्ञापन मुख्यमंत्री को भेजा गया है।

संघर्ष समिति के संयोजक पण्डित रवीन्द्र शर्मा ने कहा कि आज से 11 वर्ष पूर्व आज ही के दिन कानपुर नगर की तहसीलो बिल्हौर एवं घाटमपुर के न्यायिक क्षेत्राधिकार को माती कानपुर देहात भेज दिया गया था जिसकी नगर वापसी हेतु संघर्ष समिति ने धरना प्रदर्शन किया, मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया, जल सत्याग्रह किया न्याय अधिकार यात्रा निकालने सहित आंदोलन के क्रम में राज्यपाल उपमुख्यमंत्री कानून मंत्री कैबिनेट मंत्री राज्य मंत्री सांसदों विधायकों सहित राजस्व परिषद के अध्यक्ष से मिली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय में मिल वादकारियों और अधिवक्ताओं को प्रतिदिन होने वाली समस्याओं से अवगत कराया। अंततः मांग को जनहित में पाते हुए प्रदेश सरकार की संस्तुति पर महामहिम राज्यपाल द्वारा 14 जून 2019 को गजट जारी कर दोनों तहसीलों का न्यायिक क्षेत्राधिकार माती कानपुर देहात से वापस कानपुर नगर में जोड़ दिया गया। आरोप लगाया कि महामहिम के निर्देश के बाद भी आज तक क्षेत्राधिकार वापस नहीं लाया गया है। प्रमुख रूप से शैलेश त्रिवेदी, अरविंद दीक्षित, संजीव कपूर शिवम गंगवार, अतुल सिंह, राकेश सिद्धार्थ, अनूप जैसवाल, गायत्री मिश्रा, विपिन वर्मा, एम डी सिंह, नवनीत पाण्डे, एस के त्रिपाठी गौरांग त्रिवेदी पंचानन यादव अनिल बाबू राम नवल कुशवाहा नूर आलम राजुल श्रीवास्तव आदि रहे।

किसानों को ऊसर से प्रभावित भूमि पर खेती करने के लिए दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर पर निक्रा परियोजना के अंतर्गत ऊसर भूमि सुधार एवं जलवायु अनुकूल फसलों की विभिन्न प्रजातियां विषय पर शुक्रवार को पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। जिसमें मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने किसानो को ऊसर एवं ऊसर से प्रभावित भूमि को सुधार कर उसमें खेती करने के लिए जानकारी दी। उन्होंने ऊसर भूमि की पहचान के लिए बताया कि इसमें लवणों की अधिकता होती है व ऐसी भूमि में कृषि उत्पादन कम होता है। ऊसर भूमि बनने के कारणों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि जमीन को परती छोड़ देना, पेड़ों की अंधाधुंध कटाई,कम बारिश ज्यादा तापमान, आदि इसके प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि ऊसर भूमियों को सुधारने के लिए भूमि में ढैचा बुवाई तथा मेड़बंदी और जिप्सम मिक्सिंग का कार्य अवश्य करना चाहिए। वरिष्ठ गृह वैज्ञानिक डॉ.मिथिलेश वर्मा ने बताया कि किसान ऊसर सहनशील विभिन्न फसलों की प्रजातियां को बोएं जिससे उन्हें ऊसर भूमियों में भी उत्पादन एवं उत्पादकता अधिक प्राप्त हो सके। उद्यान वैज्ञानिक डॉ.अरुण कुमार सिंह ने ऊसर भूमियों में बागवानी के लिए किसानो को बताया कि ऊसर भूमियों में फलदार पेड़ जैसे जामुन, बेल, अमरूद, आंवला, लसोड़ा, शहतूत, नींबू, करौंदा आदि की बागवानी करें व छायादार पौधे के लिए सहजन, नीम, करंज, महुआ आदि की बागवानी कर अधिक लाभ अर्जित कर सकते हैं। प्रशिक्षण में प्रगतिशील किसान राम अवतार, राम शंकर, सियाराम एवं अशोक कुमार सिंह सहित 25 से अधिक किसानों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

जिला पदाधिकारियों संग बैठक कर वृक्षारोपण अभियान पर दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । प्रदीप शर्मा

कानपुर टीकेशव नगर स्थित भाजपा दक्षिण पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने जिला पदाधिकारियों एवं मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर बूथ स्तर पर चलने वाले वृक्षारोपण अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर 20 जुलाई को बूथ स्तर पर विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। जिसमे पार्टी के सांसद, विधायक, विधान परिषद सदस्य, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, पार्षद सहित सभी जनप्रतिनिधि के अलावा प्रदेश, क्षेत्र, जिला पदाधिकारी व मंडल से लेकर बूथ कमेटी तक के सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर एक पेड़ मां के नाम पर लगाएंगे। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को जिले में 15 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य देते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को पीपल, बरगद, नीम, पाकड़, आम, गुलमोहर के पौधे वितरित किए। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से 15 अगस्त तक वृहद वृक्षारोपण अभियान चला कर एक पेड़ मां के नाम लगाने की अपील करते हुए पार्टी कार्यकर्ताओं को वृक्षारोपण करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग को सुधारने के लिए व पर्यावरण संतुलन को ठीक रखने के लिए वृक्षारोपण आवश्यक है क्योंकि वृक्ष ही हमारे वातावरण को साफ एवं प्रदूषण मुक्त रखते हैं।

इस अवसर पर प्रबोध मिश्रा,राम बहादुर यादव,जसविंदर सिंह, गिरीश चंद्रा, विनोद मिश्रा, शैलेंद्र त्रिपाठी, मनीष त्रिपाठी, राजन चौहान, गणेश शुक्ला, विनय मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

छात्र छात्राओं को एलमुनाई के विषय पर दी गई जानकारी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजिनेस मैनेजमेंट विभाग के छात्र-छात्राओं के लिये शुक्रवार को ओरिएटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विभाग की निदेशिका प्रो.अंशू यादव, प्रो.सुधांशु पाण्डया, प्रो.नीरज कुमार सिंह, डॉ.सुदेश कुमार श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नये सत्र के विषय में जानकारी दी गई।इस अवसर पर प्रो.सुनील शुक्ला ने छात्र-छात्राओं से कहा कि वक्त के साथ चले और परिवर्तन के लिए हमेशा तैयार रहे। उन्होंने छात्र-छात्राओं से स्क्रीम टाइम का उपयोग कम करने की बात कही। विभाग के सह आचार्य डॉ.विवेक सिंह सचान द्वारा एलमुनाई के विषय पर जानकारी दी गई। वही अर्पणा कटियार ने छात्र-छात्राओं को ह्यूमन वैल्यूस का महत्व व अनिल कुमार त्रिपाठी एवं अजय जैन ने इनोवेशन और रोजगार से बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का समन्वयक डॉ.विवेक सिंह सचान, डॉ.प्रशान्त त्रिवेदी, गौरी सिंह भदौरिया आदि मौजूद रहे।

पुरुषों के साथ महिलाएं भी गांजा बेचकर युवाओं का जीवन कर रही थी बर्बाद

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

थाना पनकी की पुलिस टीम के द्वारा गैरकानूनी तरीके से क्षेत्र में गांजा बेचकर युवाओं का जीवन बर्बाद करने वाले चार पुरुष एवं चार महिला तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। इन गिरफ्तार किए गए पुरुष एवं महिलाओं के पास से लगभग 9 किलो नाजायज गांजा पुलिस टीम को बरामद हुआ है। बरामद किए गए अवैध गांजे की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए बताई जा रही है।

डीसीपी पश्चिम विजय कुमार ढुल ने प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि प्रभात प्रहरी कार्यक्रम के अन्तर्गत थाना पनकी टीम की पुलिस को सक्रिय गस्त के दौरान मुखबिर खास द्वारा सूचना मिली कि कुछ व्यक्ति पनकी मंदिर फ्लाईओवर के नीचे अवैध गांजे का व्यापार कर रहे हैं। मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर थाना स्थानीय पर 03 टीम बनाकर अवैध गांजा का व्यापार करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 08 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया, जिनमें 04 पुरुष एवं 04 महिलाएं है। जिनके कब्जे से कुल 09 किलो 800 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार पुरूष तस्करों के नाम रतन उर्फ जतन पुत्र स्व0 किशोरी, बदन पुत्र स्वर्गीय किशोरी संजीत कंजड पुत्र मंजीत कंजड, अंकित पुत्र विशाल बताए गए हैं।

अध्ययनरत प्रशिक्षार्थियों संग प्रशिक्षण पर साझा किए विचार

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

राजकीय आईटीआई पाण्डु नगर कानपुर में टाटा रिसर्च इंस्टिट्यूट की अधिकृत डॉ.मानवी त्रिपाठी एवं उनकी टीम के द्वारा संस्थान के फिटर एवं विद्युतकार के अंतिम वर्ष में अध्यनरत प्रशिक्षार्थियों को प्रशिक्षण से संबंधित विचार विमर्श साझा किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य अमित कुमार पटेल के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यदेशक श्रवण कुमार शुक्ला, फिटर/ विद्युतकार व्यवसाय के सभी अनुदेशक मौजूद रहे।

भड़काऊ नारेबाजी करने वालों के खिलाफ बजरंगी मैदान में

जन एक्सप्रेस कानपुर नगर

पुलिस कमिश्नर की जनसुनवाई जनता दर्शन में बजरंग दल के नेता कृष्ण तिवारी ने शुक्रवार को मुलाकात की और एक ज्ञापन सौप मोहर्रम के दौरान जुलूस में अराजक नारे लगाने वालों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन देने हुए बजरंग दल के नेता कृष्ण तिवारी ने बताया कि बीते दिनों मोहर्रम के पर्व के दौरान जुलूस और ताज़िए निकले थे। जिसमें देखा गया कि शहर में कुछ अराजक तत्व देशभक्ति ना दिखा कर शहर में माहौल खराब करते हुए शांति भंग करते हुए दिखाई दिए। कृष्णा तिवारी का कहना है कि समाज विरोधी गतिविधियों की ओर आकर्षित करते हुए ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर हरिश्चंद्र से अनुरोध किया है पूर्व में शहर की सामाजिक और धार्मिक शांति भंग करने के उद्देश्य से जगह-जगह जैसे जूही में हिंदू बस्ती में कुछ अराजक तत्वों ने नारे लगाए हिंदुस्तान में रहना है तो अल्लाह हू अकबर कहना होगा वही फिलिस्तीन का झंडा लहरा कर देश विरोधी कार्य किया गया है साथ ही भारतीय ध्वज से अशोक स्तंभ हटाकर उसमें मक्का मदीना का चित्र लगाकर गजवा हिंद की मानसिकता का प्रमाण दिया गया है

घंटाघर चौराहे पर जुलूस में ही आपस में जिस तरह से मारपीट हुई और लाठी डंडे लाकर लोगो में भय का माहौल व्याप्त हुआ है। रावतपुर में सर तन से जुदा के नारे लगे हैं उससे लगता है कि देश में कुछ अराजक मानसिकता के लोग शहर का माहौल खराब करना चाहते हैं जिन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

करंट लगने से मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। घाटमपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर बंबा का रहने वाला अमित कुमार मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार देर रात युवक घर में लगे कूलर को एक तरफ कर रहा था। तभी कूलर में अचानक करंट उतर आया। जिसकी चपेट में आने से युवक की कूलर में चिपककर युवक की मौत हो गई। परिजनो ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलते मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच पड़ताल करने के साथ युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे के बाद से से परिजनो का रो रोकर बुरा हाल है। घाटमपुर इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

कॉन्ट्रैक्ट मैरिज मामले में नया मोड़, ससुराल पक्ष ने लगाए अवैध वसूली के आरोप

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

कानपुर नगर

बीते दिनों थाना चकेरी क्षेत्र से पहुंची महिला के द्वारा पुलिस कमिश्नर को पत्र देते हुए थाना चमनगंज क्षेत्र में रहने वाले दो भाइयों सलमान खान और इमरान खान समेत अन्य पर साजिश रच कर सेक्सुअल हैरेसमेंट मारपीट और बाद में कॉन्ट्रेक्ट मैरिज करने का आरोप लगाते हुए शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की मांग की गई थी। अब इस मामले में नया मोड़ आ गया है, गुरुवार को आरोपी पक्ष से इमरान खान भी अपना शिकायती पत्र लेकर पुलिस कमिश्नर के पास परिवार संग न्याय मांगने पहुंच गया। इमरान के द्वारा भी बड़े ही गंभीर आरोप शिकायत करने वाली महिला पर लगाए गए हैं।

पुलिस कमिश्नर कार्यालय में दिए गए पत्र के अनुसार इमरान खान ने बताया कि वह प्रेम नगर थाना बजरिया क्षेत्र का रहने वाला है। किसी तरह उसे काल्पनिक नाम रानो नाम की महिला ने अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उस पर निकाह कर उसके घर रहने चली गई। इमरान के परिजनों का कहना था कि बेटे की गलती के कारण उससे संबंध विच्छेद कर लिया लेकिन समाज के भय से दोनों को साथ रहने की अनुमति दे दी उसके बाद आए दिन रानो सभी को परेशान कर प्रताड़ित करने लगी। इमरान ने यह भी बताया कि रानो की जानकारी की तो वह पहले से ही उन्नाव में निकाह कर अपने पति को तलाकशुदा होने के बाद उसको प्रेम जाल में फंसा कर निकाह किया अब परिजनों को प्रताड़ित कर दहेज में फसाने की बात कर रुपए की मांग कर रही है। बताया कि रानो के कुछ दबंग साथी हैं जो उसकी मदद कर उसके परिवार को परेशान कर रहे हैं।

इमरान और उसके परिजनों पर दर्ज है चकेरी में मुकदमा

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार को जब इमरान खान शिकायत करने अपनी मां और अन्य परिजनों के साथ पुलिस कमिश्नर के ऑफिस पहुंचा हुआ था उसी समय वहां पर महिला भी आ गई। उसके द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि उसकी तहरीर पर बीती 26 जून को थाना चकेरी में दहेज प्रथा की गंभीर धाराओं में इमरान खान समेत उसके अन्य परिजनों के विरुद्ध मुकदमा लिखा गया है। वह चाहती है कि मुकदमे में रेप की धारा बढ़े। जिसके लिए उसके द्वारा पुलिस कमिश्नर ऑफिस में एक प्रार्थना पत्र दिया गया है। जहां एक ओर पीड़ित महिला ने किसी भी प्रकार की वसूली करने से इनकार किया है और कहा है कि वह सिर्फ घर में रहने का अपना अधिकार चाहती है। तो वहीं दूसरी ओर इमरान और उसके परिजनों का कहना है कि उन लोगों के द्वारा कुछ भी गलत महिला के साथ नहीं किया गया है। पीड़ित महिला सिर्फ वसूली करना चाहती है। फिलहाल कौन सही बोल रहा है कौन झूठ यह तो आने वाले समय में पुलिस की विवेचना बताएगी।

इरफान के गुर्गे शौकत पहलवान की एक और संपत्ति सीज

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



सपा विधायक इरफान सोलंकी को कोर्ट से 7 साल की सजा हो चुकी है लेकिन उसके सह आरोपियों के लिए भी मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। इरफान के सह आरोपी शौकत अली की एक और संपत्ति पुलिस द्वारा कुर्क कर ली गई है।

इरफान सोलंकी और शौकत अली के ऊपर कई मुकदमों में दर्जनों आरोप हैं, जिसके बाद गैंगस्टर एक्ट भी लगाया गया था। इसी के तहत शौकत अली की करोड़ों की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है। शौकत की एक और संपत्ति ग्वालटोली में स्थित थी जिसमे वर्षों से सीबीसीआईडी का ऑफिस स्थित है। इस संपत्ति को भी कोर्ट के आदेश पर पुलिस द्वारा कुर्क करके नोटिस चस्पा कर दिया गया है।

पुलिस के आलाधिकारियों के अनुसार कोर्ट के आदेश पर संपत्ति को कुर्क करके इसको सीबीसीआईडी के सुपुर्द कर दिया गया है। सूत्रों के अनुसार इस मामले में सीबीसीआईडी भी कोर्ट में अपना पक्ष रखने वाली है जिसके बाद संभवतः ऑफिस को वहां से शिफ्ट करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

एनएच 34 पर मोहन कोल्ड स्टोर के सामने ऑटो व डीसीएम में टक्कर

*** ऑटो के विपरीत दिशा में होने के कारण हुआ हादसा।**

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर गुरुवार रात विपरीत दिशा में चल रही आटो में सामने से आ रही डीसीएम ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में घायल हुए ऑटो चालक की उपचार के लिए ले जाते समय मौत हो गई। अरौल थाना क्षेत्र में पुराना अरौल स्थित मोहन कोल्ड स्टोरेज के निकट कानपुर अलीगढ़ हाईवे पर गुरुवार देर रात बिल्हौर से कन्नौज की तरफ जा रही एक ऑटो विपरीत दिशा पर चल रही थी तभी सामने से आ रही एक तेज रफ्तार डीसीएम से उसकी टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो चालक मियागंज कन्नौज निवासी सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को मौके पर पहुंची एंबुलेंस से उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर भेजा। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर हालत में कानपुर हैलट अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। कानपुर हैलट अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ऑटो चालक की मौत हो गई। अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार के अनुसार ऑटो चालक की उपचार के दौरान मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। दोनो वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। उत्तर मध्य रेलवे कर्मचारी संघ की कानपुर इकाई के द्वारा जोनल कोषाध्यक्ष कुन्दन सिंह के नेतृत्व में सहायक मंडल मंत्री मनोज यादव के द्वारा उप मुख्य यातायात प्रबंधक, कानपुर सेंट्रल को वित्त मंत्री को संबोधित कर ज्ञापन सौंपा गया। सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ के दिशानिर्देश पर पूरे भारतवर्ष में गेट मिटिंग, आमसभा, धरना प्रदर्शन, रैली कर कर्मचारियों को जागरूक करते हुए वित्त मंत्री को संबोधित कर ज्ञापन देने का कार्यक्रम था। जिसमें भारतीय रेलवे मजदूर संघ के द्वारा भी रेलवे के सभी सतरहों जोन एवं सभी उत्पादन इकाईयों पर ज्ञापन दिया गया। इसी क्रम में कानपुर में भी स्टेशन डायरेक्टर आशुतोष सिंह के माध्यम से वित्त मंत्री को संबोधित कर ज्ञापन सौंपा गया। जोनल कोषाध्यक्ष कुन्दन सिंह ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय मजदूर संघ ने जिस प्रकार सरकार से लड़ कर सरकारी कर्मचारियों को बोनस दिलवाई है ठीक उसी प्रकार पुरानी पेंशन भी भारतीय मजदूर संघ ही दिलवा सकती है क्योंकि मान्यता प्राप्त युनियन के सहमति से ही न्यू पेंशन स्कीम आई थी और उस समय से अभी तक इनके राष्ट्रीय नेता इसमें ट्रस्टी बने बैठे है तो ये कर्मचारियों के बीच पुरानी पेंशन की लड़ाई इमानदारी से नहीं लड़ रहे हैं अभी तक उच्च स्तरीय लेवल पर इनका काम शुन्य है ये केवल आम कर्मचारियों के बीच पेंशन की झूठी लड़ाई लड़ रहे हैं।

आवासीय शिक्षक संघ ने कुलपति को 18 सूत्रीय मांग-पत्र सौंपा

जन एक्सप्रेस/अयोध्या। डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में शुक्रवार को पूर्वाह्न आवासीय परिसर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल को 18 सूत्रीय मांग-पत्र सौपा। शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा व महामंत्री डॉ0 राना रोहित सिंह ने कुलपति व कुलसचिव डॉ0 अंजनी कुमार मिश्र की मौजूदगी में परिसर के शिक्षकों की मांगो से अवगत कराया। शिक्षक संघ द्वारा स्ववित्तपोषित विभागों के शिक्षकों को न्यूनतम वेतनमान, सीपीएफ कटौती, शिक्षकों के प्रमोशन, अतिथि प्रवक्ताओं के सेवा विस्तरण, स्ववित्तपोषित विभागों के वरिष्ठ शिक्षकों को विभाग का समन्वयक, डॉ0 वंदना रंजन के सीसीएल व डॉ0 शिवी श्रीवास्तव की वेतन विसंगति मामले सहित कई सूत्रीय मांगो को पटल पर रखा गया।कुलपति प्रो0 गोयल ने शिक्षक संघ के पदाधिकारियों से मांग-पत्र पर चर्चा करने के उपरांत शीघ्र उस पर कार्य करने के लिए कुलसचिव को निर्देशित किया।

प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में 6 करोड़ भक्त करेंगे स्नानः महंत मुरली दास

*** श्री महंत मुरली दास महासचिव नंदराम दास और सत्यदेव दास का हुआ स्वागत सम्मान**

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास महासचिव नंदराम दास और सत्यदेव दास का हुआ स्वागत सम्मान, कहा कुम्भ में मिलेगी बेहतर सुविधा। प्रयागराज कुंभ मेला 2025 में 6 करोड़ भक्त स्नान स्नान करेंगे। अभी तक मेला में शाही स्नान की तिथियां तय नहीं हुई हैं। यह बात निर्वाणी अनी अखाड़ा के श्रीमहंत मुरली दास ने कही। कुंभ मेला की बैठक में शामिल होने के बाद अयोध्या लौटने पर हनुमानगढ़ी स्थित महंत ज्ञानदास के आश्रम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। नासिक, हरिद्वार और उज्जैन कुंभ मेला क्षेत्र में भी निर्वाणी अखाड़ा के भव्य भवन बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा- प्रयागराज स्थित निर्वाणी अखाड़ा का गंगा भवन भव्य होगा। वह अभी तक 16 कमरे का है, वह जल्द ही 100 भव्य कमरों का होगा। इसी तरह नासिक, हरिद्वार और उज्जैन कुंभ मेला क्षेत्र में भी निर्वाणी अखाड़ा के भव्य भवन बनाए जाएंगे। इस प्रयाग प्रयागराज के घाटों तक संतों-भक्तों के पहुंचने, रहने और बिजली आदि की बेहतर व्यवस्था हो, यह हम सभी की मांग है। संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास ने कहा कि निर्वाणी, निर्मोही और दिंगबर अखाड़ा के कुल 1100 खालसे हैं।

इनके लिए जमीन की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को दिलाने का काम अखाड़ा का है। श्री महंत मुरली दास के महासचिव के रूप में महंत सत्यदेव दास और महंत नंदराम दास इस व्यवस्था को और बेहतर ढंग से करेंगे। इससे पहले अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे महंत ज्ञानदास के उत्तराधिकारी महंत सजय दास की अगुवाई में श्रीमहंत मुरली दास, महासचिव सत्यदेव दास और नंदराम दास को फूलो की माला और रामनामा ओढ़ाकर स्वागत किया। स्वागत करने वाले अन्य प्रमुख लोगों ने गद्दीनशीन महंत प्रेमदास के उत्तराधिकारी डाक्टर महेश दास, महंत माधव दास, हनुमानगढ़ी के वरिष्ठ पुजारी हेमंत दास और राजेश पहलवान आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

वंचित एवं नवसृजित परिवार शौचालय सुविधा का लें लाभः जिला पंचायत राज अधिकारी

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह ने कहा है कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज-2 योजनान्तर्गत जनपद रायबरेली के समस्त विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों में व्यक्तिगत शौचालय सुविधा से वंचित एवं नवसृजित परिवारों को शौचालय सुविधा का लाभ दिलाये जाने हेतु कैम्प का आयोजन कराते हुए लाभार्थीयों के ऑनलाइन आवेदन स्वयं, ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक एवं विकास खण्ड में सहायक विकास अधिकारी (पं0) कार्यालय के माध्यम से भारत सरकार की वेबसाइट पर 16 से 26 जुलाई 2024 तक कराया जाना है। उन्होंने कहा कि शौचालय हेतु बी0पी0एल0 एवं ए0पी0एल0 अन्तर्गत महिला मुखिया/दिव्यांग/एस0सी0/एस0टी0/लघु सीमान्त कृषक/ खेतिहर मजदूर वाले परिवार अपना ऑनलाइन आवेदन स्वयं अथवा ग्राम पंचायत सचिवालय में पंचायत सहायक एवं विकास खण्ड में सहायक विकास अधिकारी (पं0) कार्यालय के माध्यम से करवा सकते हैं।

साफ-सफाई के साथ हरियाली का बीड़ा उठायेंगे सफाई कर्मचारीः कमला प्रसाद यादव

जन एक्सप्रेस। मयाबाजार अयोध्या

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद अयोध्या के जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव द्वारा आज अपने ग्राम पंचायत बैहारी में दो वृक्ष लगाने के अभियान की शुरुआत की। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद अयोध्या के अध्यक्ष शिव जी वर्मा व जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव द्वारा एक जन अभियान के तहत जनपद में 1254 सफाई कर्मचारी कार्य कर रहे है द्य उनसे एक मार्मिक अपील की गई थी कि प्रत्येक कर्मचारी अपने पास पड़ोस या किसी स्थान पर कम से कम दो पौधे लगाकर प्रकृति और पर्यावरण को सुरक्षित बनाने में अपना अहम योगदान दे। किन्तु कर्मचारी संघ द्वारा 2100 पौधे का लक्ष्य विशेष रूप से रखा गया है ताकि तीव्र गति से हो रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे को कम किया जा सके। वृक्षारोपण के उपरांत कमला प्रसाद यादव ने कहा कि जिस तरह से हम सभी गाँव से लेकर शहर तक की साफ़ सफाई का कार्य किया जाता है और सभी के लिए स्वच्छ वातावरण दिया जाता है। अब सफाई कर्मचारियों ने ठान लिया है कि हम सब धरती को भी हरा भरा करने के लिए इस अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा होंगे।

महंत रामप्रकाश दास के सानिध्य में एक माह से अखंड राम-राम भजन जारी

जन एक्सप्रेस। अयोध्या धाम

मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में जानकी महल रोड परिक्रमा मार्ग स्थित सिद्ध पीठ श्रीराम वैदेही मंदिर भगवान दास खड़ेश्वरी स्थान में महामंडलेश्वर महंत राम प्रकाश दास के सानिध्य में एक माह से मंदिर परिसर में 24 घंटे राम राम धुन भजन भक्तों द्वारा किया जा रहा है। श्री राम वैदेही मंदिर के महामंडलेश्वर महंत रामप्रकाश दास ने बताया मुंबई से चलकर 350 राम भक्तों ने अयोध्या आकर एक माह से कीर्तन भजन प्रसाद वितरण का कार्यक्रम निरंतर चलाया जा रहा है।

मंदिर का पूरा परिसर राम धुन के भजन से गुंजायमान हो रहा है। मंदिर परिसर की व्यवस्था देख रहे पुजारी किशोरी दास बताते हैं कि रविवार को गुरु पूर्णिमा के नाते मंदिर में आने वाले भक्तों को भोजन प्रसाद विश्रामालय इत्यादि की विशेष व्यवस्था किया जाएगा।

गुरु पूर्णिमा के दिन हर भक्त अपने गुरु आराध्य की पूजा करते हैं और जीवन को धन्य बनाने व प्रकाशमय जीवन जीने का आशीर्वाद प्रदान करते हैं।

महाराष्ट्र मुंबई से चलकर आए राम भक्त व समाजसेवी भारत भाई पटेल एवं सुरेश तामोली के साथ 350 राम भक्त रामनगरी में आस्था व श्रद्धा के साथ आकर 28 जून से 30 जुलाई तक चौबीसो घंटे राम धुन वक्रतुंड भजन बाजे गाजे के साथ भक्तिमय वातावरण पूर्ण लाभ प्रदान कर रहे हैं।

भारत भाई पटेल व सुरेश तामोली ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि 22 जनवरी को हमारे आराध्य भगवान रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने के बाद से हम लोगों के मन में इच्छा थी कि एक माह का प्रवास भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में सरजू तट के समीप करके नित्य सरयू स्नान, दर्शन पूजन से प्रत्येक मनुष्य का जीवन धन हो जाता है भगवान की प्रेरणा एवं महामंडलेश्वर महंत राम प्रकाश दास के आशीर्वाद से हम सभी की मनोकामना पूरी हो रही है। हम अयोध्या जी में आकर अपना जीवन धन्य बना रहे हैं।

चुरूआ थाना बछरावां, रायबरेली घटना की उच्च स्तरीय न्यायिक जांच होः ऐपवा

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला एसोसिएशन (ऐपवा) के नेतृत्व में महिलाओ ने चुरूआ थाना बछरावां में हुई घटना के विरुद्ध प्रतिवाद मार्च निकाला और जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते हुए सभा की। प्रदर्शनकारियो को संबोधित करते हुए ऐपवा की जिला सहसंयोजक राधा राजपूत ने कहा कि बहुत कुछ ऐसा था जिसे छिपाने के लिए पुलिस ने पूरे मामले को खुर्द बुर्द कर दिया और उसी क्रम में उसी लाश को पेट्रोल डालकर रात में जला दिया। यह बहुत क्रूर और अमानवीय कृत्य है। उस रात क्या हुआ था, घटना में कितने लोग शामिल थे सब कुछ जानने के सारे रास्ते ठंडे दिमाग से सुनियोजित तरीके से पुलिस ने बंद कर दिए। प्रदेश की सरकार का नारी सुरक्षा का यही भयानक सच है। हाथरस में जो शुरू हुआ था वही राय बरेली में दोहराया गया है।

इंकलाबी नौजवान सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हनुमान अंबेडकर ने कहा कि पुलिस, राजनेता अपराधी गठजोड़ ने महिलाओ, गरीबों, दलितों का जीवन मुश्किल कर दिया है। बछरावां की घटना और उच्चाधिकारियों की चुप्पी साबित करती है कि उत्पीड़न और अन्याय का तांडव नृत्य संरक्षित है। इस गठजोड़ को जनांदोलनों से तोड़ना होगा।

प्रदर्शन कारियो को भाकपा (माले) जिला सचिव उदय पटेल, इंसाफ मंच जिलाध्यक्ष डा. हलीम, किसान महासभा अध्यक्ष फूल चंद्र मौर्या, आरएस यादव एडवोकेट, अहमद सिद्दिकी, हनुमान अम्बेडकर सहित अन्य लोगो ने भी संबोधित करते हुए घटना में पुलिस की भूमिका के साथ प्रशासन और सरकार की चुप्पी की निंदा करते हुए बड़े आंदोलन में जाने की जरूरत पर बल दिया।

बाद में नगर मजिस्ट्रेट को मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर घटना की न्यायिक जांच और बछरावां पुलिस के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही की मांग की गईं।

उन्नाव स्कॉर्पियो हादसे मे अयोध्या के चार नवयुवकों का निधन

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

गुरुवार को दिल्ली से अपने घर मया बजार वापस आ रहे स्कार्पियो सवार पांच लोगों की जनपद उन्नाव के बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर खालसा गांव के पास एक्सप्रेसवे पर एक ट्रक से जबरदस्त हादसा हो गया। इस हादसे में सवार पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए भर्ती किया गया है। दुखद समाचार से क्षेत्र में मातमी सन्नाटा छाया हुआ है। जब हर कोई होनहार नवयुवकों के हादसे में मौत हो जाने पर निःशब्द रह गये। शुक्रवार को जब गांवों में शव लेकर पहुंचे, तो परिजनों ने करुणापूर्वक रो कर अपने गहरे दुख को व्यक्त किया। मृतक युवकों के घर लोगों की भारी भीड़ जुटी, और हर कोई इस अनहोनी पर सन्न रह गए सरयू तट दिलासीगंज घाट पर मृतकों का अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें लोगों ने पहुंचकर नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

अंतिम संस्कार में पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी (खब्बू), विधायक अभय सिंह, ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह (कप्तान सिंह), भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, अवधेश पांडे बादल, ओम प्रकाश सिंह, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, पूर्व प्रमुख अशोक सिंह, ध्रुव गुप्ता भाजपा नेता रितेश सिंह %कैप्टन% दुर्गेश मिश्रा, रमेश चन्द्र पाण्डेय, पूर्व मंत्री जयशंकर पान्डेय दादा, युवा नेता नवीन सिंह, रिंकू सिंह, ग्राम प्रधान सुभाष शुक्ला अखिलेश सिंह घनश्याम कनौजिया चंद्रभूषण सिंह संतोष सिंह सुजीत मिश्रा और तिलकधारी सिंह आदि ने नम आंखों से अंतिम विदाई दी।

बॉक्स

क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त पदों पर चुनाव हेतु अधिसूचना जारी

जन एक्सप्रेस। अमेठी

जिला निर्वाचन अधिकारी निशाअनंत ने बताया कि जनपद के विकास खण्डों में क्षेत्र पंचायतों के सदस्यों के आकस्मिक रूप से रिक्त पदों पर मतदान छह अगस्त को तथा मतगणना आठ अगस्त को संपन्न होगी।

उन्होंने बताया कि नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने हेतु बाइस जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक,नाम निर्देशन पत्रों की जांच हेतु तेईस जुलाई को पूर्वान्ह10 बजे से कार्य की समाप्ति तक,उम्मीदवारी वापस लेने हेतु चौबीस जुलाई को पूर्वान्ह 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक, प्रतीक आवंटन हेतु चौबीस जुलाई को अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक एवं मतदान छःअगस्त को प्रातः7 बजे से 5 बजे तक होगा। तथा मतगणना आठ अगस्त को प्रातः 8 बजे से कार्य की समाप्ति तक सम्पन्न किया जायेगा। क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त चार विकास खण्डों क्रमशःजामों के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक पांच सूखी बाजगढ़ वार्ड 01 से 06 तक अनारक्षित श्रेणी, क्षेत्र क्रमांक 79 अंगरवा वार्ड 01 से 11 तक व शाहपुर रेसी वार्ड 01 से 07 तक व क्षेत्र क्रमांक 45 वर्रा वार्ड 01 से 13 तक अनुसूचित जाति श्रेणी, विकास खण्ड तिलोई के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 54 आशापुर रूरू वार्ड 01 से 09 तक एवं विकास खण्ड सिंहपुर के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 30 गोयन वार्ड 01 से 11 तक व पेड़रिया वार्ड 06 से 11तक महिला पिछड़ा वर्ग तथा विकास खण्ड बहादुरपुर के क्षेत्र क्रमांक 07 मुबारक पुर मुखेतिया वार्ड 01 से 12 तक अनारक्षित श्रेणी हेतु सार्वजनिक सूचना निर्गत के साथ ही नामांकन पत्रों का विक्रय शुरू हो जाएगा।

गुरु गीता एवं पंच कुंडीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

जन एक्सप्रेस। अमेठी

शुक्रवार को जनपद के जामों विकास खंड अंतर्गत पूरे छत्ता सिंह ग्राम पंचायत गोरियाबाद में शांतिकुंज हरिद्वार द्वारा गुरु गीता एवं पंचकुंडली गायत्री महायज्ञ संपन्न हुई। शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली नायक बनवारी लाल शर्मा ने कहा कि ईश्वर की विशेष अनुकम्पा पाने के लिए प्रसन्नता एवं सहायता प्राप्त करने के लिए हमें ईश्वर का आज्ञाकारी धर्म परायण होना चाहिए। प्रत्येक प्राणी में भगवान व्याप्त हैं। इसलिए हमें हर किसी के साथ सज्जनता का व्यवहार करना चाहिए। पाप से बचना चाहिये। क्योंकि पाप करना अपने ईश्वर के साथ ही दुर्व्यवहार करना है।कर्म का फल ईश्वरीय विधान का अंग है।इसलिए सत्कर्म करें और सुखी रहे।दुष्कर्मों से बचें ताकि दुख न सहन करना पड़े। यह भावनाएं एवं मान्यताएं जिसके मन में जितनी ही गहरी जमी होगी और जो इन्हीं मान्यताओं के अनुरूप अपनी रीति नीति बना रहा होगा, वह उसी अनुपात में आस्तिक कहा जाएगा। आस्तिक मनुष्य को पग पग पर उत्कृष्ट स्तर के आनंद उल्लास संतोष एवं गौरव का अनुभव होता है।

उन्होंने कहा कि स्वर्ग और नरक कहीं और नहीं इसी धरती पर है।व्यक्ति को अपने कर्मों के आधार पर भोगना होता है। पूरे छत्ता सिंह गोरियाबाद में अजीत प्रताप सिंह,पवन कुमार सिंह, अक्षय प्रताप सिंह के संयोजकत्व में आयोजित गुरु गीता एवं पंचकुण्डीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ो लोगों ने आहुतियां प्रदान की।यज्ञ की महिमा का गान टोली के सदस्यों भास्कर तिवारी, रामशंकर, उदय श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए जिला समन्वयक डॉक्टर त्रिवेणी सिंह ने जामों ब्लॉक के प्रत्येक गांव को देवगांव बनाने के लिए आह्वान किया। उन्होंने कहा कि देवगांव से पूजित मिट्टी से उन 251 कुण्डों में एक कुंड बनाया जाएगा। जहां उसे देवगांव के 24 साधक जोड़े 24 युवा दंपत्ति,24 देव कन्याएं,24 युवा यज्ञ करेंगे और जीवन में कभी भी नशा न करने, अपने जन्मदिन, विवाह दिन पर पेड़ लगा करके तैयार करने भावी पीढ़ी को संस्कारवान बनाने का संकल्प लेंगे।

वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 तक

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने बताया है कि प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना ओ0डी0ओ0पी0 प्रशिक्षण एवं टूलकिट योजनान्तर्गत जनपद में वुडवर्क (काष्ठ कला) ट्रेड में 10 दिवसीय प्रशिक्षण हेतु आवेदन पत्र ऑनलाइन वेबसाइट https://diupmsme.upsdc.gov.in पर 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किये जाएंगे। आवेदक की आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो तथा आवेदक वुडवर्क के क्षेत्र में कार्य करता हो। चयन उपरांत लाभार्थी को 10 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण तथा टूलकिट प्रदान किया जायेगा।

उपायुक्त उद्योग परमहंस मौर्य ने कहा कि योजनान्तर्गत पात्रता हेतु आवेदन करने की तिथि को प्रशिक्षार्थी की आयु न्यूनतम 18 वर्ष होनी चाहिए। प्रशिक्षार्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होना चाहिए। शैक्षिक योग्यता की कोई बाध्यता नहीं है। उन्होंने बताया कि आवेदक द्वारा केन्द्र तथा राज्य सरकार की किसी योजनान्तर्गत उत्पाद से सम्बन्धित टूलकिट का लाभ विगत 02 वर्षों में न प्राप्त किया हो।

सीडीओ की अध्यक्षता में जिला सैनिक बंधु की बैठक संपन्न

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय की अध्यक्षता में **जिला सैनिक बन्धु** की बैठक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। सभी उपस्थित सदस्यों का जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, रायबरेली कैप्टन (नौ सेना) अतुल्य दयाल (अ0प्रा0), द्वारा स्वागत किया गया।

बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद व शासन स्तर पर पूर्व सैनिकों को प्रदान की जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी को सैनिक बन्धु सदस्य सूबेदार दुष्यन्त लाल द्वारा गन लाइसेंस नवीनीकरण की समस्या से अवगत कराया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में प्रतिनिधि मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रतिनिधि वरिष्ठ कोषाधिकारी, प्रतिनिधि एन0सी0सी0 एवं प्रतिनिधि जिला सेवायोजन अधिकारी व सैनिक बन्धु समिति के सदस्य एवं अन्य पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।

नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि व सभासदों ने किया वृक्षारोपण

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

महराजगंज नगर को हरा-भरा व सुंदर बनाने के लिए चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने वृहद रूप से पौधरोपण अभियान चलाया। श्री साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप नगर में पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए जामुन, आम, नीम, फाईकस, चितवन, बरगद, पीपल जैसे छायादार एवं फलदार वृक्षों को लगाया गया। नगर की जनता से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगो के पास वृक्ष लगाने की जगह हो, वह पौधों अवश्य लगाये। वहीं गमलों आदि में भी फूल आदि के पौधे लगाकर नगर को हरा-भरा व सुंदर बनाने में सहयोग करें। इस दौरान दानेश्वर मंदिर, श्मशान स्थल, मेला ग्रांउड, रायबरेली रोड पुलिस चौकी तिराहा, नगर पंचायत प्रांगण, एमआरएफ सेंटर, कान्हा गौशाला आदि जगहों पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सभासद विनीत वैश्य, उषा त्रिपाठी, कमलेश कुशमेष, धर्मेंद्र वर्मा, मो. अलीम, शिवकुमार, नुरुल, मुस्ताक, जमुना पासवान, रामकुमार यादव, लिपिक जमुना मामा, सफाई नायक चंद्रकेश मौर्य सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

20 के स्थान पर 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' 22 को होगा आयोजितः डीएम

जन एक्सप्रेस/रायबरेली। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0 शासन के निर्देशानुसार वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 20 जुलाई 2024 (माह का तृतीय शनिवार) को एक ही दिवस में 36.50 करोड़ पौधारोपण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, इस हेतु मा0 जनप्रतिनिधियों के साथ ही प्रशासनिक अधिकारियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के निर्देशन अनुसार जनपद के तहसील मुख्यालयों पर **सम्पूर्ण समाधान दिवस** माह जुलाई, 2024 के तृतीय शनिवार 20 जुलाई 2024 के स्थान पर 22 जुलाई 2024 (सोमवार) को आयोजित किए जाएंगे।

मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा टाण्डा में हुई वृक्षारोपण की शुरूआत

प्रकृति में हरियाली लायेगी खुशहालीः डॉ0 जितेंद्र बहादुर सिंह

जन एक्सप्रेस। अयोध्या

सांसे हो रही कम, आओ पेड़ लगाये हम द्य पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ की थीम पर आज से शुरू हो रहे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज भसड़ा टाण्डा अम्बेडकरनगर में की गई।

शुक्रवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय में उच्च शिक्षा नोडल डॉ0 जितेंद्र बहादुर सिंह द्वारा आम का वृक्ष लगाकर वृक्षारोपण अभियान की शुरुआत कर दिया। वृक्षारोपण के उपरांत डॉ जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि देश के प्रत्येक नागरिक को कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए। जिससे प्रकृति का संतुलन बना रहे। लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन से जिस तरह से पृथ्वी का तापमान बढ़ता जा रहा है यदि पेड़ नहीं रहेंगे तो मानव जीवन संकट में आ जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि प्रकृति को हरा भरा रखने के लिए पेड़ों का श्रृंगार आवश्यक है, आज प्रत्येक छात्र और छात्रा को यह शपथ लेने की जरूरत है कि हम अपने घर के आस पास एक पेड़ अवश्य लगाएंगे साथ ही जिस तारीख को जन्मदिन पड़ेगा उस तारीख को भी एक पेड़ लगाएंगे।

इस तरह से हम प्रकृति की सुरक्षा भी करेंगे और पेडों की संख्या भी बढ़ा देंगे जिससे जल, वायु दोनों शुद्ध मिलेंगे इससे प्रकृति में हरियाली लायेगी खुशहाली।

कल से महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान को गति देते हुए वृक्ष लगाया जाएगा। वृक्षारोपण के समय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सुधीर श्रीवास्तव, बी0एड्0 विभागाध्यक्ष डॉ0 अश्वनी कुमार, मुख्य नियंता डॉ0 सुशील कुमार, डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव डॉ0 अमित कुमार शर्मा डॉ0 रामकुमार, श्रीमती मालती, श्रीमती आशा मौर्य, सुश्री एकता सिंह, राम जी प्रजापति, राहुल वर्मा, अभिषेक कुमार पांडेय, डॉ0 अभिषेक राजभर, श्रीमती ममता, सुश्री अंशिका रानी, सुश्री लक्ष्मी, अर्जुन कुमार, रवि कुमार, इंद्रेश कुमार, श्रीमती निधि सिंह, डॉ0 मीना गुप्ता, डॉ0 पवनेश कुमार, डॉ0 संतोष कुमार सिंह, डॉ0 चंद्रलेखा तिवारी, डॉ0 वंदना मिश्रा डॉ0संध्या मिश्रा, डॉ0 कृष्ण कुमार, ब्रह्मदेव निषाद, संदीप कुमार, सूरज, श्रीमती रूपा, रमेश कुमार यादव, शिवपूजन, श्रीमती ज्ञानमती, श्रीमती सुमित्रा देवी के अलावा महाविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राएं भी उपस्थित रहे।

janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive

लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । | लखनऊ । शनिवार । 20 जुलाई 2024

तापमान

	अधिकतम	न्यूनतम
लखनऊ	36°C	29°C
कानपुर	36°C	29°C
देहरादून	32°C	26°C
नई दिल्ली	36°C	29°C

प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सब्सिडी देगी भारत सरकार : शिवराज

भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति कार्यक्रम में शामिल हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान

- केंद्रीय मंत्री ने बिना केमिकल फर्टिलाइजर के अनाज उत्पादन करने वाले किसानों को दी बधाई
- ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज से पूरी दुनिया चिंतित, मानव जाति के अस्तित्व पर खतरा : कृषि मंत्री
- प्राकृतिक खेती से बढ़ाएंगे उत्पादन और भरेंगे भंडारण : शिवराज सिंह चौहान

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कृषि उत्पादन को बढ़ाने के लिए केमिकल और फर्टिलाइजर के प्रयोग का परिणाम हम सबके सामने है। आज पूरी दुनिया ग्लोबल वार्मिंग और क्लाइमेट चेंज को लेकर चिंतित है, लेकिन इसके जिम्मेदार हम खुद हैं। इससे ये सिद्ध हो गया है कि आने वाली पीढ़ी के लिए ये धरती रहने लायक नहीं रहेगी। ऐसे में हमें समय रहते संभलना होगा। इसके लिए हमें प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए भारत सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सब्सिडी देने पर विचार कर रही है। ये बातें शुक्रवार को प्राकृतिक खेती पर आधारित ÷भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति÷ कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया, को आत्मसात कर आगे बढ़ने वाला देश है। भारत की यह भावना प्राचीन खेती में भी निहित थी। उस समय खेती में केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल नहीं होता था। ऐसे में धरती उपजाऊ होती थी और अन्न पोषक पैदा होते थे। वहीं धीरे-धीरे धरती पर दबाव बढ़ता गया और उत्पादन बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा केमिकल फर्टिलाइजर का इस्तेमाल होने लगा। साथ ही नई-नई वैराइटी के लिए ऐसे बीज का प्रयोग होने लगा जिसमें ज्यादा खाद, पानी और कीटनाशक की जरूरत पड़ने लगी। इससे उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन बीमारियां भी बढ़ती गयीं। इसके लिए कैंसर एक्सप्रेस जैसी ट्रेनें चलानी पड़ीं। आज हम सभी अपनी सेहत को लेकर काफी गंभीर हैं। यही वजह है कि लोग बिना केमिकल फर्टिलाइजर के कृषि उत्पाद को खरीदने के लिए दोगुने दाम देने को तैयार हैं। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्राकृतिक खेती से उत्पादन में कमी आएगी, यह लोगों का भ्रम है। प्राकृतिक खेती से न तो उत्पादन कम होगा और न ही भंडारण में कमी आएगी। उन्होंने ऐसे किसानों को बधाई दी जो बिना केमिकल फर्टिलाइजर के अनाज का उत्पादन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कीटनाशक दवाइयों के इस्तेमाल से धरती की उर्वरक क्षमता प्रभावित होती है। इससे कीट मित्र जमीन से खत्म होते जा रहे हैं। इसी का परिणाम है कि दुनिया में आपदाएं बढ़ती जा रही है। यह मानव जाति के अस्तित्व पर खतरा है।

प्राकृतिक खेती के सर्टिफिकेशन की व्यवस्था करेगी भारत सरकार

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि भारत सरकार धरती के अस्तित्व को बचाने के लिए प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए भारत सरकार प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों को सब्सिडी देगी। इसके लिए उन्हे प्राकृतिक खेती के सर्टिफिकेशन की भी व्यवस्था करेगी। साथ ही तीन साल तक किसानों की क्षतिपूर्ति के लिए उनके खातों में पैसा भेजेगी। उन्होंने कहा कि बिना केमिकल के उत्पादन के साथ स्वाद भी बढ़ाया जा सकता है। इसके लिए भारत सरकार संकल्पित है। इस दिशा में लगातार काम किया जा रहा है। देश के वैज्ञानिक बिना केमिकल के उत्पादन बढ़ाने की दिशा में काम कर रहे हैं। इस मौके पर गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख और मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

13 नये मेडिकल कॉलेजों में पढ़ाई शुरू कराने को एनएमसी में की गई अपील

एनएमसी एक्ट 19 की धारा 28 (5) के तहत की गई अपील, सितंबर 2023 में एनएमसी में एलओपी के लिए किया गया था आवेदन

- एनएमसी ने वर्ष 2023 में निर्धारित नये मानकों के आधार पर शैक्षणिक सत्र शुरू करने के दिये थे निर्देश
- एनएमसी के नये मानकों के अचानक बदलाव से पाठ्यक्रम शुरू करने में उत्पन्न हो रहा अवरोध

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

प्रदेश के 13 नये मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू करने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) में अपील कर दी गई है। यह अपील एनएमसी एक्ट-19 की धारा 28 (5) के तहत की है। बता दें कि सितंबर 2023 में प्रदेश के 13 जिलों क्रमशः बुलंदशहर, औरैया, सोनभद्र, ललितपुर, चंदौली, सुल्तानपुर, गोंडा, लखीमपुर खीरी, कुशीनगर, कानपुर देहात, कौशांबी, बिजनौर एवं पीलीभीत के नये मेडिकल कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 100 एमबीबीएस छात्रों के प्रवेश के लिए एनएमसी में एलओपी के लिए आवेदन किया था। ऐसे में एनएमसी द्वारा सभी नये मेडिकल कॉलेज में एलओपी के लिए निरीक्षण शुरू किया गया, जिसे 24 जून को समाप्त किया गया था। इसके बाद एनएमसी ने 4 जुलाई को उक्त कॉलेजों में 100 एमबीबीएस प्रवेश क्षमता के लिए अनुमति प्रदान न करते हुए लेटर ऑफ डिसअप्रूवल कर जारी किया था। इसी क्रम में मेडिकल कॉलेज द्वारा शैक्षणिक सत्र शुरू करने के लिए एनएमसी के समक्ष अपील की गई है।

आर्यकुल कॉलेज में मनायी गयी मंगल पांडे जयंती

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ के बिजनौर स्थित आर्यकुल कॉलेज में मंगल पांडे 197वीं वर्षगाँठ मनायी गयी। आर्यकुल कॉलेज के प्रबंध निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने दीप प्रज्वल्लित व माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर आर्यकुल कॉलेज के प्रबंधक निदेशक डॉ. सशक्त सिंह ने कहा की मंगल पांडे एक बहादुर व जाबाज़ स्वतंत्रता सेनानी थे। ब्रिटिश सेना के खिलाफ उनके साहसिक कार्यों ने उन्हें प्रतिरोध का प्रतीक और लाखों भारतीयों के लिए प्रेरणा का स्रोत बना दिया। उनके द्वारा शुरू किया गया विद्रोह ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती देने वाले एक व्यापक आंदोलन में बदल गया। उनकी इसी पहल ने भारत के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम, 1857 के विद्रोह को जन्म दिया। ब्रिटिश सेना के खिलाफ उनके साहसी और अथक प्रयासों ने उन्हें राष्ट्रीय नायक बना दिया। श्रद्धांजलि के इस पहल को आगे बढ़ाते हुए फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडे ने कहा कि हम सिर्फ सेना में रहकर ही देश सेवा नहीं कर सकते हैं बल्कि आमजन मानस के रूप में भी अपने कर्तव्यों का पालन कर देश को सफलता दिला सकते हैं। उनकी इस पहल से ही हम आज इस देश में स्वतंत्र रूप से विचरण कर सकते है। हम आपको बता दे की मंगल पांडेय का जन्म उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 19 जुलाई 1827 को हुआ था। उनका 22 वर्ष की उम्र में ईस्ट इंडिया कंपनी की सेना चयन हो गया। वह बंगाल नेटिव इंफेंट्री की 34 बटालियन में शामिल हुए थे। 1857 में भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका थी। उन्होंने अपने ही बटालियन के खिलाफ बगावत कर दिया था। चर्बी वाले कारतूस को मुंह से खोलने से मना कर दिया था, जिस वजह से उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और 08 अप्रैल 1857 को उन्हें फांसी दे दी गई थी। इस अवसर पर आर्यकुल ग्रुप ऑफ कॉलेज के रजिस्ट्रार सुदेश तिवारी, फार्मेसी विभाग के उप निदेशक डॉ. आदित्य सिंह, प्रबंध- पत्रकारिता एवं शिक्षा विभाग की उप निदेशक डॉ. अंकिता अग्रवाल, शिक्षा विभाग के एचओडी प्रणव पांडे, शिक्षा विभाग के प्राचार्य एस.सी.तिवारी, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. राहुल शर्मा, इंद्र देव पांडे, प्रियंका केशरवानी, वर्तिका सिंह, श्वेता मिश्रा, सदब, दीपिका, रोनी बिस्वास, तनया उपाध्याय, विनीता दीक्षित, प्रतिमा शुक्ला, नेहा कुमारी, दीप्ति सिंह, आकांक्षा सैनी, अनामिका ओझा के साथ अन्य शिक्षक गण व स्टाफ उपस्थित रहे।

अकबरनगर में सीएम योगी लगाएंगे पौधा, पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 का करेंगे शुभारंभ

- एक दिन में 36.50 करोड़ पौधरोपण करके योगी सरकार रचेगी इतिहास, जनपदों में सरकार के मंत्री और जनप्रतिनिधि करेंगे अभियान का नेतृत्व
- पीएम मोदी के आह्वान पर प्रदेश में लगाया जाएगा एक पेड़ मां के नाम, आमजन के साथ सरकारी कार्यालय, विद्यालय और संस्थाएं बनेंगे सहभागी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से अनधिकृत कब्जों से खाली कराए गए अकबरनगर क्षेत्र में शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पौधरोपण करके पेड़ लगाओ, पेड़ बचाओ जनअभियान-2024 का शुभारंभ करेंगे। पीएम मोदी के एक पेड़ मां के नाम आह्वान पर शुरू हो रहे इस जनअभियान में प्रदेश सरकार एक दिन में 36.50 करोड़ से अधिक पौधरोपण करके इतिहास रचेगी। सीएम योगी के निर्देश पर सभी प्रभारी मंत्री और जनप्रतिनिधि अपने-अपने जनपदों में इस जनअभियान का नेतृत्व करेंगे। इस जनअभियान में आमजन के साथ-साथ आधे दिन तक सभी सरकारी कार्यालय, विद्यालय व अन्य संस्थाओं से जुड़े लोग भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि सीएम योगी ने गुरुवार को ही प्रदेश के महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, ग्राम प्रधान, चेयरमैन, ब्लॉक प्रमुख, क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि जनप्रतिनिधियों के साथ संवाद करते हुए वृक्षारोपण को जनांदोलन बनाने और जनसहभगिता से पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को पूरा करने का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि विगत 7 वर्ष में प्रदेश के अंदर 168 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए हैं, जिसमें 75-80 प्रतिशत पौधे अब भी सुरक्षित हैं।

सभी 18 मंडलों में चलेगा जनअभियान

अभियान के तहत सभी 18 मंडलों में पौधे लगाए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लखनऊ मंडल में सर्वाधिक चार करोड़ एक लाख 73 हजार से अधिक पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, कानपुर मंडल में 2.96 करोड़, चित्रकूट में 2.89 करोड़, झांसी में 2.82 करोड़, मीरजापुर में 2.62 करोड़, अयोध्या में 2.39 करोड़, देवीपाटन में 2.14 करोड़, प्रयागराज में 2.07 करोड़, बरेली में 1.91 करोड़, वाराणसी में 1.76 करोड़, मुरादाबाद में 1.83 करोड़, आगरा में 1.68 करोड़, गोरखपुर में 1.65 करोड़, आजमगढ़ में 1.30 करोड़, अलीगढ़ में 1.22 करोड़, मेरठ मंडल में 1.16 करोड़, बस्ती में 1.11 करोड़ व सहारनपुर मंडल में 90.23 लाख पौधे लगेंगे। पौधरोपण स्थलों की जियो टैगिंग भी होगी। पौधरोपण के लिए विभागवार लक्ष्य भी निर्धारित किया गया है। वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन को 14.29 करोड़, ग्राम्य विकास विभाग को 13 करोड़, कृषि को 2.80 करोड़, उद्यान विभाग को 1.55 करोड़, पंचायती राज को 1.27 करोड़, राजस्व को 1.05 करोड़, नगर विकास को 44.97 लाख, उच्च शिक्षा को 22.54 लाख, रेशम को 14.19 लाख, लोक निर्माण को 14.93 लाख, रेलवे को 12.66 लाख, जलशक्ति को 13.41 लाख, बेसिक शिक्षा को 15.43 लाख, स्वास्थ्य विभाग को 19.91 लाख, एमएसएमई को 15.55 लाख, औद्योगिक विकास विभाग को 7.73 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग को 11.63 लाख, गृह को 10 लाख, पशुपालन को 7.26 लाख, ऊर्जा को 5.60 लाख, सहकारिता को 7.60 लाख, आवास विकास को 8.38 लाख, रक्षा को 4.95 लाख, परिवहन विभाग को 2.53 लाख से अधिक पौधरोपण का लक्ष्य दिया गया है।

वृक्षारोपण को बनाएं जनांदोलन : सीएम

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि पूरे उत्साह और उमंग के साथ वृक्षारोपण करें। वृक्षारोपण को जनांदोलन बनाएं। पीएम/सीएम आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का पौधा लगाने को दें। सड़कों के किनारे-किनारे व डिवाइडर पर पौधे लगाए जा सकते हैं। नदियों के किनारे भी उपयुक्त स्थान पर पौधे लगाए जाने चाहिए। विविध प्रकार के पौधे लगाए जाएं। कहीं छायादार वृक्ष हों, कहीं फलदार तो कहीं इमारती लकड़ी वाले तो कहीं औषधीय पौधे लगाएं। नदियों के किनारे, अमृत सरोवर के पास वृक्षारोपण करें। पीपल, पाकड़, जामुन, आम, नीम, गुटेल, बरगद, हरसिंगार, मौलश्री, चितवन, अर्जुन आदि के पौधे लगाएं। पूर्वजों, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों की स्मृति में वाटिका बनाएं। पौधरोपण के साथ ट्री-गार्ड भी लगाएं। यह सुनिश्चित करें कि किस पौधे की देखभाल कौन करेगा-कैसे करेगा। पौधों के साथ सेल्फी लें और सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड भी करें।

डिप्टी सीएम केशव ने अखिलेश पर किया पलटवार, मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर समेट देंगे

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर पलटवार करते हुए कहा कि सपा एक डूबता हुआ जहाज है और समाप्त होने वाला दल है जिसका भविष्य और वर्तमान खतरे में है। उन्होंने कहा कि मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर समेट देंगे। उन्होंने एक्स पर कहा कि मानसून ऑफर को 2027 में 47 पर जनता और कार्यकर्ता फिर समेटेंगे। एक डूबता जहाज और समाप्त होने वाला दल जिसका वर्तमान और भविष्य खतरे में है। वह मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख सकता है परंतु पूर्ण नहीं हो सकता। 2027 में 2017 दोहरायेंगे, फिर कमल की सरकार बनायेंगे। दरअसल, अखिलेश यादव ने लखनऊ में हुई भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद मची उथलपुथल के बीच बृहस्पतिवार को एक बयान दिया था जिसके बाद से ही वह भाजपा नेताओं के निशाने पर आ गए। उन्होंने एक्स पर लिखा था कि मानसून ऑफर सौ लाओ, सरकार बनाओ! जिसका जवाब डिप्टी सीएम केशव ने दिया है। अखिलेश यादव और डिप्टी सीएम केशव एक-दूसरे पर अक्सर निशाना साधते रहते हैं। भाजपा कार्यसमिति की बैठक के बाद डिप्टी सीएम दिल्ली गए थे और भाजपा अध्यक्ष से मुलाकात की थी जिस पर अखिलेश ने एक्स पर कहा था कि लौट के बुद्धू घर को आए! उनके इस बयान को डिप्टी सीएम केशव से जोड़कर देखा गया था।

01 दिसंबर को राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज लखनऊ में होगी प्रवेश परीक्षा

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून ने सत्र जुलाई 2025 के लिए कक्षा-8 में प्रवेश हेतु सूचना जारी की है। यह विद्यालय रक्षा मंत्रालय के अधीन एक अंतः सेवा शिक्षण संस्थान है, जो 1922 में स्थापित हुआ था और इसका उद्देश्य भारत की तीनों सेनाओं के लिए छात्रों को पूरी तरह से तैयार करना है ताकि उन्हें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, पुणे में अग्रिम प्रशिक्षण हेतु भेजा जा सके। प्रवेश प्रक्रिया में छात्रों और छात्राओं को लिखित प्रवेश परीक्षा के आधार पर चयनित किया जाएगा, जो1 दिसंबर को लखनऊके राजकीय जुबिली इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी। उप शिक्षा निदेशक माध्यमिक रेखा दिवाकर ने बताया कि उम्मीदवार की आयु1 जुलाई 2025 को 11.5 से 13 वर्ष के बीच होनी चाहिए और उसे 1 जुलाई, 2025 तक किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा-7 में अध्ययनरत होनाचाहिए या कक्षा-7 उत्तीर्ण कर चुका होना चाहिए। परीक्षा तीन चरणों में होगी।गणित, सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी की लिखित परीक्षा, बौद्धिक ज्ञान और व्यक्तित्व परीक्षण की मौखिक परीक्षा, और अन्य राज्यों के केंद्रीयकर्मचारियों के बच्चों के लिए विशेष प्रावधान। आवेदन पत्र राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून की वेबसाइट से ऑनलाइन भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है, जहां सामान्य जाति के उम्मीदवारों को 600 रूपये और अनुसूचित जाति जनजाति के उम्मीदवारों को 555 रूपये का भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भी आवेदन किया जा सकता है।

बुंदेलखंड में 8 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं की हुई शुरुआत

- योगी सरकार के प्रयासों से बुंदेलखंड बना निवेश का नया और सुलभ गंतव्य
- जीबीसी 4.0 में 69 हजार करोड़ की निवेश परियोजनाओं का हुआ था शुभारंभ
- 5 माह में बुंदेलखंड में कुल निवेश परियोजनाओं का 11 प्रतिशत उतरा धरातल पर
- कुल 693 में से 156 परियोजनाओं के तहत शुरू हुआ इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन
- झांसी में सर्वाधिक 6,237 करोड़ की 62 परियोजनाओं को दिया गया मूर्त रूप

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कभी पिछड़े क्षेत्र के रूप में पहचान रखने वाले बुंदेलखंड को योगी सरकार ने निवेश का नया गंतव्य बना दिया है। फरवरी माह में आयोजित ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के चौथे संस्करण (जीबीसी 4.0) में पीएम मोदी ने बुंदेलखंड के लिए करीब 69 हजार करोड़ रुपए की निवेश परियोजनाओं का शुभारंभ किया था। शुभारंभ के 5 माह के अंदर बुंदेलखंड में करीब 8 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का कॉमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो चुका है, जिससे हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। शुरू हो चुकी परियोजनाओं की यह राशि जीबीसी 4.0 में बुंदेलखंड के लिए निर्धारित परियोजना राशि की 11 प्रतिशत है और शेष परियोजनाओं के भी जल्द से जल्द शुरू होने की संभावना है।

बड़े पैमाने पर सृजित होंगे रोजगार

प्रदेश में निवेश प्रक्रियाओं की निगरानी के साथ ही निवेश को प्रोत्साहित करने वाली नोडल एजेंसी इन्वेस्ट यूपी के आंकड़ों के अनुसार, प्रदेश में अब तक कुल 1,14,345 करोड़ रुपए की 3984 परियाजनाओं का कॉमर्शियल प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। इनमें बुंदेलखंड में 7894 करोड़ रुपए की 156 परियोजनाएं शामिल हैं। यह राशि जीबीसी 4.0 में निर्धारित परियोजना राशि का 11 प्रतिशत है। जीबीसी 4.0 के दौरान बुंदेलखंड की 693 परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया था, जिनकी कुल निवेश राशि 68,933 करोड़ रुपए थी। यह जीबीसी 4.0 में कुल 10 लाख करोड़ की परियोजनाओं का 7 प्रतिशत था। परियोजनाओं की शुरुआत से बुंदेलखंड में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। साथ ही, बुंदेलखंड में लोगों को रोजगार के लिए प्रदेश के अन्य क्षेत्रों या दूसरे राज्यों का रुख नहीं करना होगा।

बुंदेलखंड में दिग्गज कंपनियां कर रहीं निवेश

चित्रकूट में टस्को लि. 4700 करोड़, सहस्त्रभुज फूड प्रोडक्ट्स प्रा. लि. 500 करोड़, वरुण बेवरेजेस लि. 496 करोड़, श्री सीमेंट्र प्रा. लि. 202 करोड़ का निवेश कर रहा है। वहीं, हमीरपुर में राजेंद्र सिंह शर्मा 660 करोड़, हिंदुस्तान यूनिलिवर लि. 230 करोड़, यूजीआर साइलस हमीरपुर प्रा. लि. 54 करोड़ का निवेश कर रहा है। जालौन में बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लि. 6000 करोड़, संचय न्यू एज डेवलपर्स प्रा. लि. 1000 करोड़, रोमिंग सोल्स टेक्नोलॉजी प्रा. लि. 900 करोड़ तो पालीवाल फूड्स प्रा. लि. 55 करोड़ के निवेश के लिए जीबीसी 4.0 में शामिल रहा है। झांसी में टस्को लि. 3430 करोड़, आरवीएनएल लि. 2840 करोड़, फोर्थ पार्टनर एनर्जी प्रा. लि.1200 करोड़ और सन सोर्स एनर्जी 600 करोड़ इन्वेस्ट कर रहा है। इसी तरह, ललितपुर में टस्को लि.3450 करोड़, यूजीआर साइलस 48 करोड़, वी एंड एस एंटरप्राइजेस 30 करोड़ का निवेश धरातल पर उतार रहा है। महोबा में टस्को लि. 1008 करोड़, आईबी वोओजीटी सोलर फोर प्रा. लि. 80 करोड़, देसी भोग 50 करोड़ और जीआरएस होटल प्रा. लि. 50 करोड़ से परियोजना पर काम कर रहा है। वहीं, बांदा में अवादा इंडसोलर प्रा. लि. 350 करोड़ रुपए के निवेश को तैयार है।

झांसी में सर्वाधिक निवेश उतरा धरातल पर

बुंदेलखंड के जिलों की बात करें तो झांसी में सर्वाधिक 6,237 करोड़ की 62 परियोजनाओं ने इंडस्ट्रियल प्रोडक्शन शुरू कर दिया है। इससे यहां के युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। जीबीसी 4.0 के दौरान झांसी में 27,533 करोड़ की 246 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ था। इस लिहाज से अभी यहां 21 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा की परियोजनाएं शुरू होनी शेष हैं, जो जल्द ही पूरी होंगी। इसी तरह, हमीरपुर में 963 करोड़ की 14 परियोजनाएं, ललितपुर में 246 करोड़ की 23 परियोजनाएं, महोबा में 195 करोड़ की 24 परियोजनाएं, बांदा में 58 करोड़ की 15 परियोजनाएं, जालौन में 46 करोड़ की 11 परियोजनाएं और चित्रकूट में 22 करोड़ की 7 परियोजनाएं शुरू हो चुकी हैं। जीबीसी 4.0 में हमीरपुर में 2,187 करोड़, ललितपुर में 15,735 करोड़, महोबा में 1,682 करोड़, बांदा में 1060 करोड़, जालौन में 13,577 और चित्रकूट में 7,157 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया था।

जन एक्सप्रेस

सम्पादकीय

मिर्जापुर, जिसकी असल पहचान कुछ और है

उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में उन्होंने मिर्जापुर से ही 'आनंद कादंबिनी' नामक पत्रिका निकाली। हिंदी के प्रसार में ताजिंदगी जुटे रहे प्रेमघन में निबंध और प्रबंध काव्य की कई अनमोल रचनाएं दी हैं। हिंदी के आदि आलोचक रामचंद्र शुक्ल पर भी मिर्जापुरी माटी का कर्ज रहा। उनके पिता मिर्जापुर में तैनात थे, लिहाजा उनके शुरूआती जीवन का बड़ा हिस्सा यहीं गुजरा, प्रारंभिक शिक्षा-दीक्षा भी यहीं हुई और यहीं से उनकी रचनात्मकता के अंकुर फूटे। हिंदी की पहली कहानी कौन है, इस पर एक राय नहीं है।

ओवर द टॉप यानी ओटीटी का मशहूर प्रोग्राम है मिर्जापुर। इसकी लोकप्रियता इतनी है कि इसका तीसरा सीजन दर्शकों के सामने हाजिर है। उम्मीद की जा रही है कि जिस तरह इसके शुरूआती दो सीजन को दर्शकों का प्यार हासिल हुआ, एक बार फिर वैसा ही स्नेह हासिल करने में यह कामयाब रहेगा। मिर्जापुर की सफलता का राज है, इसका बोल्ड कथानक और संवाद। जिसमें ठेठ भोजपुरी अंदाज में गालियों की भरमार है, परिवार के बीच अविश्वसनीय लगने वाला व्यभिचार है। माफिया है, माफिया है तो गोली-बारूद भी होगा। वर्चस्व की जंग भी होगी और राजनीति से उसके काले रिश्ते भी होंगे। जब इतना कुछ होगा तो राजनीति की गोटियां भी होंगी। राजनीतिक उठापटक भी है और राजनीति को साधने के लिए धन, ताकत और सेक्स का तड़का भी है। लेकिन इसमें कुछ नहीं है तो वह है मिर्जापुर। मिर्जापुर की ना तो इसमें मिठास है, ना ही संस्कृति है और ना ही इतिहास। इसलिए जो भी ओटीटी वाले मिर्जापुर से गुजरता है, वह मान लेता है कि मिर्जापुर की धरती त्रिपाठी परिवार जैसे माफियों की बारूद की गंध और गोली की आवाज के बीच ही कहीं अपना अस्तित्व बचाए हुए है, जहां परिवार के अंदर ही अवैध संबंधों की बहुलता है। जहां हर किसी की जिंदगी माफिया के ही इर्द-गिर्द घूमती रहती है। इसके पहले सीजन के सुपर हिट होते वक्त दिल्ली में तैनात एक दक्षिण भारतीय बड़े अधिकारी ने पूछ लिया था कि क्या मिर्जापुर ऐसा ही है, जहां हर व्यक्ति गालियां ही देता रहता है, जहां माफिया राज ही चलता रहता है। ओटीटी पर मिर्जापुर का जब भी नया सीजन आता है, मिर्जापुर के निवासियों के सामने नए सिरे से सवालों की बौछार शुरू हो जाती है। जाहिर है कि वे सारे सवाल मिर्जापुर सीरीज के जरिए रची गई छवि के इर्द-गिर्द ही होती है। मिर्जापुर के मूल निवासी एक बड़े पत्रकार ने तो अब इस बारे में सफाई देनी ही बंद कर दी है। आखिर कितने लोगों को वे बता सकते हैं कि मिर्जापुर वैसा ही नहीं है, जैसा ओटीटी के सीरीज में दिखाया जा रहा है। इसे संयोग ही कहेंगे कि मिर्जापुर से जुड़ी एक काल्पनिक रचना रही चंद्रकांता और दूसरी काल्पनिक रचना है मिर्जापुर सीरीज। उन्नीसवीं सदी के उत्तरार्ध में मिर्जापुर की ही धरती पर रची गई चंद्रकांता। बाबू देवकीनंदन खत्री की यह रचना काल्पनिक होते हुए भी इतनी दिलचस्प है कि उसे अगर पढ़ना शुरू किया तो खत्म किए बिना छोड़ना आसान नहीं है। 1888 में यह रचना छपी थी, तब उसकी लोकप्रियता ऐसी थी कि उसे पढ़ने के लिए लोगों ने हिंदी तक सीखी। कुछ वैसी ही लोकप्रियता मिर्जापुर सीरीज की भी है। कुछ वैसी ही काल्पनिक सीरीज भी है। लेकिन चंद्रकांता और मिर्जापुर में एक अंतर है। चंद्रकांता मिर्जापुर की छवि को नए सिरे से गढ़ती है, जबकि मिर्जापुर उसे बदरंग बनाती है। मिर्जापुर वैसा नहीं है, जैसा उसे सीरीज दिखाता है। मिर्जापुर की और भी पहचान है। यह बात और है कि तकनीकी क्रांति के दौर में वह पहचान मिर्जापुर सीरीज जैसे प्रयासों के पीछे कहीं छुपती जा रही है। भारत राष्ट्र की अस्मिता की पहचान है अशोक चिन्ह। अशोक महान ने इसे जिस लाल पत्थर पर खुदवाया, वह सिर्फ मिर्जापुर में ही मिलता है। बौद्ध स्तूप हों या बौद्ध धर्म के अन्य प्रतीक, ज्यादातर मिर्जापुरी लाल पत्थर पर ही गढ़े गए हैं। सिर्फ देवकीनंदन खत्री ही नहीं, हिंदी साहित्य के कई अन्य दिग्गजों की जन्मभूमि मिर्जापुर है। हिंदी साहित्य के भारतेंदु युग के महत्वपूर्ण निबंधकार रहे बदरीनारायण चौधरी 'प्रेमघन'।

एक्सप्रेस आलेख

मुग़ल और अंग्रेज शासकों के नाम पर सड़कों की भरमार है। कौन कहता है कि दिल्ली बेदिल है। ये अपने शूरवीरों को याद रखती है। अब बातें-याद करें मेजर (डॉ.) अश्वनी कान्वा की। वे भारतीय शांति रक्षा सेना के साथ 1987 में जाफना, श्रीलंका गए थे। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ मेडिकल साइंसेज के स्टुडेंट रहे थे मेजर अश्वनी कान्वा। हमेशा टॉपर रहे। मेजर कान्वा 3 नवंबर,1987 को अपने कैंप में घायल भारतीय सैनिकों के इलाज में जुटे हुए थे। उस मनहूस दिन शाम के वक्त उन्हें पता चला कि हमारे कुछ जवानों पर कैंप के बाहर ही हमला हो गया है। वे फौरन वहां पहुंचे। वे जब उन्हें फर्स्ट एड दे रहे थे तब छिपकर बैठे लिट्टे के आतंकियों ने उन पर गोलियां बरसा दीं।

याद रखना, भूल ना जाना वतन पर मरने वालों को

आर.के. सिन्हा

जवानों को याद करने की रस्म अदायगी जरूर कर लेते हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि पंजाब के लुधियाना शहर के मुख्य चौराहे पर 1971 की जंग के नायक शहीद फलाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेंखो की आदमकद मूर्ति के नीचे लगी पट्टिका को ही उखाड़ दिया गया।

अब कुछ दिनों के बाद ही 26 जुलाई को सारा देश कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाएगा। उस युद्ध में भारतीय सेना ने सभी बाधाओं को पार करते हुए भारी बलिदान देते हुये भी कारगिल क्षेत्र के बर्फीले पहाड़ों से पाकिस्तानी घुसपैठियों को खदेड़ दिया था। यह भारत का पहला टेलीविज़न युद्ध भी था जिसके दौरान टोलोलिंग और टाइगर हिल जैसे अज्ञात निर्जन शिखर सारे देश की जुबान पर आ गए थे। कारगिल युद्ध भारत और पाकिस्तान के बीच मई और जुलाई 1999 के बीच हुआ था। परवेज मुशर्रफ की सरपरस्ती में पाकिस्तान की सेना और कश्मीरी उग्रवादियों ने भारत और पाकिस्तान के बीच की नियंत्रण रेखा पार करके भारत की ज़मीन पर कब्ज़ा करने की कोशिश की। पाकिस्तान ने दावा किया कि लड़ने वाले सभी कश्मीरी उग्रवादी हैं, लेकिन युद्ध में बरामद हुए दस्तावेज़ों और पाकिस्तानी नेताओं के बयानों से साबित हो गया था कि पाकिस्तान की सेना प्रत्यक्ष रूप में इस युद्ध में शामिल थी। भारतीय सेना और वायुसेना ने पाकिस्तान के कब्ज़े वाली जगहों पर हमला किया और धीरे-धीरे अंतर्राष्ट्रीय सहयोग से पाकिस्तान को सीमा पार घुसपैठ को छोड़, अपने वतन में वापिस जाने को मजबूर किया। कारगिल युद्ध ऊँचाई वाले इलाके पर हुआ था और भारतीय सेनाओं को पहाड़ियों के नीचे से लड़ने में काफ़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ा था। परमाणु बम बनाने के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच हुआ यह पहला सशस्त्र संघर्ष था। अंततः 26 जुलाई 1999 को भारत ने कारगिल युद्ध में विजय हासिल की थी। इसलिए 26 जुलाई हर वर्ष ÷कारगिल विजय दिवस÷ के रूप में मनाया जाता है। उस करीब दो महीने तक चले युद्ध में भारतीय सेना ने लगभग 527 से अधिक वीर योद्धाओं को खोया था वहीं 1300 से ज्यादा घायल हुए थे। युद्ध में 2700 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए थे। उन शहीदों के नाम कोई भी राजधानी के राष्ट्रीय युद्ध स्मारक में जाकर देख सकता हैं। उस जंग में दुश्मन के दांत खट्टे करने वाले शहीद कैप्टन अनुज नैयर की शौर्यगाथा को किसने नहीं सुना? राजधानी के दिल्ली पब्लिक स्कूल, धौला कुआं के छात्र रहे कैप्टन अनुज नैयर जाट रेजिमेंट में थे। कैप्टन अनुज नायर ने कारगिल जंग में टाइगर हिल्स सेक्टर में अपने साथियों के घायल होने के बाद भी मोर्चा सम्भाले रखा था। उन्होंने

अफसोस कि दूसरों का इलाज करने वाले डॉ. मेजर कान्वा को फर्स्ट एड देना वाला कोई नहीं था। बेहद हैंडसम मेजर अश्वनी की शादी के लिए लड़की ढूंढी जा रही थी जब वे शहीद हुए। वे तब 28 साल के थे। आपको इस तरह के न जाने कितने ही उदाहरण मिल जाएँगे। ज़रूरत है कि वतन के लिए अपनी जान का नजराना देने वालों को सदा याद रखे भारत।

दुश्मनों को धूल में मिलाकर इस सामरिक चोटी ÷टाइगर हिल्स÷ को शत्रु के कब्जे से मुक्त करवाया था। अब बात करें कैप्टन हनीफुद्दीन की। कैप्टन हनीफुद्दीन राजपूताना राइफल्स के अफसर थे। कैप्टन हनीफुद्दीन ने कारगिल की जंग के समय तुरतुक में शहादत हासिल की थी। कारगिल के तुरतुक की ऊंची बर्फ से ढंकी पहाड़यों पर बैठे दुश्मन को मार गिराने के लिए हनीफुद्दीन ऊपर से हो रहे गोलाबारी के बावजूद आगे बढ़ते रहे थे। उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 18 में कैप्टन विजयंत थापर मार्ग है। कैप्टन थापर कारगिल युद्ध में देश के लिए कुर्बानी देने वाले सबसे कम उम्र के जांबाज थे। जून 1999 में कैप्टन विजयंत थापर ने तोलोनिंग पहाड़ी पर विजय हासिल की और भारत का तिरंगा लहराया। ये तो छोटी सी शौर्य गाथाएं हैं हमारे कुछ वीरों की। ये और बाकी तमाम वीरों को इसलिए रणभूमि में अपने प्राणों का बलिदान देना पड़ा, क्योंकि परवेज मुशर्रफ पर एक तरह से पागलपन सवार था। अंततः उसका उसे नुकसान ही हुआ। आजादी के बाद देश की सेनाओं ने चीन के खिलाफ 1962 में और पाकिस्तान के खिलाफ 1948, 1965, 1975 और 1999 में जंग लड़ी। ये सारी लड़ाईयां हम पर थोपी गईं। हमने तो कभी आक्रमण किया ही नहीं। 1987 से 19990 तक श्रीलंका में ऑपरेशन पवन के दौरान भारतीय शांति सेना के शौर्य को भी नहीं भुलाया जा सकता है। 1948 में 1,110 जवान, 1962 में सबसे ज्यादा 3,250 जवान, 1995 में 3,64 जवान, श्रीलंका में 1,157 जवान और 1999 में 522 जवान शहीद हुए। हमारी सेना में ऐसे जवानों की भी कमी नहीं है जो अलगाववादियों को पस्त करते हुए शहीद हुए। इस बीच, पिछले सप्ताह जम्मू कश्मीर में आतंकियों से लड़ते हुए शहीद पांचों जवानों के शव विगत मंगलवार को देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाए गए। उत्तराखण्ड की समृद्ध सैन्य परंपरा को अपने अदम्य साहस और पराक्रम से गौरवान्वित करने वाले अमर शहीदों की शहादत को कोटिशः नमन औरअश्रुपूरित श्रद्धांजलि। इन शहीदों में जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) समेत पांच जवान शहीद और पांच अन्य घायल हो गए थे। शहीद होने वाले जवानों में सूबेदार आनंद सिंह, हवलदार कमल सिंह, राइफलमैन अनुज नेगी, राइफलमैन आदर्श नेगी, नायक विनोद सिंह शामिल हैं। गुस्ताखी माफ, कभी-कभी तो लगता है कि रणबांकुरों को लेकर समूचे भारतीय समाज का रुख ठंडा ही रहा है। इससे अधिक निराशाजनक बात क्या हो सकती है कि पाठ्यपुस्तकों में उन युद्धों पर अलग से अध्याय तक नहीं हैं, जिनमें हमारे जवानों ने जान की बाजी लगा दी। हमारे बच्चे आज भी मुगलों और अंग्रेजों के इतिहास ही पढ़ रहे हैं। हां, हम गणतंत्र दिवस और स्वाधीनता दिवस के मौके पर जवानों को याद करने की रस्म अदायगी जरूर कर लेते हैं। कुछ समय पहले खबर आई थी कि पंजाब के लुधियाना शहर के मुख्य चौराहे पर 1971 की जंग के नायक शहीद फलाइंग ऑफिसर निर्मलजीत सिंह सेंखो की आदमकद मूर्ति के नीचे लगी पट्टिका को ही उखाड़ दिया गया। लुधियाना सेखों का गृहनगर था। उन्हें अदम्य साहस और शौर्य के लिए मरणोप्रांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। यह सिलसिला यहीं नहीं थम जाता। मोदीनगर (उत्तर प्रदेश) में 1965 युद्ध के नायक शहीद मेजर आशा राम त्यागी की मूर्ति देखकर तो किसी भी सच्चे भारतीय का कलेजा फटने लगेगा।

आज का पंचांग

किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरूरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।

तिथिः	चतुर्दशी 17:59 तक
नक्षत्रः	पूर्वाषाढा 25:48 तक
पक्षः	शुक्ल
वारः	शनिवार
योगः	वैधृति, 24:07
सूर्योदयः	05:37
सूर्यास्तः	19:17
चंद्रमाः	धनु राशि में
राहुकालः	09:02-10:45
विक्रमी संवत्:	2082
शक सम्वतः	1945
मासः	आषाढ़
शुभ मुहूर्तः	12:03-12:51

जन एक्सप्रेस

नहीं वो पैसा आया !

आकर हमने लालच में भी ।
था खाता खुलवाया ।।
इंतज़ार है अब तक ।
नहीं वो पैसा आया ।।
अलग-अलग नया नया ।
आता रोज बयान ।।
कुछ वर्षों से फिर भी ।
ना मिला सम्मान ।।
दे रहे हैं लालच ।
हमको भी बुलाओ ।।
मनमाफिक जल्द से ।
अब तो वो फल पाओ ।।
ज़ोर लगाया पूरा ।
हो जाए उद्धार ।।
गर्त में हम हैं गिरे ।
इस पर करें विचार ।।

- कृष्णेन्द्र राय

एक्सप्रेस कविता

हर किसी की माँ हो, माँ हो मेरी जैसी,
हर नारी लगती प्यारी मुझे मां जैसीद्य
रोटी के इंतजाम में गई मां की बाट जोहता,
लौटती हर औरत लगती शाम उसे मां जैसी।
मां मेरी सलोनी रुक जाए तो चंदा जैसी,
माँ तो माँ है चल पड़े तो शीतल हवा जैसी।
वो मां है नीर समझ पी लेती मेरे आंसू,
चिचिलाती धूप में माँ लगे घनी छांव जैसी।
कहां कहां खोजा मां छुप गई तू बादलों में,
ममता के हर स्नेह में खोजता छवि मां जैसी।
लौट आ अम्मा छुपा ले उसी ओढ़नी में,
ढूंढता हर मधुर पुकार में लोरी मां जैसी।
धन्य हुआ मैं मां तेरी जैसी अम्मा पाकर,
मिल जाए हर जनम दुलारी मां तेरे जैसी।

संजीव ठाकुर

एक्सप्रेस ज्ञान

आशावाद खुशी का चुंबक है। अगर आप सकारात्मक बने रहेंगे, तो अच्छी चीजें और अच्छे लोग आपकी ओर आकर्षित होंगे

एक्सप्रेस स्वास्थ्य

लंबे समय तक तेज आवाज में गाने सुनना सही नहीं, हो सकते हैं कई नुकसान

टेक्नोलॉजी में लगातार होते बदलाव सेहत को भी नुकसान करने लगे हैं। जब से हेडफोन और इयरफोन ट्रेंड में आए हैं, तब से हर कोई अपना टाइम गाने सुनकर बिताना सीख गया है। तेज आवाज में मनपसंद गाने सुनने का मजा ही कुछ और होता है। लेकिन क्या आप जानते हैं इससे आपकी सेहत पर क्या असर पड़ता है? तेज आवाज में गाने सुनने से न सिर्फ आपके कान बल्कि आपके पूरे शरीर पर असर पड़ता है। इससे आपको कई गंभीर समस्याएं होने का खतरा हो सकता है।

परमानेंट हीयरिंग लॉस: जब तेज आवाज में देर तक म्युजिक सुना जाता है, तो यह कान के छोटे हेयर सेल्स और नर्व सेल्स को नुकसान करने लगता है। इससे व्यक्ति को कुछ समय तक सुनने में परेशानी हो सकती है। कुछ कारणों में यह परमानेंट हीयरिंग लॉस का कारण भी बन सकता है।

कान में भिनभिनाहट होना: अगर आप लंबे समय तक तेज आवाज से म्युजिक सुनेंगे, तो इससे आपको टिनिटस हो सकता है। यह एक स्थिति है जिसमें कानों में लगातार घंटी बजना या भिनभिनाहट जैसा महसूस होने लगता है।

कान में इंफेक्शन होना: लंबे समय तक इस आदत के कारण आपको कान से जुड़ी कई समस्याएं हो सकती है। इसके कारण आपको कान में इंफेक्शन, कान में दर्द, वर्टिगो और इमोशनल डिस्टर्बेंस जैसी समस्याएं हो सकती है।

नुकसान से बचने के लिए 60/60 नियम फॉलो करें: अपने डिवाइस का वॉल्यूम ज्यादा से ज्यादा 60त्न तक ही सेट करें। साथ ही पूरे दिन में 60 मिनट से ज्यादा समय तक गाने नहीं सुनें। कानों को कुछ देर आराम देने से सुनने से होने वाले जोखिम को कम किया जा सकता है।

तेज आवाज वाले हेडफोन अवॉइड करें: अगर आपको लगता है कि आपके हेडफोन में धीमी आवाज भी तेज सुनाई देती है, तो इसे अवॉइड करना शुरू करें। इसके बजाय आवाज धीमे करने वाले हेडफोन सुनें, जो पीछे का म्युजिक कम करके संगीत पर ध्यान केंद्रित करने में मदद करते हैं।

अपने हेडफोन और ईयरबड्स को रोज साफ जरूर करें: अपने हेडफोन और ईयरबड्स को रोज साफ करने से ऑडियो गियर साफ रहता है। साथ ही यह कान के संक्रमण को रोकने में मदद करता है। इससे आपकी सुनने की क्षमता ठीक रहती है। इन टिप्स को फॉलो करने से आपको अपने कान को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही सप्ताह में कम से कम दो दिन तेज म्युजिक सुन्ना अवॉइड करें। ये कानों को स्वस्थ रखने में मदद करेगा।

एक्सप्रेस विशेष

कुष्ठ पीड़ितों के प्रति राम नाईक का सेवा भाव

डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

इस पर 'पद्म भूषण' से सम्मानित राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने फिर एक बार राज्यसभा में विशेष याचिका दर्ज करने का ऐलान किया और अधिवेशन में उपस्थित विभिन्न कुष्ठ संस्थाओं को साथ में सम्मिलित होने का आवाहन किया।

अभी भी दुनिया में अज्ञान के कारण लोग कुष्ठरोग को कलंक मानते हैं, उसके कारण तथा बीमारी की वजह से होने वाले व्यंग के कारण कुष्ठपीडित अभी भी प्रताड़ित है। कुष्ठपीड़ा के विषय में लोगों को सजग करने हेतु तथा कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु यह राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। दुनिया के कुष्ठपीडितों में से 60 प्रतिशत रुग्ण भारत में है ऐसी चौका देनेवाली जानकारी अधिवेशन में सामने आयी।

पूर्व केंद्रीय मंत्री और उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल राम नाईक को जयपुर में कुष्ठ पीड़ितों के अधिवेशन की अध्यक्षता हेतु उनको आमंत्रित किया गया। उनको यह आमंत्रण उनकी सेवाओं को देखते हुए दिया गया था। मुम्बई से विधान सभा का पहला चुनाव जीतने के बाद से ही उन्होंने कुष्ठ पीड़ितों के लिए कुछ करने का संकल्प लिया था। इनकी बस्ती से राम नाईक को कम वोट मिले थे। इसके बाद वह सीधे इस बस्ती में पहुंचे थे। पहली बार कोई नेता इन लोगों से मिलने आया था। राम नाईक ने चुनावी समर में 1978 में कदम रखा। वह मुम्बई की बोखिली विधानसभा सीट से निर्वाचित हुए। यहीं से उन्होंने कुष्ठ पीड़ितों की सेवा का भी संकल्प लिया था। यहां से वह लगातार तीन बार विजयी हुए। दिलचस्प बात यह कि प्रत्येक चुनाव में उनकी जीत का अन्तर बढ़ता गया। 1989 में लोकसभा के लिए निर्वाचित हुए। इसके बाद 1991, 1996, 1998, 1999 में जीतकर रिकार्ड बनाया। तीन बार विधानसभा और पांच बार लोकसभा चुनाव जीतना उनकी जमीनी राजनीति का ही परिणाम कहा जा सकता है। आमजन से जुड़े रहने के कारण ही वह लोकप्रिय रहे। इसी के साथ वह सदैव लोकहित में सक्रिय रहे। लोकसभा में पूरक मांगों के संबंध में दिए गए अपने पहले भाषण में ही उन्होंने लोकहित के मुद्दों को पुरजोर ढंग से उठाया था।कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु फिर एक बार मैं संसद में विशेष याचिका दर्ज करूंगा÷, ऐसा ऐलान कुष्ठपीड़ा के संदर्भ में जनजागृती करने हेतु जयपुर में संपन्न राष्ट्रीय अधिवेशन के अध्यक्षस्थान से राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज किया। जयपुर के 'सार्थक मानव कुष्ठाश्रम' द्वारा आयोजित इस राष्ट्रीय अधिवेशन में देश के 18 राज्यों के प्रतिनिधि शामिल थे। श्री नाईक ने याद दिलाया कि वर्ष 2008 में उन्होंने देश के विभिन्न कुष्ठपीडित संगठनों के साथ कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु राज्यसभा में विशेष याचिका दर्ज की थी। राज्यसभा की याचिका समिति ने देश के विभिन्न कुष्ठपीडित बस्तियाँ, केन्द्रों की यात्रा कर अपनी अभ्यासपूर्ण रपट बनायी थी। और वर्ष 2010 में उसकी 'एक्शन टेकन रिपोर्ट' भी आ गयी। इस रिपोर्ट के चलते विश्व आरोग्य संगठन तथा आरोग्य मंत्रालय के अनुसार कुष्ठपीडितों की विद्यमान वैद्यकीय स्थिति के मद्देनजर लगभग 16 कानूनों में सुधार लाने की बात कही गयी थी। तलाक संदर्भ में सभी धर्मों के कानूनों के साथ-साथ रेल यात्रा अनुमति, चुनाव लड़ने के अधिकार आदि संबंधी कानूनों की बात की गयी थी। कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता कहने पर भी सहमति थी। मगर अभी भी रपट में लिखी कई बातों पर कार्यवाही नहीं हुई है, इतनाही नहीं तो कई राज्यों में अभी भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता नहीं मिलता, ऐसी बातें इस अधिवेशन में सामने आयी। इस पर 'पद्म भूषण' से सम्मानित राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक ने फिर एक बार राज्यसभा में विशेष याचिका दर्ज करने का ऐलान किया और अधिवेशन में उपस्थित विभिन्न कुष्ठ संस्थाओं को साथ में सम्मिलित होने का आवाहन किया। इस अधिवेशन में राजस्थान में अभी भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता नहीं मिल रहा है ऐसा कहा गया। इस पर जिस तरह राज्यपाल रहते हुए उत्तर प्रदेश में श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री जी से विशेष अनुरोध कर कुष्ठपीडितों को प्रति माह रु।2,500/- जीविका भत्ता शुरू करवाया। उसी तरह राजस्थान में भी कुष्ठपीडितों को जीविका भत्ता मिले इसलिए अगुवाई करने का वादा राजस्थान के मा। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने किया। उन्होंने आयोजकों से तथा सम्मेलन में उपस्थित राजस्थान की अन्य संस्थाओं को कहा कि वें आवेदन तैयार करें; फिर उन्हें मुख्यमंत्री जी के पास स्वयं राज्यपाल लेकर जाएंगे। पूर्व राज्यपाल श्री राम नाईक तथा राज्यपाल श्री कलराज मिश्र के उद्बोधन से अधिवेशन में नवचेतना निर्माण हुई। अभी भी दुनिया में अज्ञान के कारण लोग कुष्ठरोग को कलंक मानते हैं, उसके कारण तथा बीमारी की वजह से होने वाले व्यंग के कारण कुष्ठपीडित अभी भी प्रताड़ित है। कुष्ठपीड़ा के विषय में लोगों को सजग करने हेतु तथा कुष्ठपीडितों के सबलीकरण हेतु यह राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। दुनिया के कुष्ठपीडितों में से 60 प्रतिशत रुग्ण भारत में है ऐसी चौका देनेवाली जानकारी अधिवेशन में सामने आयी। अलग-अलग 800 बस्तिओं में तथा संस्थाओं में देश के कुष्ठपीडित निवास करते हैं। उनका प्रतिनिधित्व इस अधिवेशन में किया गया।

जहर खाने से विवाहिता की मृत्यु, पति समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। शुक्रवार को भीरा थाना क्षेत्र के गांव लालूटांडा निवासी विवाहिता की ट्रॉमा सेंटर में दौरान इलाज के मृत्यु हो गई। जहर खाने से विवाहिता की हालत बिगड़ी थी। मंगलवार को विवाहिता को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मृतक विवाहिता के परिजनों ने ससुरालीगणो पर पुत्री को प्रताड़ित करने और जहर खिलाकर जान से मारने का गंभीर आरोप लगाया है। मृतका के भाई की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत सात के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है गौरतलब है। विवेक सिंह पुत्र महेश पाल सिंह निवासी गांव चूरा टांडा मजरा लुधौरी थाना निघासन द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दहेज की मांग को लेकर सुसरालीजन 30 वर्षीय बहन वंदना को मारते पीटते थे। मंगलवार को उन्होंने बहन को पीटकर जबरदस्ती जहर खिला दिया। गुरुवार को लखनऊ ट्रॉमा सेंटर में वंदना की मौत के बाद ससुराल वाले पोस्टमार्टम करवाकर शव घर ले आए और अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी। सूचना मिलने पर वह ससुराल पहुंचा और मौत का कारण पूछा।इस पर संजय सिंह व दिनेश सिंह गाली गलौज करने लगे। पुलिस ने तहरीर के आधार पर शिवराज सिंह (पति), राम औतार सिह ससुर, विद्यारानी सास निवासी गांव लालू टांडा थाना भीरा, मंजू सिंह ननद, सुमन सिंह ननद निवासी कस्बा भीरा, संजय सिंह निवासी दीवान टांडा और दिनेश सिंह पुत्र अज्ञात निवासी भीरा बहनोई के खिलाफ घरेलू हिंसा, दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मामले की जांच क्षेत्राधिकारी गोला अजेंद्र यादव करेंगे।

डीएम एसपी पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र पहुंचे भ्रमण कर लिया बाढ़ की स्थिति का जायजा

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

शुक्रवार सुबह सूचना मिली कि शारदा का जलस्तर इतना बढ़ गया कि भीरा-पलिया मार्ग पर भी पानी चल रहा है। इसी मार्ग से रास्ता तय करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा पलिया तहसील के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया।

सर्वप्रथम डीएम-एसपी पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र श्रीनगर पहुंचे, आम जनता से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी। नदी की वजह से क्षतिग्रस्त रेलवे ट्रैक का मौका मुआयना किया।एसडीएम कार्तिकेय सिंह को बाढ़ की स्थिति पर नजर बनाए रखने के निर्देश दिए। डीएम-एसपी ने एनएचएआई के सड़क मार्ग पर अतरिया में जल निकासी दूसरी तरफ किए जाने के उद्देश्य से ह्यूम पाइप डालने वाले कार्य का निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।

डीएम-एसपी ने तहसील, ब्लाक पलिया के बाढ़ प्रभावित गांव बसंतापुरकला, मकनपुर का भ्रमण कर पीड़ितों का दर्द जाना। उन्होंने बाढ़ की स्थिति की बारीकी से जानकारी हासिल की। मौजूद किसानों, ग्रामीणों से वार्ता कर भोजन पैकेट, खाद्यान्न किट वितरण कर अद्यतन स्थिति जानी। डीएम ने आपदा से प्रभावित लोगों से कहा कि संकट की इस घड़ी में पूरा शासन-प्रशासन उनके साथ है। सरकार की ओर से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। डीएम ने निरीक्षण में पाया कि गन्ने की फसल काफी खराब हो गई। एसडीएम को निर्देश दिए कि जल्द ही सर्वे कार्य पूर्ण किया जाए। हालांकि एसडीएम ने ज्यादातर प्रभावितो का सर्वे करा दिया गया है। अवशेष प्रभावितो का सर्वे 02 दिन में पूर्ण करने के निर्देश दिए। एसपी ने ग्रामीणों से संवाद किया। जाना कि उन्हें किसी बात का भय तो नहीं है।

पानी से घिरे ग्रामवासियों से नाव पर हाल जानने पहुँचे राजा राजेश्वर सिंह, बांटे लंच पैकेट

जन एक्सप्रेस । निघासन खीरी

बाढ़ से निघासन क्षेत्र में आयी तबाही में भाजपा नेता राजा राजेश्वर सिंह पानी से प्रभावित गावों में भ्रमण करते हुए ग्रामवासियों का हाल व समस्याओं को जानते हुये उन्हें लंच पैकेट पहुँचाने का कार्य कर रहें हैं। उन्होंने दर्जनों गावों का भ्रमण गाड़ी एवं ट्रेक्टर से किया व विस्थापित लोगों को भोजन दिया। इसी कड़ी मे राजा राजेश्वर सिंह तारानगर के शंकरी गौढ़ी पहुँचे जो कि पानी आने के कारण चारो तरफ़ से कट गया था। यह गाँव नदी के तट पर लगभग 2 कि.मी बसा है मगर बीच बीच मे कटान से नाला बनने के कारण केवल नाव द्वारा ही लोगों तक पहुचना संभव हो पा रहा है। राजा साहब उस क्षेत्र के अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नावों में सवार होकर व लंच पैकेट लेकर नदी की बहती धार में लोगों से मिलने पहुँचे। कुछ साथ मे आये लोगो ने बढ़ते पानी को देखते हुए इस प्रकार नाव से न जाने की सलाह भी दी तो राजा साहब ने कहा कि जब तक मै उनके बीच नही पहुँचुंगा तब तक उनका सही हाल मै नही जान सकूंगा व मेरे जाने से उनका मनोबल भी बढ़ेगा। जब लगभग 1.0 कि.मी नाव द्वारा चलने के उपरांत वे टट पर पहुँचे तो ग्रामवासी राजा साहब को देखकर बहुत प्रसन्न हुये व उन्होने उनका अभिनन्दन करते हुये अपनी सभी समस्याओं से राजा साहब को अवगत कराया। राजा राजेश्वर सिंह ने उन्हे लंच पैकेट दिये व प्रशासन से हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया व पुनः नाव में सवार होकर वापिस आ गये। बाद में तब तक मूड़ा बुजुर्ग के प्रधान मनोज निशाद भी खबर सुनकर पहुँचे व शेष ग्रामवासियों को साथ में लंच पैकेट वितरित किये। राजा साहब ने प्रधान जी को भी अपने स्तर पर गाँव वालों की विशेष चिंता करने को कहा। राजा साहब के आने की खबर सुनकर वहाँ से सटे श्रीरामपुरवा के लोग भी नाव द्वारा पहुँचे जिनको भी राजा साहब ने लंच पैकेट व मदद का आश्वासन दिया। उनके आवास झण्डी स्थिति गढ़ी में कई दिनों तक लंच पैकेट बनते व विभिन्न गावों में बाढ़ पीड़ितों को वितरित हो रहे हैं। राजा साहब के साथ साथ अंतरवेद भाजपा मंडल महामंत्री चंद्रशेखर भार्गव, मंडल उपाध्यक्ष जयप्रकाश निगम, मंडल उपाध्यक्ष सौरभ शुक्ला , शक्ति केंद्र संयोजक घनश्याम निगम, विजय निषाद बूथ अध्यक्ष, मुरारी निशाद बूथ अध्यक्ष , खुशीराम लोधी, रफत हुसैन, सुरेश राजपूत, नंदलाल निषाद, जसवंत निषाद, सर्वेश चौहान आदि तमाम कार्यकर्ताओं ने लंच वितरण किया।

पत्रकार पर दर्ज केस से गंभीर धाराएं हटाने के लिए एसपी को सौंपा ज्ञापन, पत्रकार हुए लामबंद

जन एक्सप्रेस । राजीव दिवाकर

सीतापुर। रेउसा थाना क्षेत्र में बीती 17 जुलाई को पत्रकार प्रेम प्रकाश वाजपेयी पर दर्ज किए गए मुकदमे को लेकर पत्रकारों में काफी रोष रहा। इस मामले को लेकर शुक्रवार को पत्रकारों ने एसपी चक्रेश मिश्रा से मिल कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पत्रकार प्रेम वाजपेयी पर दर्ज केस से गंभीर धाराएं हटाने और दूसरे पक्ष पर भी केस दर्ज करने की मांग रखी गई। ज्ञात हो आई बीती 17 जुलाई की शाम को रेउसा के रहने वाले पत्रकार प्रेम प्रकाश वाजपेयी का संदीप अवस्थी नाम के एक व्यक्ति से विवाद हो गया था। जिसके चलते संदीप अवस्थी ने अपने साथियों के साथ मिल कर पत्रकार की लात घूसों से पिटाई कर दी थी। वही जब पत्रकार द्वारा अपने बचाव के लिए हाथापाई की गई तो हमलावरों में इसका वीडियो बना कर प्रेम वाजपेयी पर ही मारपीट करने का आरोप लगा दिया। इतना ही नहीं लूट का आरोप लगाते हुए रेउसा थाने में एफआईआर भी दर्ज करा दी थी। वहीं जब प्रेम वाजपेयी प्रार्थना पत्र लेकर थाने पहुचें तो पुलिस ने उनका केस दर्ज करने के बजाय उन्हें ही थाने में बैठा दिया था। जिसके बाद 18 जुलाई को प्रेम वाजपेयी के पेट व अन्य अंगों में भारी दर्द की शिकायत होने पर पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई, बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। जहां पर उनका इलाज जारी है। प्रेम वाजपेयी पर लूट समेत अन्य गंभीर धाराओं में दर्ज केस के विरोध में शुक्रवार को पत्रकारों ने एसपी चक्रेश मिश्रा से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे मांग की गई की पत्रकार प्रेम वाजपेयी पर लगी फर्जी लूट की धारा हटाई जाए। इस पर एसपी ने पत्रकारों को अस्वासन दिया कि प्रेम के केस से सभी गंभीर धाराएं हटा दी जाएगी।

एसपी ने बताया कि संदीप अवस्थी की ओर से उनके साथ हुई मारपीट का वीडियो साक्ष्य के तौर पर उपलब्ध कराया गया है। यदि पत्रकार की ओर से भी ऐसा कोई साक्ष्य मिल जाये तो इस पक्ष की ओर से भी केस दर्ज करा दिया जाएगा। एसपी ने पत्रकारों को अस्वासन दिया है कि मामले की निष्पक्ष तरीके से जांच कराते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर पत्रकार सुधांशु सक्सेना, सुभाष शुक्ला, श्रेष्ठ सक्सेना, अमरजीत सिंह, आशीष मिश्र, आनंद शुक्ला, ओम प्रकाश मिश्रा, हिमांशु सिंह, वैभव दीक्षित, रोहित मिश्रा, ज्ञान प्रकाश सिंह प्रतीक साकेत चौहान, अनुज सिंह भदौरिया, योगेश श्रीवास्तव, सरोज शुक्ला गोल्डी समेत अन्य कई पत्रकार साथी मौजूद रहे।

जलभराव की समस्या से जूझ रहे मोहल्ले वासी

जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी-खीरी

नगर पालिका की उदासीनता के चलते थोड़ी सी बारिश में पूरे नगर में जलभराव की समस्या पैदा हो जाती है परन्तु नगर पालिका प्रशासन नगर की इस भीषण समस्या पर कोई ध्यान नहीं नही देती जिस कारण इस जल भराव की समस्या के चलते नगरवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश और नालियों का गन्दा पानी लोगो के घरों में घुस जाने से घरों का कीमती सामान भी खराब होने के साथ किसी इलेक्ट्रानिक सामान से घर में भरे इस पानी में करंट भी उतरने का खतरा लोगो को बना हुआ है। इस जल भराव की समस्या से तंग आकर मोहल्ला भीतर मोहम्मदी निवासी दीपेन्द्र कुमार मोहन 18 जुलाई की रात्रि 10ः30 बजे शाहजहांपुर हाइवे पर नगर पालिका गेट के सामने अपने परिवार को लेकर धरने पर बैठ गया किसी प्रकार समझा बुझाकर परिवार को धरने से हटाया गया। तब दीपेन्द्र ने प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देकर बताया कि उसने कई बार जल भराव की समस्या से अवगत कराया गया था परन्तु नगर पालिका द्वारा इस समस्या पर कोई ध्यान नही दिया गया।

कई बार पमपिंग सेट से घर वा गली का बारिश का गन्दा पानी निकाला था। मेरे वा मेरे भाई के छोटे छोटे बच्चे है इस जल भराव से संक्रमण भी फैल सकता है। अगर समय रहते नालों की समुचित सफाई कराई गई होती और नए नालों का निर्माण एवम जो नाले और नालिया चोक हो गए है उन्हे सही करा दिया गया होता तो जल भराव की समस्या से नगरवासियों को नही जूझना पड़ता। जबकि शासन से नालों और नालियों की सफाई के लिए लाखो का बजट आया था परन्तु नगर के किसी भी नाले की सफाई नही कराई गई जबकि पिछले वर्ष नगर के मोहल्ला सरैया मंडी में जल भराव और गन्दगी से कई बच्चो की मौत हो चुकी है परन्तु फिर भी नगर पालिका द्वारा इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया गया।

फास्ट फॉरवर्ड

विद्युत करेंट से झुलसे युवक की अस्पताल में मौत

जन एक्सप्रेस । हरदोई। हरपालपुर। थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव में हाई टेंशन विद्युत लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलसे युवक की जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के शेखपुर गांव निवासी 40 वर्षीय रंजीत पुत्र प्रभुदयाल गुरुवार की शाम को गांव के ही दिनेश की विद्युत आपूर्ति हेतु ट्रांसफार्मर से केवल को बंधवा रहा था। अचानक वह विद्युत लाइन के तार की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया।करंट से झुलसने के बाद आनन फानन में परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। बताया जाता है कि मृतक के चार बच्चे हैं। वह मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था। पोस्टमार्टम के बाद शुक्रवार को गांव में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

तहसीलों पर समाधान दिवस 22 को होगा

जन एक्सप्रेस । हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि शासन के निर्देशानुसार 20 जुलाई 2024 को वृक्षारोपण अभियान के दृष्टिगत 20 जुलाई 2024 तृतीय शनिवार को सभी तहसीलों मे होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 22 जुलाई 2024 (सोमवार) को किया जायेगा।

विवाहिता से मारपीट कर घर से निकालने का आरोप,रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। मायके में रह रही एक महिला का पति चार माह से उसकी विदा कराने नही आया। महिला के भाई ने अपने बहनोई सहित बहन के ससुराल पक्ष के छह लोगों पर मारपीट कर बहन को घर से निकालने और फिर विदाई कराने नही आने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कस्बे के मोहल्ला खाराकुआं निवासी प्रमोद पाठक ने दी हुई तहरीर में बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व बहन सरिता की शादी विपिन दीक्षित उर्फ संतोष निवासी ककर घटा विल्हारी थाना शाहाबाद के साथ की थी। तहरीर में बताया कि 26 फरवरी 2024 को बहनोई विपिन ने अपनी माँ पत्नी देवी, बड़े भाई संजय दीक्षित, भाभी नीलम, बहन मोनी देवी व चाचा प्रमोद कुमार के साथ मिलकर मेरी बहन के साथ गाली गलौज कर मारपीट की। उसके बाद उसे घर से निकाल दिया। तब से बहन मेरे घर पर रह रही है। प्रमोद ने तहरीर में लिखा है कि इस मामले की शिकायत शाहाबाद थाने पर कई बार की लेकिन पुलिस की तरफ से कोई कार्रवाई नही की गई। इंस्पेक्टर आलोक मणि त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग दर्ज किया गया है। मामले की जांच कर उचित कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

पाली कस्बे में 6 दिनों से खड़ी लावारिस बाइक मिलने से हड़कम्प

जन एक्सप्रेस । हरदोई। पाली। पाली के मोहल्ला विरहाना में पिछले 6 दिनों से लावारिस हालत में खड़ी एक बाइक की जानकारी स्थानीय लोगों के द्वारा पाली पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बाइक के बारे में पूछताछ की, बाइक मालिक के बारे में जब कोई जानकारी नहीं मिल सकी, तो पुलिस ने बाइक को अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। पाली के मोहल्ला विरहाना के लोगों ने बताया कि 6 दिन पहले उनके मोहल्ले में बारात आई हुई थी। उसी समय से यह बाइक एक घर के बाहर खड़ी हैं। घर के मालिक और आस-पड़ोस के लोगों ने समझा कि बाइक किसी रिश्तेदार की है या फिर किसी जानने वाले ने खड़ी कर रखी है। लेकिन 6 दिनों तक बाइक को जब कोई नहीं ले गया। तो स्थानीय लोगों को शक हुआ । जिस घर के बाहर यह बाइक खड़ी थी वहां के मकान मालिक के द्वारा आसपास के लोगों को बुलाकर बाइक के बारे में जानकारी की गई। सभी ने अनिभिज्ञता जताई। जिसके बाद पाली पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस की एक टीम मौके पर पहुंची और बाइक को पुलिस ने सुपुर्दगी में ले लिया। पुलिस अब बाइक मालिक की तलाश में जुट गई है। सवाल यह है कि अगर बारात में आया कोई बाराती अपनी बाइक भूल गया था, तो वह एक या दो दिन के बाद जरूर आकर ले जाता । लेकिन 6 दिन तक भी बाइक मलिक का कोई आता पता नहीं। जिससे यह मामला और भी संदिग्ध होता जा रहा है । आखिर किसने और क्यों यह बाइक यहां पर खड़ी थी।

खाद्य सुरक्षा विभाग की जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विवेकानंद सभागार में नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी की अध्यक्षता में खाद्य सुरक्षा समिति की बैठक हुई। नगर मजिस्ट्रेट ने कहा कि नकली खाद्य सामग्री की बिक्री न होने दी जाये। नकली सामग्री को रोकने में योगदान देने वाले लोगों को सम्मानित किया जाये। इसके लिए प्रतिष्ठित लोगों को जागरूक किया जाये। आम जन को जागरूक किया जाये। छोटे दुकानदारों को जागरूक किया जाये कि कचरा नालों में न डाला जाये। जागरूकता में अधिक से अधिक जन सहभागिता सुनिश्चित की जाये। चाट व अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों के पास डस्टबिन रखी जाये। नगर क्षेत्र में सफाई का कार्य कराया जाये। खाद्य सुरक्षा को लेकर स्कूलों में कार्यशाला का आयोजन किया जाये।उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाये। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा कुमार गुंजन ने कहा कि आम जन किसी भी शिकायत के लिए विभाग की ओर से जारी किये गए टोल फ्री नंबर 18001805533, 0522-2258101 पर कॉल कर सकते है। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर स्वागतिका घोष व समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

नगर पालिका की बोर्ड बैठक में करोड़ों के विकास कार्यों का प्रस्ताव पारित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

खैराबाद। नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में सड़क, नाली निर्माण, प्रकाश, सफाई व्यवस्था व अन्य मूलभूत सुविधाओं तथा विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपये के प्रस्ताव सर्व सम्मति से पारित किए गए।

आज 19 जुलाई 2024 नगर पालिका परिषद खैराबाद की बोर्ड की विशेष बैठक श्री मती बेबी गुप्ता की अध्यक्षता में पूर्व निर्धारित तिथि व समय के अनुसार अपराह्न 03:00 बजे पूर्ण हुई। जिसमें नगर के विकास के परिपेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु 39 करोड़ 59 लाख का बजट सर्वसम्मति से बोर्ड द्वारा पारित किया गया। वित्तिय वर्ष 2024-25 के बजट में नगर की आधार भूत संरचना, सड़क, नाली, पेयजल व्यवस्था, जलनिकासी, साफ-सफाई एवं रोजगार सृजन हेतु व्यवस्थायें की गई है, जिसे की नगर चतुर्दिक विकास सम्भव हो सके, साथ ही बजट में सृजनात्मक कार्यो पर भी बल दिया गया। बोर्ड द्वारा नगर की आय बढ़ाने के लिए भी बैठक में बल दिया गया एवं आय बढाने के साधनों के साथ-साथ उससे सम्बन्धित निमावलिया भी बनाने हेतु पास किय गयें तथा अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी प्रस्ताव के अनुरूप कार्य करने हेतु अधिकृत किया गया। अध्यक्ष महोदया द्वारा नगर के विकास में सहयोग एवं साथ-साथ चलने हेतु वार्ड सभासद गण का आभार प्रकट किया गया एवं तत्पश्चात सधन्यवाद बोर्ड की बैठक समाप्त हुयी। बोर्ड बैठक में श्री विष्णु कुमार, श्री हबीब, श्रीमती मुन्नी, श्री युसुफ खॉ, श्री उमेश, श्रीमती शबेनाज़, श्री सुनील, श्री फरजन्द अली, श्री आलोक बाजपेई, श्री राकेश चन्द्र, श्री मो0 मुर्सलीन, श्रीमती मोमिना, श्री जफरयाब बेग, श्री शकील अहमद, श्री मो0 नसीम खॉ, श्री मो0 जावेद, श्री सऊद अहमद, श्रीमती कविता, श्री साबिर अली, श्री हसीन अहमद, श्रीमती राशदुन निशां, श्रीमती शायरून निशां, श्रीमती नासरा बानों, श्रीमती रोशन जहॉ, श्रीमती महरून निशा व श्री प्रेम शंकर गुप्ता अधिशासी अधिकारी, श्री मनोज राना सफाई एवं खाद्य निरीक्षक एवं श्री नदीम आल लिपिक उपस्थित रहें।

मारपीट कर कपड़े फाड़ने का आरोप, पुलिस को दी तहरीर

जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी

बिजुआ क्षेत्र की एक महिला ने कई लोगों पर मारपीट और कपड़े फाड़ने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।बिजुआ क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुर निवासी कल्पना राज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह शहर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना में रहती है और शहर में एक अस्पताल में काम कर रही है। गुरुवार शाम वह विकास चौराहे पर खड़ी थी तभी तीन-चार लोगों ने बकाया रुपयों को लेकर उसे घेर लिया मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ डाले।

आसपास के लोगों ने उसे बचाया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। कोतवाली प्रभारी रमेशचंद्र पांडे ने बताया महिला की तहरीर मिली है।कस्बा इंचार्ज सुनील सिंह जांच के लिए भेजा है।

अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । हरदोई

उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार सिंह के सरंक्षण एवं अनुमति से एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान मे शुक्रवार को अपर जिला जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भूपेन्द्र प्रताप द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अपर जिला जज द्वारा जिला कारागार में इंडियन ऑयल की ओर से खेलो के आयोजन का उद्घाटन किया तथा बंदियों को खेल के प्रति जागरूक/प्रोत्साहित किया तत्पश्चात अपर जिला जज द्वारा बैरक में बन्दियों से उनकी समस्याओं के बारे में जानकरी प्राप्त की गई तथा बंदियो से खान-पान के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। अपर जिला जज ने बंदियो से कहा कि धैर्य बनाये रखे और अपने मुकदमे की पूर्ण जानकारी अपने अधिवक्ता से ले। जेल प्रशासन को निर्देशित किया गया कि बंदियों की समस्यायों के समाधान के लिए लीगल एड डिफेन्स काउंसिल से निःशुल्क विधिक सहायता के लिए प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रेषित करें। निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक सतीश चंद्र त्रिपाठी डिप्टी जेलर ओमकार पांडेय, लीगल एड डिफेंस काउंसिल देवेन्द्र कुमार सिंह, पवन गुप्ता व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक अभिषेक अवस्थी आदि उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में 50 लाख से अधिक परियोजनाओं की समीक्षा बैठक हुई आयोजित

जन एक्सप्रेस । सीतापुर

जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में संचालित 50 लाख रुपए से अधिक लागत की समस्त परियोजनाओं (सड़कों को छोड़कर) की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि गुणवत्ता की जांच से संबंधित समस्त लम्बित आख्या एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाय। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिजों में रेलवे के स्तर से कार्य लंबित हैं, उनके कार्यों को समय से पूर्ण किए जाने हेतु उनके स्तर से पत्र प्रेषित कराया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जिन निर्माणाधीन परियोजनाओं में विद्युत कनेक्शन का कार्य अभी तक नहीं हुआ है, उनमें प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन का कार्य कराया जाए। संबंधित विभाग व्यय राशि के सापेक्ष समय से उपभोग प्रमाण पत्र प्रेषित करें। पर्यटन विभाग की परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराने तथा अलग से सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कराए जाने हेतु निर्देश दिए, जिससे परियोजनाओं को समय से पूर्ण कराया जा सके। पूर्ण परियोजनाओं को निर्धारित प्रक्रिया का पालन कराते हुए शीघ्र हस्तांतरित कराए जाने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान सुरक्षा मानकों का अवश्य पालन किया जाए। धीमी प्रगति वाली संस्थाओं को कार्य की प्रगति में सुधार के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि समीक्षा हेतु जीपीएस युक्त फोटोग्राफ प्रयोग की जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 हरपाल सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए राम आसरे सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण सूचना

मुरादाबाद मंडल के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सेक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के चलते प्री–नॉन–इंटरलॉकिंग एवं नॉन–इंटरलॉकिंग कार्य के संबंध में दिनांक 05.07.2024 को विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित सार्वजनिक सूचना में रेलगाड़ियों के मार्ग परिवर्तन की तिथियों में परिवर्तन किया गया है, जो निम्नानुसार है:–

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम	परिवर्तित मार्ग (वाया)	मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
15529 सहरसा जं. – आनंद विहार (ट) जनसाधारण एक्सप्रेस	सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद	24.07.2024 एवं 31.07.2024
15530 आनंद विहार (ट) – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस	रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.	25.07.2024 एवं 01.08.2024
15621 कामाख्या – आनंद विहार (ट) एक्सप्रेस	सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद	25.07.2024 एवं 01.08.2024
15622 आनंद विहार (ट) – कामाख्या एक्सप्रेस	रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.	27.07.2024 एवं 03.08.2024
14009 बापूधाम मोतिहारी – आनंद विहार (ट) चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस	सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा के बजाय बुढ़वल जं. – बाराबंकी जं. – लखनऊ – कानपुर सेंट्रल – गाज़ियाबाद	21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024
14010 आनंद विहार (ट) – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस	रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर के बजाय गाज़ियाबाद – कानपुर सेंट्रल – लखनऊ – बाराबंकी जं. – बुढ़वल जं.	22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

आज़ादी का अमृत महोत्सव
उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चंदा बनीं ओबीसी पार्टी महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष

जन एक्सप्रेस/चौरीचौरा। ऑल इंडिया आशा बहू महासंघ की राष्ट्रीय अध्यक्ष चंदा यादव को ओबीसी पार्टी महिला सभा का उत्तर प्रदेश का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। प्रदेश कार्यकारिणी ने ओबीसी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष काली शंकर यदुवंशी की अनुमति से महिला सभा प्रदेश अध्यक्ष का मनोनयन किया है। ओबीसी पार्टी सुप्रीमो काली शंकर यदुवंशी ने कहा कि चंदा यादव के इस पद पर आसीन होने से पिछड़ी और अनुसूचित जाति की महिलाओं की आवाज पूरे उत्तर प्रदेश में और बुलंद होगी। यह नियुक्ति हमारे पार्टी संगठन को भी बल प्रदान करेगी।

चंदा यादव के प्रदेश अध्यक्ष बनने पर पार्टी संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में महिला सभा नई ऊंचाइयों को छूएगी और प्रदेश की महिलाओं के हितों की रक्षा करेगी। इस नियुक्ति से न सिर्फ पार्टी को बल मिलेगा बल्कि प्रदेश की महिलाओं को भी सशक्तिकरण की दिशा में नई प्रेरणा मिलेगी।

सत्याग्रहियों ने 11वें शतक पर भरी हुंकार भ्रष्टाचारियों की धमकियां हुई नाकाम

*** सरकार की खामोशी के विरुद्ध 24 को संगठन सर्वाजनिक करेगा विरोध स्वर -रमाकांत**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

लोक निर्माण विभाग के भ्रष्टाचार के विरुद्ध 13 जुलाई 2021 से चरणबद्ध तरीके से चल रहे सत्याग्रहियों का सत्याग्रह संकल्प का 11 वां शतक बेखौफ पार करते हुए संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष शैलेंद्र कुमार मिश्र ने कहा कि भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का शंखनाद करने वाली सरकार की नाकामी 11 सौ दिनों से चल रहे सत्याग्रह संकल्प ने सार्वजनिक कर दिया। भ्रष्टाचार पर नाकाम सरकार के संरक्षण में मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग गोरखपुर द्वारा अपने संगठित गिरोह के माध्यम से सत्याग्रहियों को दिए जा रहे धमकियों को गति प्रदान कर सत्याग्रह संकल्प को गैर संवैधानिक तरीके से जबरन असफल करने की धमकियां दी जा रही हैं। ऐसे में किसी भी क्षण अप्रिय घटना घटने की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस घटना क्रम से शासकीय प्रशासकीय तंत्र की गिरते नैतिकता का आकलन किया जा सकता है।

भ्रष्टाचार मिटाना, भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई सत्याग्रह संकल्प का नारा

भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने में विफल सरकार सत्याग्रह और सत्याग्रहियों को मिटाने पर आमादा है। सत्याग्रह स्थल पर बैठे संगठन के कुशीनगर जिला अध्यक्ष पवन कुमार गुप्ता ने कहा कि सत्याग्रह संकल्प का नारा है भ्रष्टाचार मिटाना है और जब तक भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा तब तक सत्याग्रह संकल्प धरातल पर जारी रहेगा।जब तक भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा तब तक सत्याग्रह संकल्प धरातल पर जारी रहेगा। जब तक भ्रष्टाचार नहीं मिटेगा तब तक सत्याग्रह संकल्प धरातल पर जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि सरकार की सत्याग्रह के विरूद्ध संगठित विध्वंशकारी नीतियां नष्ट करने में संगठन सक्षम है।

सरकार सत्याग्रह संकल्प कुचलने का रच रही कुचक्र

उक्त के क्रम में सत्याग्रह स्थल पर बैठे संगठन के जिला मंत्री रामचंद्र दुबे ने कहा कि अजीब विडंबना है सरकारें अपनी नाकामी छुपाने व अपनी पीठ थपथपाने के लिए अपने विरुद्ध बज रहे बिगुल के स्वर को समाप्त करने के कुचक्र रचने में मशगूल है, इससे बेहतर होता कि विरोध की स्वर सुन आत्मसमीक्षा कर अपनी संवैधानिक कारगुजारियों को अंजाम देते। सत्याग्रह स्थल पर बैठे संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि सरकार अंग्रेजी दमनकारी नीतियों की पुनरावृत्ति करने की राह पर चल रही है जो आने वाले दिनों में उसके लिए श्रेयस्कर नहीं होगा। सत्याग्रह संकल्प तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार व न्यायिक क्षेत्र द्वारा सज्ञान में नही लिया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रमाकांत पाण्डेय प्राजूष् ने उपस्थित कार्यकर्ताओं की सहमति से कहा कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध प्रचलित सत्याग्रह संकल्प के 11वें शतक पर सरकार की खामोशी व उदासीनता के विरूद्ध विरोध का स्वर 24 जुलाई 2024 को जन जागरूकता के उद्देश्य से सार्वजनिक करेगा। जिसमें अधिवक्ता,व्यवसायी एवं शिक्षक समुदाय के साथ समाज के विभिन्न वर्गों के लोग प्रमुखता से शिरकत करेंगे।

भाजपा विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं, सलेमपुर, लार नगर पंचायत अध्यक्ष - अशोक पाण्डेय

जन एक्सप्रेस/सलेमपुर(देवरिया)। भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने क्षेत्र में आपसी सहयोग सामंजस्य और जनप्रतिनिधियों के सहयोग/असहयोग के मुद्दे को प्रमुखता उठाया। इसी क्रम में वरिष्ट भाजपा नेता अशोक पाण्डेय ने एक प्रस्ताव रखते हुए कहा की आदर्श नगर पंचायत लार के अध्यक्ष मूसा रजा लारी और सलेमपुर नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीराम यादव भाजपा के सदस्य हैं कि नही इसकी जांच करवा ली जाए, ऐसे लोग निरंतर पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त है जिससे आमजन में पार्टी और सरकार की साख कमजोर हो रही है। पार्टी के वरिष्ट नेता द्वारा रखे गए प्रस्ताव को गंभीरता से लेते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कहा संबंधितों के गतिविधियों की जांच करा कर संगठन स्तर पर उचित कार्यवाही की जाएगी।

प्रथम पुण्यतिथि पर याद किये गए कीर्ति चक्र विजेता शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह

जन एक्सप्रेस। देवरिया

*** राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम व डीएम दिव्या मित्तल ने पुष्पांजलि कर किया याद**

उत्तर प्रदेश सरकार की ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास विभाग राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने शुक्रवार को कीर्ति चक्र विजेता अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह के पैतृक गांव बरडीहा दलपत में उनके प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान को याद किया।

ग्राम्य विकास राज्यमंत्री ने कहा कि शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह का जीवन चरित्र युवाओं को राष्ट्र के लिये अपना सर्वोच्च बलिदान करने के लिए प्रेरित करेगा। जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कैप्टन अंशुमान सिंह की वीरता को नमन किया एवं शहीद के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार रवि प्रताप सिंह को हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। श्रद्धासुमन अर्पित करने के उपरांत बरडीहा दलपत पीएचसी में ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह की स्मृति में पौधारोपण भी किया।

बताते चलें कि 19 जुलाई 2023 को सियाचिन ग्लेशियर स्थित सैन्य कैम्प में लगी आग से साथी जवानों को बचाने के दौरान कैप्टन अंशुमान सिंह वीरगति को प्राप्त हो गए थे। अमर शहीद कैप्टन अंशुमान सिंह को उनके अदम्य शौर्य एवं वीरता के लिए हाल हीं में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कीर्ति चक्र (मरणोपरान्त) से सम्मानित किया था। कर्नल सुधाकर त्यागी, कर्नल एपी पांडेय, ओमप्रकाश सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर कार्रवाई की तैयारी में शिक्षा विभाग

बेसिक शिक्षा विभाग की अपील यू डायस कोड संचालित विद्यालयों में अपने पाल्यो का कराए दाखिला

*** निजी विद्यालयों को यू डायस कोड दर्शना अनिवार्य**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

नया शिक्षण सत्र 1 अप्रैल से शुरू होने के साथ ही विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रारंभ है। स्कूल चलो अभियान के तहत 6 से 14 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालय में कराया जाना है। जिसके लिए बिना मान्यता के स्कूलों पर कड़ी कार्रवाई करने में जुट गया है। बताते चलें कि परिषदीय विद्यालय में नामांकन वृद्धि में अपेक्षित सुधार न होने के कारणों में प्रमुख कारण जिले में बिना मान्यता के संचालित विद्यालयों में अधिकाधिक संख्या में बच्चों का नामांकन होना बताया जा रहा है। इसीलिए बेसिक शिक्षा विभाग ने बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर कार्रवाई करने हेतु कमर कस ली हैं। बिना मान्यता के संचालित हो रहे स्कूलों के चिन्हिकरण को लेकर शिक्षा विभाग अपने अधिकारियों को जल्द ही निर्देश जारी करेगा।

बिना मान्यता संचालित स्कूलों पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखपुर रमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जिले में कहीं भी बिना मान्यता के कोई भी विद्यालय संचालित नहीं होगा यदि कोई भी विद्यालय बिना मान्यता के संचालित होते पाया जाता है तो उसके विरुद्ध बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी और विद्यालय संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया जाएगा। इसके बावजूद यदि किसी क्षेत्र में बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय संचालित होता मिला तो उसके लिए संबंधित क्षेत्र के खंड शिक्षा अधिकारी उत्तरदाई होंगे साथ ही बीएसए ने अभिभावकों से अपील की है कि अपने पाल्यो का दाखिला केवल यू डायस संचालित विद्यालयों में ही कराएं।

बार एसोसिएशन चौरी चौरा और ग्राम न्यायालय की पहल हुई सार्थक

जन एक्सप्रेस। चौरी चौरा

*** पति-पत्नी ने 12 साल बाद जताया एक साथ रहने का भरोसा**

बार एसोसिएशन चौरी चौरा और ग्राम न्यायालय के प्रयासों से 12 साल बाद एक पति-पत्नी ने फिर से एक साथ रहने का वादा किया है। इस मामले में वादी के अधिवक्ता सुभाष पासवान की मेहनत रंग लाई।बता दे कि गौनर निवासी सिरजावती की शादी 1998 में महूजा निवासी जगरनाथ के साथ हुई थी। शादी के बाद उनके दो पुत्र हुए, लेकिन 14 साल बाद आपसी विवाद के कारण दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई और मामला न्यायालय में पहुंच गया। 2012 में यह मामला न्यायालय में दर्ज हुआ और दोनों अलग-अलग रहने लगे।

वादी पक्ष के वकील सुभाष पासवान और प्रतिवादी पक्ष के वकील कंचन कुमार के सराहनीय प्रयासों के बाद, तहसील बार एसोसिएशन और ग्राम न्यायालय की पहल पर 12 साल बाद दोनों ने आपसी समझौता कर एक साथ रहने का वादा किया।

शुक्रवार को ग्राम न्यायालय में दोनों ने एक-दूसरे को माला पहनाई और बकायदा उनकी विदाई की गई। इस मौके पर अध्यक्ष रामप्यारे यादव, हरिहर प्रसाद, अरुण यादव, गिरीश चंद्रा, अमरनाथ यादव, अजित कुमार, अनवारूल हक, राजबहादुर सिंह सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद थे।

इस पुनर्मिलन ने साबित कर दिया कि आपसी समझौता और सहयोग से किसी भी विवाद का समाधान संभव है। अधिवक्ताओं के प्रयास और ग्राम न्यायालय की पहल ने इस परिवार को फिर से एक साथ लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सीएचसी फरेंदा में प्रसव के नाम पर प्रसूता के परिजनों से की जा रही है लूट खसोट

पीड़ित ने सीएचसी की महिला डॉक्टर रोचस्मति पांडेय पर लगाया पैसे लेने का आरोप

*** सरकारी अस्पताल में आपरेशन के पर लिए गए 65 सौ रूपए**

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

मामले का नहीं है संज्ञान, लिखित शिकायत मिलने पर जांचकर की जाएगी कार्रवाई

मामले के संबंध में पूछे जाने पर सीएचसी फरेंदा अधीक्षक डाक्टर एमपी सोनकर ने बताया कि मामला मेरे संज्ञान में नही है, लिखित में लिखित शिकायत मिलने पर जांच कर कार्यवाही की जायेगी।

योगी सरकार के सख्त निर्देशों के बावजूद भी सरकारी विभागों में विभागों में भ्रष्टाचार के गंगोत्री की अविरल धारा रुकने का नाम ही नहीं ले रही है और जहां आमजन पीड़ा से मुक्ति पाने एवं मुफ्त इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में जाते हैं वहां भी सरकारी कर्मचारियों द्वारा मरीजों से खुलेआम धना दोहन किया जा रहा है। सरकारी अस्पताल तो भ्रष्टाचार की जननी बनते जा रहे है जहां आए दिन मरीज से धन उगाही की जा रही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कानों कान खबर नहीं हो रही है। बताते चलें कि फरेंदा क्षेत्र के मथुरानगर निवासी अरविंद ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर पर प्रसव के दौरान धनउगाही का आरोप लगाया है।

गुरुवार को सुबह करीब 5 बजे वह अपनी पत्नी सुजाता उम्र 24 को लेकर सीएचसी फरेंदा पहुंचे जहां मौजूद महिला डॉक्टर रोचस्मति पाण्डेय द्वारा ऑपरेशन कर प्रसव कराने की बात कही गई। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टर ने पीड़ित से आपरेशन के नाम पर 6500 रुपये ले लिया। उसके बाद प्रसूता को नॉर्मल डिलीवरी हुई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी में प्रसव के नाम पर आए दिन धनउगाही का मामला प्रकाश में आता रहता है। उसके बाद भी यहां के जिम्मेदार अधिकारी अंजान बने हुए हैं। इस संबंध में जानकारी जुटाने के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी को सीयूजी मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया जो पूरी घंटी बजने के बाद भी फोन काल रिसीव नहीं किया गया।

एंटी करप्शन टीम ने आयुर्वेदिक यूनानी विभाग के बाबू को घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा

जन एक्सप्रेस। महराजगंज

जनपद में शुक्रवार को एंटी करप्शन की टीम ने अचानक छापेमारी कर आयुर्वेदिक यूनानी कार्यालय में तैनात कनिष्ठ सहायक को 10 हजार रुपए घूस लेते रंगे हाथों पकड़ लिया।

मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता अमित कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय महेन्द्र सिंह निवासी ग्राम परसौना जनपद सिद्धार्थनगर के अनुसार सम्प्रति वॉर्ड ब्वॉय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय नरकटहाँ के स्पष्टीकरण के आधार पर जांच का निस्तारण कराने के एवज में 10 हजार की रिश्वत लेते पकड़ा गया।

आरोपी चित्रांश रंजन श्रीवास्तव, कनिष्ठ सहायक जो क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी कार्यालय में तैनात है उसे जल निगम कार्यालय के पास गोरखपुर रोड पर एण्टी करप्शन गोरखपुर टीम ने रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एंटी करप्शन टीम ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी खिलाफ थाना कोतवाली महराजगंज में समुचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत कराकर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

महिला का आपत्तिजनक फोटो वायरल करने के आरोप में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज

जनपद के फरेंदा सर्किल अंतर्गत पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस ने मामले को संज्ञान लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई। पीड़िता की सास ने पुरन्दरपुर थाना व पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग किया है। शिकायती पत्र में बताया गया है कि गांव के एक व्यक्ति ने मेरी बहू का दरवाजे पर पहुंचकर अश्लील तस्वीर बना लिया और विरोध करने पर दिखाते हुए धमकी देने लगा। इतना ही नहीं आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मारपीट भी की। वहीं इस मामले में पुलिस पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। आरोप यह भी है कि गांव का ही रहने वाला व्यक्ति बहू को प्रेमजाल में फंसा लिया है। उस व्यक्ति ने बहू के साथ अश्लील तस्वीर बनाकर हमारे लड़कें के पास भी भेज दिया। उसके बाद बेटा बहू से नफरत करने लगा। कुछ दिन बाद दोनों के बीच तलाक भी हो गया।अब व्यक्ति उनकी बहू के साथ अश्लील तस्वीर को दिखाकर गांव में उपहास उड़ाने लगा। इसी बीच आरोपी ने 10 जुलाई शाम करीब चार बजे दरवाजे पर आ पहुंचा। जहां पर बहू की अश्लील तस्वीर दिखाकर उनका मजाक उड़ाने लगा। जिसका विरोध किया, तो शख्स अपने कुछ सहयोगियों के साथ मिलकर उनके साथ मारपीट भी किया। इतना ही नहीं आरोपी और उसके सहयोगियों ने बेटी को भी प्रेमजाल में फंसाकर उसका अश्लील तस्वीर बनाने की धमकी देते हुए भाग निकले।

मुकदमा दर्ज कर किया जा रहा है जांच: सीओ

इस संबंध में पुरन्दरपुर थाना प्रभारी पुरुषोत्तम राव ने बताया की मामले में पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है। फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार ने बताया कि वायरल फोटो पुराना है, आरोपी रघू केवट के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है, पीड़िता का पूर्व में तलाक हों गया था,अब वह यहां नहीं रहती हैं।मामले की जांच की जा रही हैं।

कैंपियरगंज विधायक ने विरोधियों द्वारा अपनी हत्या के षड्यंत्र का लगाया आरोप

*** विधायक फतेहपुर बहादुर सिंह ने पुलिस प्रशासन से की लिखित शिकायत**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

भाजपा में इन दिनों कुछ ठीक नहीं चल रहा है कभी प्रति मुख्यमंत्री पर उनके ही सरकार की ग्राम्य विकास एवं समग्र ग्राम विकास राज्यमंत्री विजयलक्ष्मी गौतम जातिवाद का आरोप लगाने का आडियो वायरल हो रहा है तो कहीं भाजपा कार्यकर्ताओं को उनकी पुलिस द्वारा चुन चुन कर निशाना बनाने का मामला सामने आ रहा है और आमजन में सरकार का इकबाल खत्म होता नजर आ रहा है।

उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ के गृह गोरखपुर के कैंपियरगंज विधानसभा क्षेत्र का विगत पैंतीस सालों से उत्तर प्रदेश की विधानसभा में आवाज बुलंद कर रहे पूर्व मंत्री, विधायक फतेहबहादुर सिंह ने वरिष्ट पुलिस अधीक्षक गोरखपुर, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा को लिखित शिकायत देते हुए बताया है कि उन्हें कुछ लोगों से जान खतरा है।विधायक ने बताया कि कुछ राजनीतिक विरोधियों द्वारा आपस में चंदा जुटाकर एक शूटर को मेरी हत्या कराने की सुपारी दी गई।

सपा प्रवक्ता ने सीएम योगी के सुपर थर्टी मंत्री समूह को बताया डफर मंत्रियों का समूह

सपा प्रवक्ता ने विधानसभा उपचुनाव में सीएम योगी द्वारा तीस मंत्रियों के सुपर मंत्री समूह गठन पर व्यंग कसते हुए कहा कि यह मंत्री समूह एक डफर मंत्रियों का ग्रूप है जिनकी आगामी विधानसभा चुनाव में जनता जमानत जब्त करा देगी। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में पीडीए फार्मूले पर जनता समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने को उत्सुक हैं जनता समाजवादी पार्टी सुप्रीमो को पुन: उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने को पूरी तरह तैयार बैठी है। विधानसभा चुनाव 2027 में सत्ता में आएगी सपा,साफ होगी भाजपा।

सरकार में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट: मनीष सिंह

भाजपा के वरिष्ट विधायक द्वारा राजनैतिक विरोधियों से अपने जान माल का खतरे की गुहार उत्तर प्रदेश शासन प्रशासन से विगत बारह दिनों पूर्व से लगाए जाने के बावजूद पुलिसिया कार्रवाई शून्य साबित होने के संबंध में हिंदी दैनिक जन एक्सप्रेस संवाददाता से बातचीत में समाजवादी पार्टी प्रवक्ता मनीष सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद गोरखपुर निवासी भाजपा के दो वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों ने सरकार की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं उससे साबित हो रहा है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चौपट हो चुकी है। सपा प्रवक्ता ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री के बेटे, पूर्व मंत्री विधायक फतेहबहादुर सिंह, विधानपरिषद सदस्य देवेन्द्र सिंह ने सरकार के कानून व्यवस्था की पूरी पोल खोल दी है। सपा प्रवक्ता मनीष सिंह ने उत्तर प्रदेश सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस सरकार में सत्ताधारी जनप्रतिनिधि द्वारा अपनी हत्या अपराधियों द्वारा किए जाने की संभावना पुलिस प्रशासन से जताए जाने के बावजूद भी कार्रवाई नहीं की जा सकती उस सरकार से प्रदेश के आमजन की सुरक्षा की क्या उम्मीद की जाए। योगी सरकार में सत्ताधारी जनप्रतिनिधि अपनी सरकार से अपनी जान बचाने के लिए गिड़गिड़ा रहे हैं सपा नेता ने कहा कि आगामी विधानसभा उपचुनाव में दसों सीटों पर भाजपा का सूपड़ा साफ हो जाएगा वर्तमान में उत्तर प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी सुप्रीमो अखिलेश यादव पर भरोसा जता रही है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के कमरे में धूल फांक रही है एक्स-रे मशीन

जन एक्सप्रेस। बल्दीरायध्सुल्तानपुर

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में टेक्नीशियन न होने के कारण 20 लाख रुपए की एक्स-रे मशीन कमरे में धूल फांक रही है।जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारी तक मौन है।प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री भले ही स्वास्थ्य महकमें में सुविधाओं को लेकर अच्छे इलाज का दावा करते हैं। लेकिन यहां सुविधाओं का टोटा है। सरकारी सुविधाओं का लाभ मरीज तक नहीं पहुंच पा रहा है। मरीज परेशान होकर प्राइवेट सुविधा लेने को मजबूर है। बता दें कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तमाम लिखा पढ़ी के बावजूद स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक्सरे मशीन उपलब्ध कराई गई। जो टेक्नीशियन के न होने से कमरे में धूल फांक रही है। जिम्मेदार अधिकारी बताते हैं कि विभाग में कर्मचारियों का टोटा है। जिससे एक्स-रे टेक्नीशियन की नियुक्ति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में अभी तक नहीं है। एक्सरे करवाने के लिए मरीज महंगे दर पर एक्स-रे करवा रहे हैं। क्षेत्र के समर बहादुर सिंह, सत्यदेव पाल, उमेश सिंह, शिवम सिंह, राधेश्याम, मनोज सिंह आदि कई लोगों ने जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बल्दीराय में अभिलंब एक्स-रे टेक्निशियन की नियुक्ति करने की मांग की है।

सरकार की पांच हजार में बैनामा करवाने की योजना धराशायी

- उपनिबंधक कार्यालय बल्दीराय बना वसूली का अड्डा
- यहां दस्तावेज लेखक व रजिस्ट्रार की मिली भगत से हो रहा है खेला

जन एक्सप्रेस। बलदीराय/सुल्तानपुर

उप निबंधक कार्यालय बल्दीराय अवैध वसूली का अड्डा बन चुका है यहां दस्तावेज लेखक एवं रजिस्ट्रार की मिली भगत से व्यापक कमीशन खोरी हो रही है। जमीन का बैनामा लेने वाले किसान जमीन का मूल्य देने के बावजूद भी हजारों व लाखों रुपए कमीशन में दे रहे हैं। उप निबंधक कार्यालय में शासनादेश की धज्जियां उड़ाई जा रही है परंतु जिले के जिम्मेदार अधिकारी मौन हैं। बताते चलें कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा घोषणा की गई थी कि अब किसान की जमीन का परिवार के सदस्य को बैनामा मात्र 5 हजार में होगा इसके लिए शासनादेश जारी किया गया था। परंतु उप निबंधक कार्यालय बल्दीराय में सरकार का शासनादेश कोई मायने नहीं रखता यहां व्यापक रूप से अवैध वसूली का कार्य धड़ल्ले से चल रहा है। जिसके चलते जमीन लेने वाले क्रेता को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।सूत्र बताते हैं कि पहले दस्तावेज लेखक अपने हस्तलिखित बैनामा करवाने के लिए मुंह मांगी रकम लेते थे। लेकिन अब इसमें बदलाव के तहत बैनामा ऑनलाइन हो जाने के कारण अब इनकी केवल मुहर और हस्ताक्षर रहता है फिर भी संबंधित रजिस्टर से मिली भगत करते हुए हजारों लाखों रुपए कमीशन किसानों से ले रहे हैं फिलहाल उपनिबंधक कार्यालय में की जा रही अवैध वसूली से किसान बहुत त्रस्त हो चुके हैं। जमीन का मूल्य देने के बाद भी उन्हें हजारों लाखों का कमीशन देना पड़ रहा है।जो उन्हें नाग वार गुजर रहा है। सूत्रों द्वारा पता चला है कि रजिस्ट्री आफिस में दो प्रतिशत कमीशन अंदर तय है। बिना रकम के बैनामा नही होता है। रजिस्ट्री ऑफिस इन दिनों दलालों का अड्डा बन चुका है। बड़े पैमाने पर दलाल वहां सक्रिय हैं। कई दस्तावेज लेखकों का लाइसेंस नहीं है तब भी बैनामा लिख रहे हैं।

तंबाकू जागरूकता के बारे में शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

जनपद के तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा सभी विकासखंडों से आए शिक्षा विभाग के शिक्षकों को आमजन को तंबाकू एवं धूम्रपान जैसे जानलेवा पदार्थ के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक करने के बारे में प्रशिक्षण में आए 39 शिक्षकों को प्रशिक्षकों द्वारा जानकारी प्रदान की गई वहीं शिक्षकों को अपने विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाने के बारे में जानकारी दी गई कार्यक्रम के समापन में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमार द्वारा विगत वर्ष उत्कृष्ट कार्य करने वाले 12 शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया एवं इस वर्ष भी अच्छा प्रदर्शन करने की आशा की गई वही तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ आशुतोष सिंह एवं जिला सलाहकार डॉक्टर सर्वेश कुमार गुप्ता को विगत वर्ष उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विद्युत विभाग की मिली भगत से दर्जनों घरों में बिना मीटर चल रही बिजली

जन एक्सप्रेस। अलीगढ़

ब्लॉक लोधा क्षेत्र के खेरेश्वर चौकी से लेकर थाना रोरावर वर के आस पास बने दर्जनों मकानों में बिना मीटर के बिजली का उपयोग किया जा रहा है इतना ही नहीं 40 मीटर केबिल की जगह 800 मीटर तक केबिल डाल दी गयीं वह भी बांस बल्ली और पेड़ का सहारा लेकर कुछ जगह तो केबिलों की उंचाई मात्र पैरों को छूकर लटक रही है आखिर किसकी शह पर विद्युत आपूर्ति की जा रही है
क्षेत्र की बात करें तो यह मामला विनूपुर फीडर का बताया है एवं लोधा फीडर से कनैक्शन दिया गया है।

450 जरूरतमंदों को संस्था ने कराया भोजन

- राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के तत्वावधान में जारी है समाज सेवा

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

जिले की अग्रणी सामाजिक सेवा में मिसाल पेश करने वाला संगठन राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा निःशुल्क भोजन वितरण के साप्ताहिक कार्यक्रम में दूर-दराज से आये मरीजो और उनकी देख रेख कर रहे तीमारदारों, यात्रा के दौरान शुद्ध ताजा भोजन न मिलने कि वजह से भूखें यात्रियों तथा जरूरतमन्दों के लिए बरदान साबित हो रही।
स्वाशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं जिला चिकित्सालय और रेलवे स्टेशन परिसर में निःशुल्क भोजन वितरण का सिलसिला लगातार जारी है। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान के संयोजन में बृहस्पतिवार को देर रात जिले के डिप्टी सी एम ओ डॉ लालजी ने भोजन की थाली देकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उनके साथ जिला अस्पताल में कार्यरत फिजीशियन डॉ अविनाश गुप्ता भी रहे। डिप्टी सी एम ओ डॉ लालजी ने कहा जरूरतमन्दों को स्वादिष्ट एव गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क भोजन की व्यवस्था करना बहुत ही सराहनीय कार्य है। निःस्वर्थ एव निःशुल्क भोजन उपलब्ध कराना मानवता के लिए मिसाल है।
लोगो को ऐसे पुनीत कार्य मे बढ़चढ़ कर हिस्सा लेना चाहिए।उधर रेलवे स्टेशन पर सीनियर टिकट निरीक्षक अमन सिंह ने भूखे यात्रियों और जरूरतमन्दों निःशुल्क भोजन वितरण कार्य का शुभारंभ किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने बताया कि भोजन के मेन्यू में अरहर की दाल सब्जी रोटी और चावल शामिल रहा उमस भरी गर्मी में कार्यकर्ताओं के अथक प्रयास से 450 भोजन की थाली तैयार की गयी थी।
मेडिकल कालेज में 300 रेलवे स्टेशन पर 150 कुल 450 जरूरतमन्दों की भूख संघ ने मिटाई। निःशुल्क भोजन वितरण संचालन कार्यक्रम के प्रमुख सहयोगियों में प्रदीप श्रीवास्तव, नफीसा बानों, मोहम्मद नईम, सुहेल सिद्दीकी,डॉ शादाब खान, सिंकन्दर वर्मा, हाजी फैज उल्ला अंसारी,सरदार गुरुप्रीत सिंह, हाजी मुहम्मद मुजतबा अंसारी, लईक अहमद, मुहम्मद इश्तियाक, राशिद खान, राशिद वर्दी टेलर, आसिफ, आदिल हसन, इंजीनियर दानिश खान, सुफियान खान, माता प्रसाद जायसवाल, बैजनाथ प्रजापति इत्यादि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अवध प्रान्त के प्रान्त मंत्री देवेंद्र के अध्यक्षता में बैठक हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

विश्व हिंदू परिषद द्वारा टाण्डा व बसखारी प्रखण्ड की योजना बैठक टाण्डा शिशु मंदिर व सीधेश्वर धाम में जिला मंत्री विकास मौर्य के संचालन व मुख्य अतिथि अवध प्रान्त के प्रान्त मंत्री देवेंद्र के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। बैठक में प्रमुख रूप संगठन के विस्तार व आगामी दिनों में होने वाले अखंड भारत संकल्प दिवस व स्थापना दिवस को लेकर अधिक से अधिक कार्यक्रमो की रूपरेखा बनाई गई सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को अपने अपने स्तर से खंडों में कार्यक्रम करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। प्रान्त मंत्री देवेंद्र ने बताया कि संगठन की मजबूती ही हिन्दू समाज व धर्म की मजबूती है इसके लिए हम सभी को संगठन को गांव गांव तक ले जाने की योजना पर काम करना होगा ताकि संगठन 60 वर्ष पूर्ण होने की ताकत भी समाज मे दिखाई दें। जिला मंत्री विकास मौर्य ने कहा की अखण्ड भारत संकल्प दिवस हर वर्ष अधिक से अधिक स्थानों पर मनाया जाये जिससे हमारी आने वाली पीढियां भी जाने की हमारी भारत माता का विस्तार कहाँ तक था वो भी अखण्ड भारत बनाने का संकल्प हर वर्ष करते रहे, एक न एक दिन भारत माता अखण्ड होंगी। बैठक में जिला संयोजक अलोक जिला सत्संग प्रमुख कृष्णदास महाराज, जिला सह मंत्री संजय, जिला धर्माचार्य संम्पर्क प्रमुख अखिलेश टांडा नगर संयोजक सुमित, ग्रामीण अध्यक्ष अंकित, बसखारी प्रखंड अध्यक्ष वीरेंदर व प्रखंड के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहें।

सपा कार्यकर्ताओं ने गांव-गांव जा जानी ग्रामीणों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस/आगरा। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक बिचपुरी के कई गांवों में जाकर ग्रामीणों से उनकी सड़क, बिजली, पानी आदि बुनियादी समस्याओं की जानकारी ली। समाजवादी लोहिया वाहिनी के जिला उपाध्यक्ष ठाकुर श्रीकांत सिंह ने बताया की बिचपुरी मॉडल गांव चौटाला लैंडमार्क मार्ग पर गहरे गहरे गड्ढे हैं। जिनके कारण किसी भी समय जनहानि हो सकती है। कई वर्षों से उक्त मार्ग का निर्माण कार्य नहीं हुआ है। बरसात के मौसम में मार्ग पर बने गड्ढों में जलभराव हो जाता हैं। जिसके राहगीरों के साथ दुर्घटनाएं होती रहती है। साथ ही ग्रामीणों ने बिजली कटौती व विद्युत विभाग द्वारा गलत बिल निकल कर शोषण करने की भी शिकायत की। जिस पर पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ग्रामीण अंचल से उनकी समस्याओं का संकलन कर। सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को ग्रामीणों की जमीनी स्तर की समस्याओं से अवगत कराया जाएगा जिससे संसद में प्रदेश सरकार झूठे विकास की पोल खोली जा सके। इस दौरान मुख्य से विजय यादव, करण सिंह, लोकेंद्र, जीत सिंह, प्रमोद, सौरभ, रवि चौधरी आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने टीकाकरण से अवशेष रहे नौ बच्चों का घर जा कर किया टीकाकरण

जन एक्सप्रेस/आगरा। शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग के द्वारा टीकाकरण से अवशेष रहे नौ बच्चों का टीकाकरण किरावली स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घर घर जा परिजनों को समझाबुझा कर किया। नगर पंचायत किरावली के वार्ड नं 3 में दलित बस्ती से अवशेष रहे नौ बच्चों का टीकाकरण किया गया। बताया जाता है कि कुछ परिजनों के द्वारा टीकाकरण का विरोध किया गया था। परन्तु मौके पर पहुंच चौकी इंचार्ज किरावली योगेन्द्र सिंह,एवं उपनिरीक्षक आकांक्षा सिंह ने लोगों को समझाया। तब लोगों ने अवशेष रहे नौ बच्चों का टीकाकरण कराया ।किरावली सीएचसी अधीक्षक डा. राघवेन्द्र सिंह ने बताया कि सप्ताह में तीन बार जैसे बुधवार, शुक्रवार, शनिवार को टीका लगने अवशेष रहे बच्चों का टीकाकरण किया जाता हैं । स्वास्थ्य विभाग की टीम में मुख्य रूप से डा.भानुप्रताप सिंह, संतोष कुमार रहे।

श्रावण मास में मीट, मांस, अंडे की बिरयानी की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने हेतु बजरंगियों ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस/आगरा। शुक्रवार को बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी किरावली सचिन राजपूत को हिंदुओं के पवित्र एवं धार्मिक आस्था से ओतप्रोत श्रावण मास के दौरान मीट,मास, अंडे की विरयानी की बिक्री पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध करने हेतु तथा श्रवण मास के दौरान विशेष रूप से सोमवार को मंदिरों की साफ सफाई एवं तहसील के अंतर्गत आने वाले तीनों कस्बों के प्रमुख मंदिरो पर सुरक्षा व्यवस्था किए जाने के संबंध मे ज्ञापन दिया। मौके पर विभाग संयोजक यदुवीर महुरा, विहिप जिला अध्यक्ष महेश शर्मा, आर के इंदौलिया जिला संयोजक बजरंगदल, भूदेव शर्मा, मनोज शर्मा, पुष्पेंद्र चाहर, यदुवीर चाहर, अजय चौधरी, लाखन इंदौलिया, योगेश इंदोलिया, प्रभात चाहर, ध्रुव जादौन प्रधान आदि मौजूद रहे।

आयुर्वेदिक निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस/आगरा। शुक्रवार को राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय 25 शैया किरावली, द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत व्रद्ध जनों के लिए नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन नगर पंचायत किरावली के अंतर्गत वार्ड नंबर 2, अभुआपुरा में किया गया। जिसमें आये व्रद्ध महिला एवं पुरुष रोगियों की स्वास्थ्य परीक्षण प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ विजय श्री भारती द्वारा कर रोगानुसार रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर 56 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान कर आयुर्वेदिक औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही डा.विजय श्री भारती द्वारा शिवर में आए बुजुर्ग महिलाओं, पुरुषों को आयुर्वेदिक उपचार के प्रति जागरूक किया। और आयुर्वेद के अनुसार नियमित उपचार लेने से रोगियों के असाध्य रोगों में फायदा मिलेगा तथा आयुर्वेद की दवाओं से रोगियों के शरीर पर किसी प्रकार का नुकसान नही होता।

शौच करने गए दिव्यांग युवक की नहर में डूब कर मौत

जन एक्सप्रेस। अम्बेडकर नगर

शौच करने गए दिव्यांग युवक की नहर में डूब कर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। जानकारी के अनुसार कटका थाना क्षेत्र के फतेहपुर मानिकपुर निवासी दिव्यांग कैलाश पुत्र स्वर्गीय अच्छे लाल 38 वर्ष शुक्रवार की सुबह घर से गांव निकट स्थित नहर पर शौच करने के लिए गया था जहां नहर में अचानक पैर फिसलने से गिर गया और मौत हो गई। मृतक पानी में बहते बहते नहर मे बने स्कैम पर फस गया। जिसे आते-जाते राहगीरों ने देखा। शव को देखते ही खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से बाहर निकलवाया जिसकी पहचान काफी देर बाद हुई। इसके पिता की कुछ वर्ष पूर्व मृत्यु हो चुकी है मां की मानसिक हालत ठीक नहीं है तथा इसका भाई बाहर रहता है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए पोस्ट मार्टम हेतु भेज दिया। क्षेत्राधिकारी देवेंद्र कुमार मौर्य ने बताया कि शव की पहचान हो गई है और पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है।

लखनऊ-बलिया हाइवे पर बाइक सवार दम्पत्ति को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, पति की मौत-पत्नी घायल

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

लखनऊ-बलिया नेशनल हाइवे पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। भीषण टक्कर में पति पत्नी गंभीर रूप से घायल हुए। दोनों को पुलिस की मदद से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतिगरपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने घायल दंपति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने पति को ब्रॉड डेड घोषित कर दिया है।
लखनऊ-बलिया हाइवे पर शुक्रवार को मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर कला गांव के पास कोतवाली कादीपुर क्षेत्र के नरोत्तमपुर त्रिलोकपुर नेवादा गांव निवासी रामजीत वर्मा पुत्र राम वर्मा (45 वर्ष) अपनी पत्नी सुनीता (40 वर्ष) के साथ बाइक से पहुंचे थे कि सामने की ओर से आ रहे अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे बाइक अनियंत्रित हो गई दोनों दंपति हाइवे पर जा गिरे और उन्हें गंभीर रूप से चोटें आई। घटना में शामिल वाहन चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। घटनास्थल पर आसपास के लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची मोतिगरपुर पुलिस ने घायल दंपति को इलाज के लिए सीएचसी मोतिगरपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर दोनों को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया है। यहां डॉक्टर ने रामजीत को मृत घोषित कर दिया। थानाध्यक्ष मोतिगरपुर ज्ञानचंद शुक्ला ने बताया कि घायल दंपति को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर भेजा गया है। जहां पति की मौत हुई है, शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ अभियान

प्रभारी मंत्री एवं मंडलायुक्त की उपस्थिति में वृक्षारोपण जन अभियान आज

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ अभियान के तहत आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूरी कर लेने का दावा सामाजिक वानिकी वन प्रभाग द्वारा किया गया है। आज 20 जुलाई को जिले में 54 लाख 72 हजार 8 सौ 82 पौधरोपण का लक्ष्य शासन द्वारा निर्धारित है। वन विभाग सहित जिले के 23 विभाग मिलकर लक्ष्य के सापेक्ष आज पौध रोपित करेंगे। वृक्षारोपण जन अभियान कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे सूबे के प्राविधिक शिक्षा,उपभोक्ता मामले के मंत्रीध्जिले के प्रभारी मंत्री आशीष पटेल एवं विशिष्ठ अतिथि के रूप में अयोध्या मण्डल के मंडलायुक्त गौरव दयाल, जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्सना, पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा एवं डीएफओ अमित सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल होंगे।
दरअसल आज 20 जुलाई को समूचे उत्तर प्रदेश के साथ-साथ जिले में वृक्षारोपण जन अभियान कार्यक्रम आयोजित होना सुनिश्चित हुआ है। हालांकि इस बार उत्तर प्रदेश में 36 करोड़ 50 लाख पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित है तो वहीं सुल्तानपुर में 54 करोड़ 72 लाख 8 सौ 82 पौध रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित है। डीएफओ अमित सिंह ने बताया कि आयोजित होने वाले वृक्षारोपण जन अभियान में जिले के कुल 23 विभागों के पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित है जिसमे वन विभाग (लक्ष्य आवंटित 2742200) समेत जिले के अन्य 22 विभाग जिसमे ग्राम्य विकास विभाग (1780921), राजस्व विभाग (121000), पंचायतीराज विभाग (147000), आवास विकास विभाग (0), नगर विकास विभाग (25719), लोक निर्माण विभाग (12701), जल शक्ति विभाग (11000), कृषि विभाग (339578), पशुपालन विभाग (4000), सहकारिता विभाग (8740), उद्योग विभाग (13026), ऊर्जा विभाग (2800), बेसिक शिक्षा विभाग (18712), प्राविधिक शिक्षा विभाग (1800), माध्यमिक शिक्षा विभाग (13718), उच्च शिक्षा विभाग (20668), श्रम विभाग (2200), स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग (14599),परिवहन विभाग (2000), रेलवे विभाग (2500), उद्यान विभाग (178000) एवं गृह विभाग (10000) मिलकर अपने-अपने लक्ष्य के सापेक्ष पौधे रोपित करेंगे। उन्होंने बताया कि पौधे कैसे सुरक्षित रहें इसके लिए भारत सरकार के निर्देश पर ष्एक पेड़ मां के नामष् पर जो अभियान चलाया गया है हर एक वृक्ष जो रोपित किया जाए उसके साथ किसी एक जनमानस को जोड़ा जाएगा वह अपनी मां के नाम पर पौधा रोपित करेगा और वह जिम्मेदारी लेगा कि वह पौधा सुरक्षित रहेगा और संरक्षित रहेगा व आगे बढ़ेगा उन्होंने बताया कि वृक्षारोपण जन अभियान में छायादार, शोभादार एवं फलदार पौधे रोपित किए जाएंगे जिसमें खासकर सागौन, पीपल, पाकड़ कचनार एवं अन्य कई प्रजातियों के पौधे रोपित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस बार का थीम है पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ इसमें आम जनमानस का जुड़ना बहुत जरूरी है कोई भी सरकारी योजना तभी फलीभूति होगी जब उसमें आमजनमानस का जुड़ाव होगा।

उत्तर रेलवे
ई-ऑक्शन सूचना
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

एडमिन यूनिट/जोन	लखनऊ-उ.रे.-मण्डल-वाणिज्य/उ.रे.
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-53-23-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	16.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	01.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	01.08.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-12-24-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	16.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	01.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	01.08.2024 समय 10:40 बजे
नीलामी सूची सं./लॉट सं.	PnU-LKO-BSB-Toi-13-24-1 (Pay and Use Toilets)
नीलामी सूची प्रकाशन तिथि	18.07.2024
नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट)	03.08.2024 समय 10:00 बजे
नीलामी बन्द करने की तिथि व समय	03.08.2024 समय 10:30 बजे
नीलामी का प्रकार	Close Ended
वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता	E-Auction Module of www.ireps.gov.in

2185/24
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राज्य मंत्री संजय गंगवार ने जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान सुनी जन समस्याएं

* पर्यावरण संरक्षण को अधिक से अधिक पेड़ लगाएं: संजय सिंह गंगवार

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

पीलीभीत। शुक्रवार को गन्ना विकास एवं चीनी मिले राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने अपने जन सहयोग कार्यालय पर जनता दर्शन के दौरान जन समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए। इस मौके पर उन्होंने पर्यावरण के संरक्षण और संतुलन बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक पौधा रोपण करने की आम जनों से अपील की है इसके लिए उन्होंने अपने प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं से भी कहा है कि अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाकर पर्यावरण को संतुलित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें राज्य मंत्री श्री गंगवार में जनता दर्शन के दौरान क्षेत्र से आए लोगों की समस्याएं सुनी और उनके निस्तारण के निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिए इस मौके पर बजाज चीनी मिल से जुड़े बिहारी लाल परसादी लाल शिवदेही देवदत्त गीता देवी अमन भूपराम आदि ने प्रार्थना पत्र देकर गाना सीजन 2023 -24 में मिल को आपूर्ति किए गए गन्ने की सप्लाई का भुगतान दिलाए जाने की मांग की। इस पर राज्य मंत्री ने मिल प्रबंधन को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया। ग्राम भिखारीपुर निवासी शांति स्वरूप शर्मा राजीव कुमार श्री राम हरि ओम आदि ने उड़िया बिजली सप्लाई केंद्र से बिजली की आपूर्ति हटाकर भिखारीपुर सब स्टेशन से कराए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया शहर की छत्रपति शिवाजी कॉलोनी निवासी लक्ष्मी देवी आदि ने काशीराम कॉलोनी में आवास आवंटन कराई जाने की मांग की ग्राम डांडिया निवासी सरस्वती देवी ने राशन कार्ड बनाए जाने की मांग करते हुए प्रार्थना पत्र दिया और कार्यवाही की मांग की। इसके अलावा अन्य समस्याएं लेकर आए क्षेत्र के लोगों ने किसी ने पुलिस संबंधी किसी ने राज्य संबंधी किसी ने स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं राखी और उनके निराकरण की मांग की राज्य मंत्री श्री गंगवार में सभी समस्याओं से संबंधित विभागीय अधिकारियों को ऑन करके कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

जमानत के बाद बाहर आते युवकों को मनबढ़ों ने पीटा

* पीड़ितों ने चार नामजद सहित अन्य के विरुद्ध कोतवाली पुलिस को दिया प्रार्थना पत्र

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

सरपतहा थाना क्षेत्र के रुधौली निवासी दो युवकों की मनबढ़ों ने गुरुवार शाम तहसील परिसर से जमानत के बाद बाहर निकलते ही लात-घूसों व चाकू से हमला कर जमकर पिटाई कर दी। मौके पर थोड़ी देर के लिए अफरातफरी मच गई। पीड़ितों ने आरोपितों के विरुद्ध कोतवाली शाहगंज में नामजद तहरीर दी है। रुधौली निवासी सूरज कुमार रावत तथा सुनील बिंद का सुइथाकलां निवासी डंपी पुत्र अजमल कसाई अंकित पुत्र रमेश चौरसिया लालापुर निवासी अजमल पुत्र मोईब के बीच कोई पुराना विवाद था। सूरज व सुनील का कहना है कि पुलिस ने गुरुवार को उन्हें थाने बुलाया। वहां से पूछताछ के बाद उन दोनों का शांतिभंग में चालान कर दिया गया। शाम को एसडीएम न्यायालय से जमानत कराने के बाद वे तहसील परिसर से बाहर आए और घर जाने के लिए वाहन का इंतजार करने लगे। इसी बीच सुइथाकलां निवासी डंपी पुत्र अजमल कसाई,साकिब, अंकित चौरसिया तथा लालापुर निवासी अजमल पुत्र मोईब व उनके कुछ अन्य साथी अचानक से चाकू, तमंचे के साथ हमला बोलकर उनकी पिटाई करने लगे और चाकू से मारकर घायल कर दिए। चीख-पुकार सुनकर जब तक लोग मौके पर जुटते आरोपित सुनील की मोबाइल छीनते हुए फरार हो गए। इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष सरपतहां अरविंद सिंह ने बताया कि कोतवाली शाहगंज से मिली सूचना के आधार पर आरोपितों के यहां दबिश दी गई है किंतु सभी फरार हैं। जल्द ही गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

अजमल असलहा तश्करी में तिहाड़ जेल से आया है बाहर

घटना में आरोपित सरपतहा थाना क्षेत्र लालापुर निवासी अजमल पुत्र मोईब अंतर राज्य स्तरीय असलहा तस्कर से जुड़ा बताया जाता है और अवैध भारी संख्या में असलहा तथा गोलियों आदि के तस्करी के आरोप में दिल्ली स्थित मयूर बिहार थाना क्षेत्र में पकड़ा गया था जिसमें तिहाड़ जेल में 9 माह बंद था और कुछ समय पूर्व ही बाहर आया है। इसके अलावा अन्य आरोपितों में से भी कुछ का असलहा तस्करी गैंग एवं पशु तश्करी गैंग में संलिप्तता की चर्चा जोरों पर है।

तैयारी पूर्ण: आज निकलेगी गुरुदेव सिद्ध ब्रह्मदेव झंडी यात्रा, कल सजेगा श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार

* श्री गुरुदेव नीम करौली महाराज का चतुर्थ गुरु पूर्णिमा महोत्सव महायज्ञ का होगा आयोजन: सेवक विशाल

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार

पीलीभीत। आज गुरुदेव सिद्ध ब्रह्मदेव महाराज की झंडी यात्रा सुबह 10ः00 से श्री बालाजी मंदिर से प्रारंभ होगी इसकी तैयारियां पूर्ण हो गई हैं। इसकी पूर्ण जानकारी देते हुए सभासद एवं महंत सेवक विशाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गुरुदेव श्री नीम करौली महाराज जी का चतुर्थ गुरु पूर्णिमा महोत्सव महायज्ञ का आयोजन जनपद के ईदगाह काशीराम नगर कॉलोनी वार्ड नंबर 5 में श्री बालाजी मंदिर के प्रांगण में संपन्न होंगे। आज गुरुदेव सिद्ध ब्रह्मदेव झंडी यात्रा का आयोजन सुबह 10ः00 से होगा वही कल (रविवार) को श्री बालाजी महाराज का दरबार दोपहर 1ः00 से प्रारंभ होगा जिसमें सुंदर गुणगान के साथ श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार सजाया जाएगा और गुरुदेव का यज्ञ प्रारंभ होगा जो कि बाबा की इच्छा अनुसार तक रहेगा। सभासद एवं महंत श्री विशाल ने जानकारी देते हुए इस कार्यक्रम की पूरी जानकारी बताते हुए कहा यह कार्यक्रम जनपद के ईदगाह काशीराम नगर कॉलोनी वार्ड नंबर 5 श्री बालाजी मंदिर के प्रांगण में संपन्न होंगे। जिसमें आप सभी भक्त सादर आमंत्रित हैं। इतना ही नहीं उन्होंने एक संदेश देते हुए बताया समस्त दरबार में आने वाले भक्त बाबा के दरबार में रोग, पीड़ा, संकट, निवारण हेतु अपने ऊपर से सात बार गोल उतार कर हवन में लेकर आए। बताते चले की श्री बालाजी महाराज का भव्य दरबार प्रत्येक मंगलवार को शहर के ईदगाह काशीराम कॉलोनी में कॉलोनी निवासी सभासद महंत सेवक विशाल द्वारा श्री बालाजी सिद्ध ब्रह्मदेव संकीर्तन दरबार का आयोजन दोपहर 2ः00 से बाबा की इच्छा अनुसार लगता हैं। जिसमें हजारों भक्तों की हाजिरी उनके दरबार में लगती हैं। इतना ही नहीं बताते चले की महंत सेवक विशाल पिछले 14 सालों से श्री बालाजी महाराज की सेवा में लगे हुए हैं और यह सेवा उनकी आज भी जारी हैं। और प्रत्येक मंगलवार को लगने वाला दरबार भी निशुल्क दरबार होता हैं। इसकी चर्चा आज जनपद में ही नहीं दूरदराज शहरों में भी होती है हालांकि जनपद में प्रत्येक बच्चे बूढ़े एवं जवान व्यक्ति की जुबान पर एवं श्री बालाजी महाराज की कृपा हेतु इस दरबार का एवं महंत सभासद सेवक विशाल का नाम रहता हैं। और सभी का जनकल्याण भी इसी दरबार में किया जाता हैं। इतना ही नहीं इस भव्य कार्यक्रम को आयोजित करने में जहां सभासद महंत सेवक विशाल कई दिन पूर्व से ही तैयारी में लगे थे जो कि आज पूरी तैयार पूर्ण हुई उनके साथ दरबार कार्यकर्ता रवि रत्नाकर,बॉबी चौधरी, अनिकेत सहित समस्त दरबारी भी इस कार्यक्रम को भव्य आयोजन करने में लग रहें।

देर शाम किया गया बाबा का भव्य श्रृंगार मंदिर भी सजाया

बताते चलेगी गुरु पूर्णिमा महोत्सव एवं श्री गुरुदेव नीम करौली महाराज जी का चतुर्थ महोत्सव की पूर्व संध्या पर सभासद एवं महंत सेवक विशाल ने बाबा का भव्य श्रृंगार कर मीठे-मीठे भजन गाए और बाबा की ज्योत को लगाकर प्रारंभ की जिसमें सैकड़ो भक्तगण उपस्थित रहे अंत में आरती कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया।

शहर के चहुंमुखी विकास के लिए मुख्यमंत्री से मिलीं पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल

* पालिकाध्यक्ष द्वारा एक वर्ष में कराए गए कार्यों को मुख्यमंत्री योगी ने सराहा

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने लखनऊ पहुंच कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की और शहर के चहुंमुखी विकास के लिए चर्चा की। पालिका अध्यक्ष ने 1 वर्ष में कराए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी, जिस पर मुख्यमंत्री ने उनकी सराहना की। नए विकास कार्यों को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ से नगर पालिका अध्यक्ष ने आग्रह किया। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान पालिकाध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने नगर में जलभराव वाले मोहल्लों जैसे अवध नगर, वल्लभ नगर, निरंजन कुंज, अयोध्या पुरम, विनायक विहार, सुभाष नगर, अंबेडकर नगर, कलेक्ट्रेट ऑफीसर्स कॉलोनी, मधुवन, साहूकारा, साईधाम कॉलोनी, विश्वनाथपुरम, गोदावरी स्टेट, शारदा कॉलोनी, कुंवरगढ़, पूरनमल आदि की सड़कों की ऊंच्चीकरण के कार्यो पर चर्चा की। देवहा नदी के तट पर स्थित ब्रह्मचारी घाट पर रिटेनिंग वॉल, स्थाई पुल, एवं घाट आदि का निर्माण कराने पर चर्चा हुई। नगर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम एवं ट्रैफिक दुर्घटना के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के रोडवेज बस स्टैंड को स्थानांतरित करने के संबंध में चर्चा हुई। वर्तमान में नगर पालिका कार्यालय जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इसके संबंध में मुख्यमंत्री से पालिका हित एवं जनहित मे कॉर्पोरेट डिजाइन पर नवीन कार्यालय भवन बनाए जाने पर चर्चा हुई। साथ ही नगर पालिका परिषद पीलीभीत का अपना निरीक्षण भवन, सामुदायिक केंद्र एवं बारात घर के निर्माण कराये जाने की चर्चा हुई।

पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने बताया सामुदायिक केंद्र एवं बारात घर के निर्माण से नगर वासियों को बेहतर सुविधाए मिल सकेंगी। साथ ही पालिका के वित्तीय आय बढ़ेगी एवं पालिका को आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी।

उप चुनाव के पहले दिन किसी ने नहीं खरीदा नामांकन पत्र

जन एक्सप्रेस/मिर्जापुर। त्रिस्तरीय पंचायत उप चुनाव के लिए ग्राम पंचायत सदस्य और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए पहले दिन संबंधित एआरओ इंतजार करते रहे। बृहस्पतिवार को एक भी नामांकन पत्र नहीं बिके। सीटी ब्लॉक क्षेत्र के कुरकुठिया पांडेय में एक और जिगनौड़ी में दो ग्राम पंचायत सदस्य के पद रिक्त हैं। एआरओ अवनीश यादव ने बताया पहले दिन एक भी नामांकन पत्र नहीं खरीदे गए। हलिया, क्षेत्र पंचायत सदस्य के एक व ग्राम पंचायत सदस्य के छह रिक्त पदों के लिए नामांकन पत्र की बिक्री के पहले नहीं हुई।

डाइट में एफ एल एन प्रशिक्षण प्रारंभ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

डाइट परिसर जौनपुर में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय संदर्भ दाताओं का पांच दिवसीय प्रशिक्षण डाइट प्राचार्य डा विनोद शर्मा के निर्देशन में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण का प्रारंभ मां सरस्वती के माल्यार्पण एवं सरस्वती वंदना से हुआ। नौनिहालों को भाषा एवं गणित में अपेक्षित अधिगम प्राप्त कराने हेतु शासन की निपुण भारतमिशन योजना एक महत्वाकांक्षी योजना है। प्रशिक्षण के उपरांत सभी संदर्भ दाता अपने - अपने विकास खंडो में अध्यापकों को ब्लाक संसाधन केन्द्र पर प्रशिक्षण देगें। प्रशिक्षण में डाइट प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा, अमित कुमार। एस आर जी अखिलेश सिंह, अजय मौर्य, एआर पी प्रशांत मिश्र, डा0मनोज सिंह, अच्छे लाल, धर्मेन्द्र सिंह, सुभाष चंद्र यादव। पंकज यादव, सुजीत , तरूण, अमरेन्द्र, अखिलेश,जगदीश, सतीश, पंकज सिंह, कुवर दारोगा सिंह, विनोद सिंह, रूद्र सेन सिंह सहित सभी ए आर पी उपस्थित रहे।

पिछड़ी जाति शादी अनुदान के लिए 925 का लक्ष्य

जन एक्सप्रेस । मिर्जापुर

मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बृहस्पतिवार को पिछड़ी जाति शादी अनुदान योजना के जनपद स्तरीय अनुश्रवण एवं शादी अनुदान समिति की बैठक हुई। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी अजय कुमार सिंह ने बताया कि पिछड़ी जाति शादी अनुदान में 925 लोगों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके सापेक्ष 92 60000 रुपए प्राप्त हुआ है। जिससे 463 लाभार्थियों को लाभान्वित कराया जाएगा। 18 जुलाई तक कुल 541 आवेदन पत्र ऑनलाइन प्राप्त हुए हैं। इसके सापेक्ष खंड विकास अधिकारी और उप जिलाधिकारी स्तर से 193 आवेदन अग्रसारित किए गए हैं। 15 निरस्त किए गए हैं। 333 आवेदन कार्रवाई के लिए लंबित है।

बाढ़ पीड़ितों को जिलाधिकारी ने वितरित की राशन किट

* तहसील परिसर पहुंचकर किया पौधा रोपण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

जिलाधिकारी ने आज कलीनगर क्षेत्रान्तर्गत नौजल्हा नकटा में बाढ़ पीड़ितों को 600 राहत किट वितरित की। इसके साथ ही उन्होंने प्रभावित लोगों से बातचीत की उनका हाल जाना व उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित लोगों के मकान ढहे व फसलों का नुकसान हुआ है उनका सर्वे टीमों के माध्यम से कराया जा रहा है तथा फीडिंग का कार्य चल रहा है, सर्वे कार्य पूर्ण होने पर शीघ्र पीड़ितों को मुआवाजा दिया जायेगा। इसके साथ ही उन्होंने तहसील कलीनगर पहुंचकर तहसील परिसर में अर्जुन के पौधे का रोपण किया। उप जिलाधिकारी कलीनगर ने बताया कि आज 80 राहत किट बन्दरबोझ, 150 राहत किट मैनी गुलडिया एवं 170 राहत किट बूंदीभूड में वितरित की गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी कलीनगर, लेखपाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने 'शहर हमारा जिम्मेदारी हमारी' अभियान का किया शुभारम्भ

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार माँदड़ द्वारा वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तहत द-मेंटर्स एकेडमी द्वारा चलाए जा रहे अभियान ''शहर हमारा जिम्मेदारी हमारी'' के अन्तर्गत पौधरोपण कार्यक्रम की शुरुआत किया गया, जिसके अन्तर्गत नईगंज कुमार पेट्रोल पंप से तारापुर कॉलोनी तक पौधरोपण किया गया। उन्होंने कहा कि इस मुहिम का उद्देश्य जनपद के लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और अपने शहर और जन्मभूमि के लिए अपना कर्तव्य याद दिलाना है। पर्यावरण संरक्षण समय की मांग है। पौधरोपण के साथ ही पौधे की सुरक्षा भी अत्यंत आवश्यक है इसलिए पौधा लगाने के साथ ही इनकी सुरक्षा पर भी अवश्य ध्यान दे जिससे अभियान को सार्थक और सफल बनाया जा सके। जिलाधिकारी ने संस्थान और बच्चों के प्रयास को एक सराहनीय कदम बताया। उन्होंने सभी बच्चों को अपने घर पर और अपने आसपास भी पौधारोपण करने के लिए कहा, जिससे पर्यावरण हरा भरा बना रहे। उन्होंने कहा कि अभियान को सफल बनाने में एकेडमी के होनहार बच्चों का भी महत्वपूर्ण योगदान है। इस अवसर पर जिला वन अधिकारी प्रवीण खरे, अधिशासी अधिकारी पवन कुमार, वन क्षेत्राधिकारी शालिनी चौरसिया, रेड क्रॉस सचिव डा0 मनोज वत्स, नगर निगम और अन्य विभागों ने भी अपना सहयोग दिया।

मुआवजे के लिए जिलाधिकारी को भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने लिखा पत्र

पीलीभीत। बाढ़ से किसानों की फसल को नुकसान के लिए मुआवजे के लिए भाजपा नेता प्रशांत कुमार रवि ने जिला अधिकारी को किसानों को मुआवजा दिए जाने के संबंध में पत्र लिखा।जनपद में बीते दिनों आई बाढ़ से किसानो की फसलों का तमाम नुकसान हुआ, सभी फसले नष्ट हो गई किसान बर्बाद हो गया। मुख्यमंत्री आदित्य नाथ योगी ने स्वयं पीलीभीत आकर हवाई सर्वे कर किसानो को उनकी फसल के नुकसान का मुआवजा देने की घोषणा की। देवहा नदी के किनारे बसे गाँव जैसे चंदोई, खरुआ, सियावडी पट्टी, सैजना, मीरपुर, प्यास गोटिया, अमरगंज, शरीफ गंज, ढकिया, नवादा, कनाकोर, उैनिया रमपुरा सहित जनपद के कई दर्जन गाँव के किसान बाढ़ की चपेट में आये लेकिन अभी तक किसी भी गाँव में किसानो की फसल का नुकसान के सर्वे करने को अभी तक कोई अधिकारी / कर्मचारी नहीं पहुंचा है? इसके लिए जिलाधिकारी से कहा कि राजस्व विभाग को सर्वे करने हेतु निर्देशित करे ताकि किसानों को मुआवजा दिया जा सके।

जौनपुर लोकसभा चुनाव हार के बाद भाजपा में आपसी सिर फुटौवल शुरु

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

* सीएम की सभाओं वाली विधानसभाओं में भी भाजपा को मिली करारी शिकस्त
* लोकसभा सीट की पांचों विधानसभा सीटों पर हारी भाजपा
* शाहगंज व मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा में हुई थीं सीएम योगी की सभाएं

यूं तो बीते लोकसभा चुनाव में भाजपा को जौनपुर सदर लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली पांचों विधानसभाओं में विपक्षी दल से करारी शिकस्त मिली। किंतु जिन विधानसभाओं में स्वयं सीएम योगी ने जीत के लिए कार्यकर्ताओं में जोश भरा था वहां भी पार्टी की स्थिति नहीं संभल सकी। केंद्र व प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में जिस कदर भाजपा को विपक्षी दल ने शिकस्त दी उसके दुःख से भाजपा अभी भी उबर नहीं पा रही है। पार्टी द्वारा विधानसभाओं में आयोजित मतदाता अभिनंदन समारोहों में तो यह अंदरूनी टीस खुलकर सामने आ जाती है। गत बुधवार को शाहगंज विधानसभा के खुटहन में आयोजित सम्मेलन में इस सीट से प्रत्याशी रहे कृपाशंकर सिंह के संबोधन से यह बात जगजाहिर हो गई। श्री सिंह ने इशारों ही इशारों में बदलापुर विधायक रमेश मिश्र द्वारा बीते दिनों इंटरनेट मीडिया पर दिए गए एक बयान की चर्चा करते हुए न सिर्फ उनकी आलोचना की बल्कि उन्हें बाहरी तक बता दिया। किंतु इस बीच वे भूल गए कि वह भी चंद दिन पहले ही कांग्रेस से भाजपा में आये हैं और चंद दिनों पहले बदलापुर में आयोजित इसी तरह के एक सम्मेलन में उन्होंने स्वयं क्या कहा था उन्होंने कहा था कि भाजपा कार्यकर्ता समझ नहीं पा रहे हैं कि आज हमारी सरकार है सबसे ज्यादा कार्यकर्ताओं की उपेक्षा हो रही है जो अब नहीं होने पायेगी और हार का मुख्य कारण भी कार्यकर्ताओं की उपेक्षा ही बताया यही नहीं बगैर नाम लिए जिसे कोसते नजर आ रहे थे वह दो बार से लगातार भाजपा विधायक हैं और कुछ दिन पहले उन पर इतना मेहरबान थे कि अपनी उम्र भी उनके नाम कर रहे थे। सप्ताह भर भी नहीं बीता जिसे अपनी उम्र लग जाने की बात कह रहे थे अब उन्हें कोसते नजर आ रहे हैं। बहरहाल चुनाव परिणामों को यदि देखा जाए तो बदलापुर सीट ही एकमात्र ऐसी सीट है जहां बीजेपी सर्वाधिक कम 10671 मतों के अंतर से हारी है। जब कि इसके अलावा मल्हनी 31688, सदर 22204, मुंगराबादशाहपुर 15231 व शाहगंज में 17770 मतों से भाजपा विपक्षी दल से पीछे रह गई। इसमें शाहगंज व मुंगराबादशाहपुर दो विधानसभा सीटें ऐसी हैं जहां स्वयं सीएम योगी ने सभा कर जीत की हुंकार भरी थी। कायदे से देखा जाए तो राजनीति में हार-जीत एक सिक्के के ही दो पहलू हैं। इस चुनाव में भाजपा को कायदे से हार के कारणों पर मंथन करना था। किंतु सच बोले भी तो आखिर कौन ? क्योंकि दरबारी राजीनीति में ऐसी हिम्मत करने वाले को ही अक्सर किनारे करने की जुगत भिड़ाई जाने लगती है।

एक साथ जिए-मरे पांच दोस्त

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ रही स्कॉर्पियो ट्रक में पीछे से घुस गई। हादसे में कार क परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे पांच दोस्तों की मौत हो गई। हादसे के वक्त चालक पीछे की सीट पर बैठा था, जो गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने परिजनों को सूचना दी है। अयोध्या जिले के थाना मयाबाजार के विलासपुर निवासी अरविंद सिंह (40) पुत्र भगवान सिंह प्राइवेट नौकरी करते हैं।

उनका एक मकान दिल्ली में भी है। वहां परिवार के ही कुछ लोग रहते हैं। मंगलवार को वह पड़ोसी वैभव पांडेय (35), अनुज पांडेय (40), चचेरे भाई मनोज सिंह (45) पुत्र समरबहादुर, चालक आशीष कुमार (45) पुत्र मिठाईलाल और मनोज के साले बस्ती जिले के थाना परशुरामपुर के गांव रजवापुर निवासी महेंद्र (38) पुत्र राजकुमार सिंह के साथ स्कॉर्पियो से दिल्ली गए थे। गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे एक्सप्रेसवे के रास्ते अयोध्या लौट रहे थे। हादसे के वक्त गाड़ी वैभव चला रहा था।

बांगरमऊ कोतवाली के फतेहपुर खालसा गांव के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो आगे चल रहे ट्रक में पीछे से घुस गई। जिस समय हादसा हुआ बारिश भी हो रही थी। रफ्तार तेज होने से ब्रेक लगाने पर गाड़ी करीब पांच मीटर तक घिसटने के बाद ट्रक से भिड़ी। हादसे में स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने सभी को एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी भेजा जहां, डॉक्टर ने वैभव, मनोज और अरविंद को मृत घोषित कर दिया।

लखनऊ के गिरजा सिंह के नाम पंजीकृत है स्कॉर्पियो

हादसे के बाद पुलिस ने गाड़ी की जांच की, तो वह लखनऊ के कानपुर रोड एलडीए कालोनी निवासी गिरजा सिंह पुत्र ओमप्रकाश के नाम दर्ज मिली है। वर्ष 2021 की गाड़ी थी।

हादसे में मनोज के चचेरे भाई और साले की भी मौत

एक्सप्रेसवे पर हुए हादसे का शिकार हुए मनोज के साथ उनके चचेरे भाई अरविंद सिंह और साले महेंद्र भी थे। उनकी भी मौत हो गई। अरविंद खेती कर परिवार का पालन पोषण करते थे। पिता भगवानदीन भी खेती करते हैं।

वैभव और अमित स्नातक के छात्र थे

हादसे का शिकार हुआ वैभव पांडे स्नातक का छात्र था। वह दो भाइयों में बड़ा था। पिता लक्ष्मी नारायण पांडे खेती करते हैं। बेटी की मौत से पिता और मां बेहाल हैं। अमित भी स्नातक की पढ़ाई कर रहा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वह दो भाइयों में बड़ा था। पिता दिलीप तिवारी डाकघर में कर्मचारी हैं। बेटे की मौत से पिता और मां और अन्य परिजन बेहाल हैं।

हादसे के बाद गायब हैं मृतकों की चेन और अंगूठियां

हादसे का शिकार हुए मनोज और उनके साथियों की सोने की चेन और अंगूठियां मौके पर नहीं मिली हैं। परिजनों का आरोप है कि मनोज दो तोला की चेन, तीन अंगूठी पहने था। बाकी लोग भी अंगूठी और चेन पहने थे, जो गायब हैं। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि जेवर गायब होने की बात पता चली है। चौकी इंचार्ज और कोतवाल से इसकी जानकारी ली जा रही है।

चालक बोला- मुझे सबसे पीछे की सीट में बैठा दिया था

जिला अस्पताल में स्कार्पियो चालक आशीष ने लड़खड़ाते शब्दों में बताया कि वह गाड़ी का चालक है लेकिन अरविंद और उनके दोस्तों ने उन्हें गाड़ी चलाने नहीं दी। बताया कि वह पांच दोस्त आपस में खाते, पीते, नाश्ता करते हुए चल रहे थे और बारी-बारी से गाड़ी चला रहे थे।

राशन आदि की व्यवस्था करने गए थे अरविंद

महेंद्र, आशीष और अनुज को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल पहुंचने पर महेंद्र और अनुज को भी मृत घोषित कर दिया गया, जबकि आशीष का इलाज चल रहा है। सीओ अरविंद सिंह, कोतवाल राजकुमार और एएसपी दक्षिणी प्रेमचंद्र घटनास्थल पर पहुंचे। गाड़ी में मिले मोबाइल से परिजनों को सूचना दी गई। मृतक अरविंद के माता-पिता भी दिल्ली में रहते हैं। अरविंद उन्हीं को राशन आदि की व्यवस्था करने गए थे।

हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया

अरविंद पहले दिल्ली में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। इस समय वह अयोध्या में ही रह रहे हैं। सीओ अरविंद कुमार चौरसिया ने बताया कि हादसे के समय मौजूद लोगों ने बताया कि स्कार्पियो की रफ्तार करीब 120 किलोमीटर प्रति घंटा होगी। रफ्तार तेज होने से स्कार्पियो क्षतिग्रस्त हुई और सभी लोग उसी में दब गए। हादसे के बाद चालक ट्रक लेकर भाग गया। टोल प्लाजा पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से उसका पता लगाया जा रहा है।

मुहर्रम जुलूस के कारण 11 घंटे बंद रही बिजली आपूर्ति

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

गंजमुरादाबाद। मुहर्रम के जुलूस के दौरान कस्बे व ग्रामीण इलाकों में बुधवार को करीब 11 घंटे बिजली बंद रखी गई। इससे करीब 50 हजार की आबादी को गर्मी और उमस से जूझना पड़ा।

कस्बे में मुहर्रम का जुलूस पिछले कई वर्षों से निकलता आ रहा है, जो रात 11 से 12 बजे रात तक समाप्त हो जाता था। किसी भी अप्रिय घटना की आशंका के चलते जब तक जुलूस समाप्त नहीं हो जाता तब तक बिजली आपूर्ति बंद रहती है। इस बार यह जुलूस एक घंटे देरी से शाम पांच बजे से शुरू हुआ जो रात ढाई बजे तक चलता रहा। इससे शाम चार बजे ही बिजली काट दी गई। जो जुलूस समाप्त होने तक करीब तीन बजे तक बंद रही।

बिजली के अभाव में रात के 10 बजे तक इनवर्टर भी जवाब दे गए। उमस और गर्मी से परेशान रात में छतों पर टहलते रहे। लगातार 11 घंटे बिजली न आने से लोग परेशान रहे। पूरी रात लोग सो नहीं सके। कस्बे के अलावा सुलतानपुर, बहलोलपुर, हयातनगर, नेवल, दरियापुर, दारापुर, दरियापुर और बरौंकी आदि गांवों की करीब 50 हजार की आबादी परेशान रही। जेई संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि किसी अप्रिय घटना की आशंका के मद्देनजर मुहर्रम के जुलूस के दौरान बिजली काटना मजबूरी थी। इस बार जुलूस देर तक चलने से बिजली आपूर्ति शुरू करने में देर हुई।

सीओ और एसओ ने लूट की घटना नकारी

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

पाटन। किराना व्यापारी से 10 दिन पहले हुई लूट की घटना में बिहार पुलिस और सीओ की ओर से घटना को नकारने के बाद पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। उन्होंने जांच और रिपोर्ट दर्ज कराने का आश्वासन दिया है।

बिहार थानाक्षेत्र के गांव दीक्षितनटोला बाबूखेड़ा निवासी किराना व्यवसायी संजू बाजपेई आठ जुलाई को पिता उदयशंकर के साथ लोडर से सामान लेकर जा रहा था। बिहार-बक्सर मार्ग पर एक ईंट भट्ठा के पास बाइक सवार तीन लुटेरों ने उसकी गाड़ी रुकवाकर तमंचे के बल पर 70 हजार रुपये लूट लिए थे। केसरीखेड़ा निवासी शुभम लोधी को पहचान लेने पर पीड़ित ने नामजद तहरीर दी थी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घटना के चौथे दिन नामित शुभम व उसके साथी को गिरफ्तार भी किया।

बाद में दोनों को छोड़ दिया था। पीड़ित ने एसपी को बताया कि 16 जुलाई को अखबार में प्रकाशित खबर पढ़कर पता चला कि चौकी प्रभारी लूट की घटना को मारपीट बताकर आरोपियों की गिरफ्तारी भी नकार रहे हैं। लुटेरों को इस तरह छोड़ने से व्यापारियों में दहशत है। एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने बताया कि पीड़ित ने तहरीर दी है। सीओ से निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं।

मौसम में उतार-चढ़ाव से बीमार हो रहे बच्चे

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

कभी बारिश तो कभी उमस भरी गर्मी से संक्रामक रोगों का हमला तेज है। इस समय बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा बीमार हो रहे हैं। डयारिया, बुखार, जुकाम के मरीज बढ़े हैं। जिला अस्पताल में बेड फुल हैं। सात दिन में डायरिया पीड़ित 56 बच्चों को भर्ती कराया गया है।

कभी तेज धूप तो कभी मौसम में नमी से संक्रामक रोगियों की संख्या बढ़ी है।

सबसे ज्यादा रोगी डायरिया और बुखार के आ रहे हैं। सबसे ज्यादा दिक्कत बच्चों को हो रही है। जिला अस्पताल की ओपीडी में बाल रोग विशेषज्ञ के पास रोजाना औसतन 300 बच्चे पहुंच रहे हैं। वहीं, बीते सात दिन में 56 बच्चों को भर्ती किया गया।

नहर में मिले किशोरी के शव की शिनाख्त

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर। आसीवन की शारदानहर ब्रांच में चार दिन पहले मिले किशोरी के शव की शिनाख्त हो गई है। पिता ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंच शिनाख्त की। किशोरी 14 दिन से लापता थी। पिता ने बेहटामुजावर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई थी। पिता ने अपहरण व दुष्कर्म के बाद हत्या का आरोप लगाया है।

बेहटामुजावर थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने बताया कि 17 वर्षीय बेटी तीन जुलाई को कपड़े लेने टेलर की दुकान पर गई थी। इसके बाद वह नहीं लौटी। काफी तलाश के बाद भी जब पता नहीं चला तो चार जुलाई को पिता ने थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई और एक युवक व उसके दो साथियों पर बेटी के अपहरण का शक जताया था।

पुलिस ने युवक को बुलाकर पूछताछ भी की थी, लेकिन उसने आरोप से इन्कार किया था। किशोरी के लापता होने के बाद से वह गांव में ही था। लापता होने के 13 दिन बाद 15 जुलाई को किशोरी का शव गांव से करीब 35 किलोमीटर दूर आसीवन थानाक्षेत्र में शारदा नहर में झाड़ियों में फंसा मिला था। शव की पहचान न होने से पुलिस ने शव पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया था। सोशल मीडिया पर शेयर की गई फोटो के आधार पर मृतका के पिता ने पहचान की। दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई है।

मृतका पांच भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। बेटी की मौत से मां गोमती और अन्य परिजन बेहाल हैं।

बेहटामुजावर थानाध्यक्ष फूल सिंह ने बताया कि इस घटना में गुमशुदगी दर्ज थी। पिता के आरोप पर युवक से पूछताछ की गई थी, लेकिन अपहरण जैसा मामला सामने नहीं आया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

सड़ गया था शव, दुष्कर्म की पुष्टि के लिए विसरा सुरक्षित

पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शव काफी पुराना होने से सड़ गया था। पूरे शरीर में कीड़े पड़ गए थे। इससे न ही चोट के निशान मिले हैं और न दुष्कर्म की पुष्टि हो पाई है। ऐसे में विसरा सुरक्षित किया गया है।

बाजारों में अतिक्रमण बेहिसाब, आग का खतरा नजर अंदाज

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

शहर के बाजारों में आग के खतरे को नजर अंदाज कर ग्राहकों की जान को खतरे में डाला जा रहा है। मंगलवार रात सदर बाजार की तीन दुकानों में आग लगने की घटना के बाद बुधवार रात वीडी मार्केट आग की चपेट में आते बची। कई दुकानों के मीटर और केबल में स्पार्किंग हुई, गनीमत रही कि आग नहीं लगी।

शहर के सदर बाजार में दुकानदारों और मार्केट मालिकों ने आग के खतरे को नजर अंदाज कर रखा है। कोई भी बाजार अग्निशमन विभाग के मानकों के मुताबिक नहीं है। ज्वैरली, कपड़े, कास्मेटिक की शहर की सबसे प्रमुख वीडी मार्केट में सुबह से देर रात तक भीड़ रहती है। खासकर महिलाएं और उनके साथ बच्चे ज्यादा रहते हैं। लेकिन यहां अतिक्रमण की हालत यह है कि मार्केट के मुख्य रास्ते तक को किराये पर दे दिए गए हैं। आवागम का रास्ता इतना बचा है कि अधिकतम दो लोग एक साथ पैदल निकल सकते हैं।

जरा सी भगदड़ से बड़ा हादसा हो सकता है। यही हाल धवन रोड बाजार का है। पक्की दुकानों के आगे दोनों तरफ चार-पांच फीट तक लगी अस्थायी दुकानों से यहां से दो पहिया वाहनों तक निकलना मुश्किल रहता है। एक साल पहले यहां एक कपड़े के गोदाम में आग लगी थी। अतिक्रमण के कारण दमकल मौके तक नहीं पहुंच पाई थी। किसी तरह छोटी गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया जा सका था। बुधवार रात वीडी मार्केट में बेतरतीबी से फैले बिजली के तारों और मीटर में स्पार्किंग हुई। गनीमत रही की आग लगने की घटना नहीं हुई। यही हाल कचौड़ी गली, स्टेशन रोड, कचहरी पुल के नीचे स्थित मार्केट का है।

जो जैसे था भाग कर दुकान पहुंचा

वीडी मार्केट के दुकानदारों को जैसे ही रात करीब 11 बजे बिजली के तारों में स्पार्किंग की सूचना मिली भागकर पहुंचे। दुकानदारों में शिवम, राजीव, सुमित आदि ने बताया कि घर पहुंच कर खाना खा रहे थे। तभी स्पार्किंग की सूचना मिली। एक दिन पहले तीन दुकानों में आग की घटना हो चुकी थी। इससे दहशत में आ गए। दुकानदारों ने बताया कि घर में पैंट पहनी और शर्ट रास्ते में चलते-चलते पहनी।

शहर के सभी प्रमुख बाजारों में आग का जोखिम

एफएसओ शिवराम यादव ने माना कि अतिक्रमण के चलते शहर के सभी प्रमुख बाजारों को रास्ते तंग हैं। मंगलवार रात सदर बाजार में आग लगने की घटना अगर दिन में हुई होती तो नुकसान ज्यादा हो सकता था। दमकल पहुंचने और आग बुझाने में समय लगता और कई और बिल्डिंग चपेट में होतीं। उन्होंने बताया कि लगभग 60 फीसदी लोग रास्ते में दुकानें लगाए रहते हैं। रास्ता अवरुद्ध होने से आग से ज्यादा नुकसान भगदड़ से होता। सभी बाजारों में बिजली के तारों का मकड़जाल सबसे बड़ा खतरा है।

जेई ने किया निरीक्षण, बोले- कराएंगे सुधार

बिजली विभाग के जेई शिवांशु दुबे ने बताया कि वीडी मार्केट में केबल व मीटर में स्पार्किंग होने की सूचना पर निरीक्षण किया है। सभी के मीटर मार्केट से बाहर लगवाए जाएंगे। मेन लाइन से मोटी केबल लगाकर कनेक्शन व्यवस्थित कराए जाएंगे।

मवेशी से टकराई बाइक युवक की मौत



कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि भाई लाखन की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

उन्नाव जिले में तेज रफ्तार बाइक मवेशी से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार दोस्त घायल हो गए। पुलिस एंबुलेंस से जिला अस्पताल लाई। डॉक्टर ने एक को मृत घोषित कर दिया। दूसरे को गंभीर हालत में कानपुर हैलट रेफर किया गया है। बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे।

सदर कोतवाली के ख्वाजगीपुर करोवन निवासी किशन राठौर (25) पुत्र कैलाश आइसक्रीम का ठेला लगा लगाता था। बुधवार सुबह वह गांव के साथी मनीष (23) के साथ उन्नाव आया था। रात करीब 9:30 बजे दोनों घर लौट रहे थे। उन्नाव-करोवन मार्ग पर कुद्दूखेड़ा गांव के पास मवेशी से बाइक टकरा गई।

हादसे में बाइक चला रहे किशन और पीछे बैठा मनीष घायल हो गया। दोनों को जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने किशन को मृत घोषित कर दिया गया। वह पांच भाइयों में छोटा था। बेटे की मौत से मां बसंती और अन्य परिजन बेहाल हैं। कोतवाल प्रमोद कुमार मिश्र ने बताया कि भाई लाखन की तहरीर पर पोस्टमार्टम कराया गया है।

आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस वे पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलटी, दो की मौत, तीन घायल

दो की मौत तीन घायल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र में शुक्रवार भोर पहर लखनऊ आगरा एक्सप्रेस पर आगरा से लखनऊ की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कर अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में कर में सवार दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। संत कबीर नगर जनपद के लिए खलीलाबाद थाना क्षेत्र के नौरनि गांव निवासी 30 वर्षीय रामकुमार पुत्र रंगीलाल पत्नी 25 वर्षीय शिल्पा व सात माह की मासूम बेटी श्रेया, 28 वर्षीय छोटे भाई दीपक और सगे संबंधी 26 वर्षीय राकेश पुत्र साहब राम के साथ शुक्रवार शाम दिल्ली से अपने घर संत कबीर नगर जाने के लिए निजी कार द्वारा निकाला था। कार महोबा थाना व जनपद क्षेत्र के घुटाई गांव निवासी 21 वर्षीय दिनेश पुत्र शिव प्रसाद चला रहा था।

चालक को झपकी आने से हुआ हादसा

शुक्रवार भोर पहर आगरा से लखनऊ की तरफ जाते समय अरौल थाना क्षेत्र में मकनपुर व ढठिया के मध्य चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। घटना की जानकारी मिलते ही हाईवे एंबुलेंस और पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस की मौजूदगी में किसी तरह गाड़ी को सीधा कर उसमें सवार सभी लोगों को बाहर निकल गया। हादसे में कार सवार रामकुमार की मासूम बेटी श्रेया और भाई दीपक की मौत हो गई और चालक सहित अन्य लोग घायल हो गए। एंबुलेंस से सभी घायलों को उपचार के मेडिकल कॉलेज तिर्वा भेजा गया और परिजनों को घटना की सूचना देने के बाद मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अरौल थाना प्रभारी अखिलेश कुमार के अनुसार क्षतिग्रस्त कार को क्रेन की मदद से थाने लाया गया है। विधिक कार्यवाही की जा रही है।

ट्रैक्टर की टक्कर से युवक की मौत

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

सफीपुर। माखी थानाक्षेत्र के गांव कोटरा निवासी हिमांशु (30) पुत्र बबलू धानुक गुरुवार सुबह साथी आसीवन के रसूलाबाद कस्बा निवासी उमेश (28) के साथ रसूलाबाद गया था। घर लौटते समय रसूलाबाद-सफीपुर मार्ग पर कूरेमऊ गांव के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक चला रहे हिमांशु की मौत हो गई, जबकि उमेश घायल हो गया। उसे सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। वह खेती करता था। बेटे की मौत से मां धनेश्वरी, छोटा भाई अर्पित, बहन प्राची बेहाल हैं।

थानाध्यक्ष ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर चालक का पता लगाया जा रहा है।

बिल्हौर ब्लॉक के मदराराय गुमान गांव जाने वाली सड़क की टूटी पुलिया से वाहन निकलना बंद

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के मदराराय गुमान गांव जाने वाली सड़क की टूटी पुलिया से लोगों के वाहन निकलना बंद हो गए हैं लेकिन इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। सरकार लाख दावे कर रही है सड़क निर्माण और स्वच्छता अभियान को लेकर लेकिन जहां पर मदारे खेरे से बदन निवादा गांव जाने वाली सड़क पर टुटी पुलिया से निकलना ग्रामीणों का दूभर हो गया है कई बार ग्रामीण अचानक साइकिल या मोटरसाइकिल निकलते वक्त हादसे का शिकार हो चुके हैं।

सूचना पर बिल्हौर विकासखंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा का ग्राम पंचायत राय गुमान में आना हुआ लेकिन टूटी पुलिया से चार पहिया वाहन निकालना मुश्किल लग रहा था किसी तरह ग्रामीणों की सहायता से टूटी पुलिया से जुगाड़ कर वाहन को निकाला गया तब जाकर विकास खंड अधिकारी मीटिंग में पहुंच सके वहीं पूरे मामले पर बिल्हौर विकासखंड अधिकारी दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि जल्द ही टूटी पुलिया का निर्माण कार्य कराया जाएगा जिससे ग्रामीणों की हो रही असुविधा को दूर किया जाएगा।

एक अगस्त से बढ़ेगा सर्किल रेट

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

एक अगस्त से जनपद में नया सर्किल रेट लागू करने की तैयारी है। करीब 10 से 30 फीसदी तक बढ़ोतरी का प्रस्ताव दिया गया है। हालांकि अभी जिला प्रशासन ने प्रस्तावित वृद्धि पर आपत्तियां मांगी हैं। आपत्ति का निस्तारण होने के बाद नया सर्किल रेट लागू हो जाएगा।

डीएम सर्किल रेट में एक अगस्त से होने वाली वृद्धि के साथ ही जमीन की खरीद-फरोख्त महंगी होने का अनुमान है। सूत्रों के मुताबिक, नए सर्किल रेट में सेगमेंट मार्ग राष्ट्रीय व राज्यमार्ग पर स्थित संपत्तियों की दरों में तहसीलवार समान रूप से 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। नगरीय व अर्द्धनगरीय क्षेत्र की अकृषक भूमि की दर में 30 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र की अकृषक भूमि की दर में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी प्रस्तावित है। सभी क्षेत्रों की कृषि योग्य भूमि की दरों में 25 फीसदी की वृद्धि प्रस्तावित की गई है। एक अनुमान के आधार पर शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 10 से 30 फीसदी की वृद्धि की जा सकती है। उदाहरण के तौर पर 31 जुलाई तक जिस क्षेत्र में जमीन की कीमत पांच हजार प्रति वर्ग मीटर रहेगी, एक अगस्त से उसमें 500 से डेढ़ हजार रुपये तक की बढ़ोतरी हो सकती है। हाईवे किनारे के बड़े कस्बों नवाबगंज, सोहरामऊ आदि में करीब 30 प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। अपर जिलाधिकारी (वित्त राजस्व) नरेंद्र सिंह ने बताया कि एक अगस्त से नई दरों को लागू करना प्रस्तावित है। प्रस्तावित मूल्यांकन सूची सहायक महानिरीक्षक निबंधन एवं जनपद के समस्त उपनिबंधक कार्यालयों में आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध है।

बालिका का थाने के पास शव रखकर लगाया जाम, हंगामा

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

औरास। अनुसूचित जाति की बालिका की सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की घटना में गुरुवार को परिजनों व ग्रामीणों ने हंगामा किया। शव को लखनऊ जिले की सीमा में रहीमाबाद थाने के पास सड़क पर शव रखकर चार घंटे हंगामा किया। अधिकारियों ने परिजनों की विधायक से बात कराई। उन्होंने पांच लाख की आर्थिक मदद और डेढ़ बीघा जमीन का पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया तब लोग शांत हुए और अंतिम संस्कार किया।

औरास थानाक्षेत्र के एक गांव में रहने वाली 14 साल की बालिका को प्राथमिक विद्यालय में तैनात इंचार्ज शिक्षक सौरभ सिंह आठ जुलाई को काम दिलाने और बदले में छह हजार रुपये हर महीने देने की बात कहकर अपने घर लखनऊ में एल्डिको स्थित 1111-सी उपहार उपवन ले गया था। मंगलवार रात बालिका की हालत बिगड़ी तो उसे लोकबंधु अस्पताल ले गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया था। बालिका के भाई ने शिक्षक पर बहन से सामूहिक दुष्कर्म और हत्या का आरोप लगाकर लखनऊ के पीजीआई थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। बुधवार रात करीब 10:30 बजे शव गांव पहुंचा तो चीख पुकार मच गई। गुरुवार दोपहर 1-30 बजे परिजन और गांव के लोग शव को ट्रैक्टर-ट्रॉली में रखकर जिले की सीमा से लगे लखनऊ के रहीमाबाद थाने के पास ले गए। यहां हरदोई-लखनऊ मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया और उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग की। हसनगंज एसडीएम रामदेव निषाद, सीओ बांगरमऊ अरविंद चौरसिया, नायब तहसीलदार आशुतोष पांडेय और पूजा अग्निहोत्री पुलिस बल के साथ पहुंचीं। मृतका के भाई ने 10 लाख रुपये मुआवजा, पांच बीघा जमीन का पट्टा, सरकारी नौकरी और आरोपी को फांसी की सजा की मांग की। लखनऊ के रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार करने की जानकारी दी। परिजन एनकाउंटर की मांग करने लगे। इस पर बांगरमऊ सीओ ने मोहान विधायक ब्रजेश रावत की मृतका के भाई से फोन पर बात कराई। विधायक ने पांच लाख रुपये, डेढ़ बीघा जमीन का पट्टा और आरोपी को सख्त सजा दिलाने का आश्वासन दिया तब लोग शाम 5:30 बजे शांत हुए। इसके बाद शव का गांव में घर के पास अंतिम संस्कार कर दिया।

बीएसए ने शिक्षक को किया निलंबित

आरोपी शिक्षक सौरभ सिंह पर रिपोर्ट दर्ज होने और उसे जेल भेजे जाने के बाद बीएसए संगीता सिंह ने उसे निलंबित कर दिया है। शिक्षक पर सामूहिक दुष्कर्म की रिपोर्ट का मामला उनकी जानकारी में आने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए शिक्षक की पूरी रिपोर्ट शिक्षा महानिदेशक को भेजी है।

2041 तक मुस्लिम राज्य बन जाएगा असम: हिमंता

बोले, कहा, इसे कोई नहीं रोक सकता, राहुल गांधी एंबेसडर बनें तो जनसंख्या कंट्रोल कर सकते हैं

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांख्यिकीय नमूने पेश किए

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। दिसपुर

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ सालों में असम में मुस्लिमों की आबादी बहुत बढ़ने वाली है। 2041 तक असम मुस्लिम बहुल राज्य बन जाएगा। एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सांख्यिकीय नमूने पेश किए। उन्होंने दावा किया कि राज्य में मुस्लिम आबादी हर 10 साल में लगभग 30 प्रतिशत बढ़ रही है। इस हिसाब से असम में मुस्लिम 2041 तक बहुसंख्यक बन जाएंगे। उन्होंने सांख्यिकीय नमूनों का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम अब असम की आबादी का 40 प्रतिशत हो चुके हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह वास्तविकता है, इस होने से कोई नहीं रोक सकता। उन्होंने यह भी दावा किया कि हर दस साल में हिंदुओं की आबादी 16 प्रतिशत ही बढ़ रही है। उन्होंने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने मुस्लिम समुदाय के बीच जनसंख्या वृद्धि को कम करने के लिए कदम उठाए हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर किया तंज

असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा, मुसलमानों की जनसंख्या वृद्धि को रोकने में कांग्रेस की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। उन्होंने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि अगर राहुल गांधी जनसंख्या नियंत्रण के ब्रांड एंबेसडर बन जाते हैं, तो यह स्थिति नियंत्रित हो सकती है। क्योंकि यह समुदाय केवल उनकी बात सुनता है।

यूनिफॉर्म सिविल कोड की तरफ बढ़ रही असम सरकार

फरवरी 2023 में जब असम सरकार ने मुस्लिम मैरिज एक्ट को रद्द करने वाली बात कही थी। तब राज्यमंत्री मल्लाबरुआ ने कहा की मुख्यमंत्री ने हम समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ रहे हैं। इसी को लेकर एक महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है।

मुस्लिम मैरिज के लिए लाया जाएगा नया एक्ट

इससे पहले सीएम सरमा ने बताया कि मंत्रिमंडल ने मुस्लिम मैरिज एक्ट 1935 को रद्द करते हुए नए कानून बनाने को मंजूरी दे दी है। उन्होंने कहा कि नए कानून से शादी और तलाक के नियमों में समानता आएगी। साथ ही बाल विवाह जैसी कुप्रथा पर भी रोक लगेगी। नए कानून के बिल पर संसद के मानसून सत्र में चर्चा की जाएगी।

विधानसभा के मानसून सत्र में होगी बिल पर चर्चा

सीएम सरमा ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सोशल मीडिया पोस्ट करते हुए इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हमने बाल विवाह के खिलाफ अतिरिक्त सुरक्षा उपाय करने जा रहे हैं। जो बेटियों और बहनों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम होगा। मौजूदा एक्ट लड़कियों को 18 और लड़कों को 21 साल की उम्र से पहले शादी करने की अनुमति देता है। मंत्रिमंडल को निर्देश दिए गए हैं कि असम में मुस्लिम मैरिज रजिस्ट्रेशन के लिए एक कानून लाया जाए। जिस पर विधानसभा के अगले सत्र में विचार किया जाएगा।

विपक्ष ने फैसले को बताया मुस्लिम भेदभावपूर्ण

इससे पहले इसी साल फरवरी में असम सरकार के मंत्रिमंडल ने असम मुस्लिम मैरिज एंड डिवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट एंड रूल्स ऑफ 1935 को रद्द करने पर सहमति व्यक्त की थी। इसे असम रिपीलिंग बिल 2024 के माध्यम से हटाया जाएगा। हालांकि विपक्षी दलों ने इस फैसले की पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कानून चुनावी साल में वोटरों का ध्रुवीकरण करने के लिए लाया गया है।

मुस्लिम मैरिज एक्ट रद्द होने से क्या बदलाव होंगे

मुस्लिम मैरिज एक्ट 1935 के रद्द होने के बाद मुस्लिम विवाह या तलाक का रजिस्ट्रेशन स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के माध्यम से हो सकेगा। इसके अलावा 1935 से विवाह की उम्र में मिलने वाली छूट भी खत्म कर दी जाएगी। मुस्लिम विवाह और तलाक का रजिस्ट्रेशन डिस्ट्रिक्ट कमिश्नर और डिस्ट्रिक्ट रजिस्ट्रार द्वारा किया जाएगा। इससे पहले जो काजी डिवोर्स रजिस्ट्रेशन एक्ट के तहत काम कर रहे थे, उन्हें हटा दिया जाएगा और इसके बदले उन सभी को एकमुश्त दो-दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा।

पेटीएम को पहली-तिमाही में 839 करोड़ का घाटा

पिछले साल इसी तिमाही में यह 357 करोड़ था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस को वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 839 करोड़ रुपए का लॉस हुआ है। पिछले वित्त वर्ष यानी 2023-24 की समान तिमाही में घाटा 357 करोड़ रुपए था। यानी, कंपनी का घाटा 134 प्रतिशत बढ़ गया है। कंपनी के रेवेन्यू यानी आय में भी गिरावट आई है। अप्रैल-जून तिमाही में पेटीएम का ऑपरेशन से रेवेन्यू 1,502 करोड़ रुपए रहा। पिछले साल की समान तिमाही में रेवेन्यू 2,342 करोड़ रुपए था। यानी, पहली तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू सालाना आधार पर 36 प्रतिशत गिर गया। पेटीएम पेमेंट बैंक पर आरबीआई की रोक के कारण उसके बिजनेस पर असर दिखा है। वहीं तिमाही नतीजों की घोषणा के बाद पेटीएम के शेयरों में करीब 1प्रतिशत की तेजी है। ये 450 रुपए पर कारोबार कर रहा है। बीते एक साल में शेयरों में करीब 45 प्रतिशत की गिरावट आई है।

तिमाही आधार पर घाटा 53 प्रतिशत बढ़ा

वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 839 करोड़ रुपए का लॉस हुआ है। पिछली तिमाही यानी, जनवरी-मार्च में कंपनी को 550 करोड़ रुपए का घाटा हुआ था। यानी, तिमाही आधार पर घाटा 53 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं अप्रैल-जून तिमाही में पेटीएम का ऑपरेशन से रेवेन्यू 1,502 करोड़ रुपए रहा। पिछली तिमाही यानी, जनवरी-मार्च में पेटीएम का ऑपरेशन से रेवेन्यू 2,267 करोड़ रुपए रहा था। यानी, कंपनी का रेवेन्यू तिमाही आधार पर 34 प्रतिशत गिर गया।

आरबीआई की रोक से पेटीएम के बिजनेस पर असर

31 जनवरी 2024 को जारी सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि 29 फरवरी (बाद में बढ़ाकर 15 मार्च किया) के बाद पेटीएम पेमेंट बैंक के अकाउंट में पैसा जमा नहीं किया जा सकेगा। इस बैंक के जरिए वॉलेट, प्रीपेड सर्विसेज, फास्टैग और दूसरी सर्विसेज में पैसा भी नहीं डाला जा सकेगा। हालांकि, पेटीएम पेमेंट्स बैंक के ग्राहकों के सेविंग अकाउंट, करंट अकाउंट, प्रीपेड इंस्ट्रूमेंट्स, फास्टैग, नेशनल कॉमन मोबिलिटी कार्ड आदि में मौजूद पैसों के विड्रॉल या उपयोग पर किसी तरह की कोई पाबंदी नहीं थी। बैलेंस अवेलेबल होने तक इसका इस्तेमाल किया जा सकता है।

2009 में हुई थी पेटीएम की शुरुआत

पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने अगस्त 2009 में पेटीएम पेमेंट ऐप को लॉन्च किया था। इसके फाउंडर विजय शेखर शर्मा है। अभी देश में पेटीएम के 30 करोड़ से ज्यादा यूजर हैं। पेटीएम का मार्केट कैप करीब 28 हजार करोड़ रुपए है।

पूजा खेडकर की मुश्किलें बढ़ीं, यूपीएससी ने परीक्षा में धोखाधड़ी के आरोप में दर्ज कराई एफआईआर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूपीएससी ने प्रशिक्षु आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर के खिलाफ सिविल सेवा परीक्षा में धोखाधड़ी के आरोप में एफआईआर दर्ज कराई है। यूपीएससी ने पूजा खेडकर को उनकी उम्मीदवारी रद्द करने के लिए कारण बताओ नोटिस (एससीएन) भी जारी किया है। पूजा से भविष्य की परीक्षाओं या चयनों से वंचित करने के लिए भी जवाब मांगा गया है। यूपीएससी के मुताबिक, धांधली के आरोपों के बाद पूजा के खिलाफ कई कार्रवाइयां शुरू की गई हैं। इसमें पुलिस के पास एफआईआर दर्ज कर आपराधिक मुकदमा चलाना शामिल है। सिविल सेवा परीक्षा-2022 के नियमों के अनुसार, उनकी उम्मीदवारी रद्द करने, भविष्य की परीक्षाओं या चयनों से दूर करने करने के लिए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। यूपीएससी ने बताया कि सिविल सेवा परीक्षा 2022 के लिए अनंतिम रूप से अनुशंसित उम्मीदवार पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर के दुर्व्यवहार की विस्तृत और गहन जांच की गई। इस जांच से यह पता चला है कि उन्होंने अपना नाम, पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर, हस्ताक्षर, ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदला। उन्होंने अपनी पहचान बदलकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से परे धोखाधड़ी से प्रयास किए।

राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले प्रावधान की समीक्षा की मांग, सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट देने वाले संवैधानिक प्रावधान की समीक्षा करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति जता दी है। संविधान के अनुच्छेद 361 के तहत राज्यपाल को आपराधिक अभियोजन से छूट मिली हुई है। कोर्ट ने राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर छेड़छाड़ का आरोप लगाने वाली महिला कर्मचारी की याचिका पर पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस जारी किया है। इसके साथ ही कोर्ट मामले से निपटने में अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि से सहयोग करने को कहा। कोर्ट ने बंगाल राजभवन की महिला कर्मचारी से कहा कि वह अपनी याचिका में केंद्र को भी पक्षकार बनाए। दरअसल, महिला ने राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। भारत के प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने मामले की सुनवाई करने पर सहमति जताई। यह अनुच्छेद संविधान के अनुच्छेद 14 का अपवाद है और प्रावधान करता है कि राष्ट्रपति या राज्यपाल अपने पद के तहत प्राप्त शक्तियों के इस्तेमाल और कर्तव्यों के लिए किसी भी अदालत के प्रति जवाबदेह नहीं हैं। राज्यपालों को आपराधिक अभियोजन से छूट प्रदान करने के संबंध में विशिष्ट दिशा-निर्देश तैयार करने के निर्देश दिए जाने का अनुरोध किया है।

हावेरी में भारी बारिश के कारण घर की छत गिरने से तीन लोगों की मौत, पूर्व सीएम ने की मुआवजे की मांग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बंगलूरू

कर्नाटक में हावेरी जिले के सावनूर तालुक के मदापुरा गांव में भारी बारिश के कारण एक घर की छत गिरने से एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे भी शामिल है। इस हादसे तीन अन्य घायल भी हुए। मृतकों की पहचान 38 वर्षीय चेन्नम्मा, दो जुड़वां बच्चियां अनुश्री और अमूल्या के तौर पर की गई है। इस हादसे पर पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने पीड़ितों के लिए राज्य सरकार से उचित मुआवजे की मांग की। पुलिस के अनुसार, 35 वर्षीय मुत्तप्पा हरकुनी, उनकी 30 वर्षीय सुनीता, 70 वर्षीय मां यल्लम्मा और जुड़वां बेटियां और बहन चेन्नम्मा गांव के कच्चे घर में रह रहे थे। गुरुवार की शाम को यहां भारी बारिश हुई थी और अगले दिन घर की छत ढह गई। इस घटना के दौरान परिवार वाले सो रहे थे। हावेरी के पुलिस अधीक्षक अंशू कुमार ने कहा कि मुत्तप्पा, उनकी पत्नी और मां को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। उनका फिलहाल इलाज जारी है।

पूर्व सीएम ने की मुआवजे की मांग

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने परिवार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से उचित मुआवजे की मांग की। बता दें कि बोम्मई हावेरी से लोकसभा सदस्य भी हैं। इस घटना पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हावेरी जिले में लगातार हो रही बारिश के कार सावनूर तालुक के मदापुरा गांव में एक घर की छत गिरने से दो बच्चों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। यह खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। इस घटना में अन्य तीन लोग घायल भी हुए हैं। राज्य सरकार को घायलों का उचित इलाज कराना चाहिए।

कर्नाटक में लापता हुआ केरल का लॉरी चालक

केरल के एक लॉरी चालक का पता लगाने के लिए कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ जिले के शिरूर गांव में तलाशी अभियान चलाया गया है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि भारी बारिश के कार भूस्खलन में लॉरी चालक लापता हो गया। लॉरी चालक की पहचान अर्जुन के तौर पर की गई है, जो कोझिकोड का रहने वाला है। इस घटना के बाद 16 जुलाई को छह शव बरामद किया गया। भूस्खलन के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 66 पर वाहनों का यातायात अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

भारत के उत्तर में बढ़ रहीं आपदाएं, उष्णकटिबंधीय वर्षा के शिफ्ट होने से भूमध्य रेखा के आसपास बड़ा असर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

अनियंत्रित कार्बन उत्सर्जन उष्णकटिबंधीय वर्षा को उत्तर की ओर तेजी से धकेल रहा है। आने वाले दशकों में यह उत्तर में ही शिफ्ट हो जाएगी। इसके चलते भूमध्य रेखा के आसपास के क्षेत्रों में कृषि और अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डालेगा। भारत के मौसम तंत्र पर भी इसका व्यापक असर पड़ेगा। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया से जुड़े जलवायु वैज्ञानिकों ने अपने ताजा अध्ययन पर यह जानकारी दी है। इसके नतीजे अंतरराष्ट्रीय जर्नल नेचर क्लाइमेट चेंज में प्रकाशित हुए हैं। शोधकर्ताओं ने कहा है कि उत्तर की ओर बारिश में यह बदलाव बढ़ते उत्सर्जन के कारण वातावरण में हो रहे जटिल परिवर्तनों की वजह से होगा। वायुमंडल में हो रहे यह जटिल बदलाव अंतर-उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्रों के गठन को प्रभावित कर रहे हैं। यह क्षेत्र मौसम के लिए इंजन के रूप में काम करता है, जो दुनिया में होने वाली करीब एक तिहाई बारिश की वजह बनता है। अंतर उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र (आईटीसीजेड), भूमध्य रेखा के आसपास का क्षेत्र है, जहां उत्तर और दक्षिणी गोलार्ध से आने वाली व्यापारिक हवाएं एक-दूसरे को काटती हैं। इन क्षेत्रों की सबसे बड़ी विशेषता बढ़ती हवा है, जिससे बादल बनते हैं और बारिश होती है।

कृषि उत्पादन पर डालेगी गहरा असर

शोधकर्ता वैज्ञानिकों के मुताबिक जलवायु परिवर्तन की वजह से उष्णकटिबंधीय वर्षा के उत्तर की ओर शिफ्ट होने से भूमध्य रेखा के आसपास के क्षेत्र जैसे मध्य अफ्रीका, दक्षिण अमेरिका और प्रशांत द्वीप समूह इससे सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। इन क्षेत्रों में कॉफी, कोको, पाम ऑयल, केला, गन्ना, चाय, अनानास जैसी फसलें उगाई जाती हैं। प्रमुख शोधकर्ता वेई लियू का का कहना है कि यह ऐसा क्षेत्र है, जहां बहुत ज्यादा बारिश होती है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)